e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 05

# प्रभात मंत्र

रविवार
05.01.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

आदतें इन्सान को कहीं का नहीं छोड़ती इसलिए, हमेशा आदतों को सोच समझकर बनाइए !

## क्विक न्यूज

### अभियुक्त को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर जानलेवा हमला, दो सब इंस्पेक्टर सहित एक सिपाही गंभीर जख्मी

**पटना :** बिहार में दरभंगा जिले के लहेरियासराय थाने की पुलिस पर स्थानीय लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। इसमें दो दारोगा सहित एक सिपाही गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। हमले के दौरान सब इंस्पेक्टर आरके दूबे और अमित कुमार से सरकारी पिस्टल भी छीनने का प्रयास किया गया। हमले में घायल सिपाही नीतीश कुमार की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है, समस्तीपुर कोर्ट से जारी वारंटी को गिरफ्तार करने गई पुलिस को स्थानीय लोगों ने पहले बंधक बनाया और फिर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने गिरफ्तार आरोपी जितेंद्र कुमार को पुलिस गिरफ्त से छुड़ाकर भगा देने में कामयाब हो गए। इस हमले में घायल दोनों सब इंस्पेक्टर का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है।

### बांदीपोरा में सेना का ट्रक खाई में गिरा, चार जवानों की मौत

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में चार सैनिकों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 08° |

## मंईयां सम्मान योजना: नामकुम में होगा भव्य कार्यक्रम, होगा महिलाओं का महाजुटान

# 56 लाख महिलाओं के खाते में कल ट्रांसफर होगा राशि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड सरकार राज्य की 56 लाख महिलाओं को छह जनवरी को उनके खातों में 2500 रुपये ट्रांसफर करने वाली है. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन की वजह से पिछला कार्यक्रम रद्द कर दिया गया था, लेकिन अब नए साल में रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित खोजाटोली मैदान पर इसके लिए एक भव्य कार्यक्रम की तैयारी की गई है. मंईयां सम्मान योजना के लिए लाखों की भीड़ रांची आने वाली है.ऐसे में कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं. शनिवार को रांची एसएसपी सहित वरीय अधिकारियों ने नामकुम पहुंचकर सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक मैनेजमेंट तक को लेकर निर्देश जारी किए.

**सुरक्षा को लेकर किया जा रहे हैं विशेष उपाय:** सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर पुलिस प्रशासन हर तरह की तैयारी को पूरा करने में जुट गया है.

## प्रत्येक महिलाओं के खाते में ट्रांसफर होगा 2500 रुपया

### चुनावी वादे को पूरा करेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

छह जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव के दौरान किए गए अपने वादे को पूरा करने जा रहे हैं. विधानसभा चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन ने यह वादा किया था कि अगर उनकी सरकार सत्ता में वापसी करती है तो वह मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये लाभकों के खाते में डालेंगे.




### महिलाओं की सुरक्षा के लिए रहेगा पुख्ता व्यवस्था

मंईयां सम्मान योजना के कार्यक्रम में सबसे ज्यादा महिलाएं आएंगी. ऐसे में राज्य के अलग अलग हिस्सों से आने वाली महिलाओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है. मसलन उनके आने जाने वाली सड़कों पर किसी तरह की परेशानी न हो. जब वे सभा स्थल पर पहुंचे तो उनके लिए वाशरूम के साथ साथ पानी की समुचित व्यस्था हो. इन सब के लिए हर तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं.

### हजारों की संख्या में होगी पुलिस बलों की तैनाती

सुरक्षा को लेकर पांच हजार बलों की तैनाती की जाएगी. इसके साथ साथ अलग अलग विंग बना कर उसमें मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की जाएगी. कार्यक्रम वाले दिन के लिए अलग से ट्रैफिक प्लान जारी किया जाएगा. कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से लाभुकों को आना है, ऐसे में उनके बैठने के लिए अलग-अलग ब्लॉक

मुख्य कार्यक्रम रांची के नामकुम में होना है. ऐसे में नामकुम स्थित कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा को लेकर रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पुलिस अफसरों और कर्मियों को ब्रीफ भी किया. रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि 6 जनवरी को मंईयां सम्मान योजना को लेकर एक बहुत ही बड़े कार्यक्रम का आयोजन रांची में हो रहा है.

## महाकुंभ: 11 हजार त्रिशूल से होगा द्वादश ज्योतिर्लिंग का भव्य श्रृंगार



**एजेंसी**

**प्रयागराज :** प्रयागराज के मेला क्षेत्र के सेक्टर-छह स्थित बजरंगदास मार्ग पर मौनी बाबा का भव्य शिविर तैयार हो रहा है। यहां 5.51 करोड़ रुद्राक्ष और 11,000 त्रिशूल से द्वादश ज्योतिर्लिंग का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही 108 हवन कुंड में 125 करोड़ आहुति और 11 करोड़ वैदिक मंत्र से संगम नगरी गुंजायमान होगी। गौरीगंज, अमेठी से आए बाल ब्रह्मचारी स्वामी अभय चैतन्य फलाहारी उर्फ मौनी बाबा महाराज बताते हैं, महाकुंभ भव्य और आस्था से परिपूर्ण हो, इस संकल्प के साथ 10,000 गांवों की पैदल यात्रा करके यहां आए हैं। भारत को हिंदू राष्ट बनाने की संकल्प को लेकर विशेष यज्ञ की भी तैयारी है।प्रयागराज के मेला क्षेत्र के सेक्टर-छह स्थित बजरंगदास मार्ग पर मौनी बाबा का भव्य शिविर तैयार हो रहा है। यहां 5.51 करोड़ रुद्राक्ष और 11,000 त्रिशूल से द्वादश ज्योतिर्लिंग का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही 108 हवन कुंड में 125 करोड़ आहुति और 11 करोड़ वैदिक मंत्र से संगम नगरी गुंजायमान होगी।

असर्फी हॉस्पिटल, धनबाद
सर्दियों में बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा
आज ही हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिले
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND
अबुआ बजट
पोर्टल तथा मोबाइल ऐप का
शुभारम्भ
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के द्वारा दिनांक 05.01.2025 (रविवार) को मध्याह्न 12:00 बजे होगा।

आईए, अपना बजट बनाएं:
झारखण्ड राज्य बजट 2025-26 के लिए आम जनता का बहुमूल्य सुझाव प्राप्त करने के लिए अबुआ बजट पोर्टल और मोबाईल ऐप प्रारम्भ किया गया है। तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। सुझाव देने की अंतिम तिथि 17-01-2025 है।

ऐसे भेजे सुझाव:
- अबुआ बजट पोर्टल (https://finance.jharkhand.gov.in/BudgetVichar) अथवा अबुआ बजट मोबाईल ऐप पर स्वयं को पंजीकृत करें।
- होम पृष्ठ पर दिए गए स्थान पर अपना मोबाइल नंबर अथवा ई-मेल भरें एवं ओटीपी जेनरेट करने के लिए क्लिक करें और अपना पंजीकरण करें।
- मोबाइल पर आये हुए ओटीपी एवं स्क्रीन पर दिखाये गए कैप्चा कोड को उसके स्थान पर भरें एवं रजिस्ट्रेशन पेज में प्रवेश करें।
- रजिस्ट्रेशन पेज में मांगे गए विवरण को भर कर सुरक्षित (Save) करें।
- संबन्धित विभाग/क्षेत्र का चयन कर अपना बहुमूल्य सुझाव पोस्ट करें।
- Footnote में अंकित Social Media पेज यथा फेसबुक, X, व्हाट्सएप, इन्स्टाग्राम अथवा ई-मेल के माध्यम से भी आप अपने सुझाव दे सकते हैं।



https://finance.jharkhand.gov.in/BudgetVichar https://www.facebook.com/abuabudget
@AbuaBudget +91 8742887660 https://www.instagram.com/abuabudget abuabudget@gmail.com
वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO-343608 (Finance) 24-25

# डीडीसी ने आवास योजना व मनरेगा के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने डीआरडीए सभागार में मनरेगा एवं आवास योजना के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान वित्त वर्ष 2021-22 एवं उसके पूर्व की लंबित 17263 योजना को तीव्र गति से एक सप्ताह के अंदर योजनाओं की समीक्षा कर मनरेगासॉफ्ट में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।समीक्षा के क्रम में प्रखंड हुसैनाबाद में 5348, पाटन में 2766 एवं पाटन में 1165 योजनाएं लंबित है।इन सभी संबंधित बीडीओ को कार्य पूर्ण करने को लेकर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही गयी। मानव दिवस सृजन की समीक्षा में पाया गया कि माह जनवरी 2025 तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रखंड मेदिनीनगर द्वारा 37.27 प्रतिशत, पाटन द्वारा 43.39 प्रतिशत, हुसैनाबाद द्वारा 46.01 प्रतिशत, बिश्रामपुर द्वारा 46.51 प्रतिशत तथा पांकी द्वारा 49.95 प्रतिशत किया गया है। इसपर उन्होंने अप्रसन्नता जाहिर करते हुए पंचायत वार समीक्षा कर सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले पंचायत को चिन्हित कर कारण बताओ नोटिस जारी करने, मानदेय में कटौती करने तथा कार्य मुक्त करने की अनुशंसा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे उन्होंने शत प्रतिशत आधार सीडिंग, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, तथा जियो टैग कराने का निर्देश दिया गया।वहीं आवास योजना की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन आवास एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना एवं पीएम जनमन आवास अंतर्गत स्वीकृति एवं प्रथम गैप को 01 सप्ताह के अंदर कैम्प कर समाप्त करने का निर्देश दिया गया साथ ही अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्लिंथ एवं लिंटल हो चुके आवासों में लंबित द्वितीय एवं तृतीय किस्त का अविलंब प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। सभी आवास के लाभुकों को मनरेगा अभिसरण के तहत अनिवार्य रूप से मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड समन्वयक उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया पब्लिक हेल्थ युनिट का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में करीब 50 लाख रुपए की लागत से पब्लिक हेल्थ युनिट का शिलान्यास विधायक अनंत प्रताप देव ने शिलापट्ट का अनावरण कर व पुजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा भवनाथपुर की जनता ने जो भरोसा के साथ जिताने का काम किया है उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। कहा चुनाव में जनता से जो वादा किया हूं, उसे पूरा करने का काम करूंगा। भवनाथपुर में पावर प्लांट लगा कर बेरोजगारी दूर करेंगे। कहा हेमंत सोरेन सरकार ने मईयां सम्मान योजना में 2500 रुपए बढ़ाकर विरोधियों के गाल पर करारा तमाचा जड़ने का काम किया है। इस मौके पर वीडिओ नंद जी राम, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह, जिप सदस्य शर्मा रंजनी, प्रमुख शोभा देवी, विनोद कुमार सिंह, लल्लू राम, ब्रजेश कुमार सिंह, गोपाल यादव, रामप्रताप यादव, प्रदिप राउत, शमशेर अंसारी, दिपक वर्मा, श्याम विहारी सिंह, परमवीर राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग द्वारा जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल वितरण



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला-विशुनपुर स्थित बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट के परिवार कल्याण केंद्र परिसर में ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग द्वारा शनिवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया. कंबल वितरण बतौर मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी व विशिष्ठ अतिथि महिला मंडल अध्यक्ष नमिता अवस्थी ने संयुक्त रूप से किया. हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम प्रबंधन अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करता है.कारखाना के आसपास के गांवों में सामाजिक उत्थान के लिए ग्रासिम प्रबंधन द्वारा कई महत्वाकांक्षी व कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं.इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष कंबल वितरण भी किया जाता है.इस कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को कंबल देना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है.उन्होंने कहा कि सीएसआर विभाग द्वारा शिक्षा व स्वास्थ्य के अलावा आजीविका से संबंधित गतिविधि, किसानों व महिलाओं को स्वालंबी बनाने के लिये कार्य किया जाता रहा है.हम इस जनवरी माह को ÷ज्वाय आफ गिविंग÷ महीने के रूप में मना रहे हैं.जिसके तहत आसपास के स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए रोचक लाइब्रेरी की स्थापना होगी, पांच सौ बच्चों को स्कूल किट दिया जायेगा. बारह सौ लोगों के बीच कंबल वितरण, आसपास के बालिका विद्यालयों में हाइजीन से संबंधित अभियान,स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिता, प्रतिभावान छात्राओं के लिए ग्रासिम स्कॉलरशिप योजना आदि की शुरुआत की जायेगी. इस मुहिम में सीएसआर के अलावा ग्रासिम के सभी अधिकारी व कर्मचारी भी निजी रूप से आर्थिक सहयोग करेंगे. आने वाले दिनों में गांव-गांव में बने विभिन्न केंद्रों पर जाकर सीएसआर की टीम जरूरतमंद लोगों के बीच चरणबद्ध तरीके से कंबल का वितरण करेगी. कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार व सीएसआर के अनिल गिरि ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में जनसेवा ट्रस्ट के डॉ पी.पी.पांडेय, मो. कैफ, मारुति नंदन, आफताब अंसारी, यामिनी शर्मा, अनुपम मिश्रा, वंदना झा सहित कई लोग मौजूद थे।

# मुखिया ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन, संचार सेवा शुरू कराने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय से 25 किमी दूर अति उग्रवाद प्रभावित महूदंड ग्राम पंचायत के लोग आज भी इस डिजिटलीकरण के दौर में ऑनलाइन कार्यों के लिए अनुमंडल का चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं। इस गांव में एक साल से बीएसएनएल का टॉवर तो है लेकिन अब तक इसे चालू नहीं किया गया है। इस संबंध में पंचायत की मुखिया मीना देवी ने हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णकांत कनवड़िया को ज्ञापन सौंपकर बीएसएनल का नेटवर्क चालू कराने और जियो का नेटवर्क लगवाने की मांग की है। एसडीओ को दिए गए ज्ञापन में मुखिया मीना देवी ने कहा है कि अनुमंडल मुख्यालय से 25 किमी दूर महूदंड ग्राम पंचायत की छह हजार आबादी आज भी दूर संचार सेवा से वंचित हैं। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है और तो और ऑनलाइन सरकारी कार्यों को कराने के लिए ग्रामीणों को हुसैनाबाद आना पड़ता है। साथ ही नेटवर्क नहीं रहने की वजह से ऑनलाइन बैंकिंग, प्रज्ञा केंद्र, ग्राहक सेवा केंद्र के साथ-साथ जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को भी ई-पास मशीन से राशन वितरण के लिए जंगल में पहाड़ का सहारा लेना पड़ता है।दुकानदारों को पहाड़ी क्षेत्रों पर नेटवर्क की तलाश कर उपभोक्ताओं से बायोमैट्रिक के माध्यम राशन वितरण करना पड़ता है।मुखिया ने एसडीओ से पंचायत क्षेत्र में दूर संचार सेवा बहाल कराने का आग्रह किया है।एसडीओ ने मुखिया को आश्वासन दिया है कि विभागीय अधिकारियों को पत्र भेजकर संचार सेवा शुरू कराने की पहल की जाएगी।

# बीडीओ ने पीडीएस दुकानदारों के साथ किया समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन प्रखंड सभागार में पीडीएस दुकानदारों कि मासिक समीक्षा बैठक पाटन बीडीओ अमित कुमार झा के अध्यक्षता में आयोजित किया गया बैठक में पाटन एमो संजय कुमार उपस्थित थे समीक्षा बैठक में भंडार पंजी वितरण पंजी अपडेट रखने का निर्देश दिया गया वहीं पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने डिलरों को समयावधि में लाभुकों को राशन उपलब्ध कराने का के कहा समीक्षा बैठक में पाटन एमो संजय कुमार ने वितरण प्रतिशत 85त्र से कम करने वाले डिलरों को पाटन बीडीओ के निर्देश पर शोकौज लेटर निकाला तथा क्या कारण से वितरण प्रतिशत कम रहा जबाब देने को कहा गया बीडीओ ने 100 प्रतिशत से ज्यादा वितरण करने वाले डिलरों आवंटन कि जानकारी प्राप्त किया तथा 100 प्रतिशत से ज्यादा वितरण करने वाले डिलरों को चेतावनी दिया तथा दुसरे डिलर के कार्ड धारियों को विना औन लाइन किये राशन नहीं देने का निर्देश दिया वहीं कम वितरण करने वाले डिलरों को भी वितरण प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया समीक्षा बैठक में पाटन डिलर संघ के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह धनंजय पाण्डेय राजेन्द्र सिंह सतीश ठाकुर गिरजा मेहता सुनील मिश्रा सर्वींदर उपाध्याय सहित सैकड़ों पीडीएस डीलर उपस्थित थे

## ठंड में बढ़ते कोहरे और धुंध को देखते हुए, ट्रैफिक प्रभारी ने वाहनों में चिपकाया रिफ्लेक्टिव टेप




**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने परिवहन विभाग के कर्मियों के साथ मिलकर शनिवार को शहर में चल रहे सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप चिपकने का अभियान चलाया। अभियान का मुख्य लक्ष्य सड़क पर वाहन चालकों की दृश्यता बढ़ाना और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है।उन्होंने कहा की सर्दियों के मौसम में कोहरे और धुंध के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप चिपकाने से दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी।केंद्रीय मोटर वाहन नियम के नियम 104 के तहत सभी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाना अनिवार्य है।ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा की जिन वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप नहीं पाया जाएगा उन वाहनों पर जुर्माना लगाया जाएगा और चालकों को इसे चिपकाने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाहन मालिकों और चालकों से आग्रह है कि वे अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप जरूर चिपकाएं और कोहरे में यात्रा करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। यातायात नियमों का पालन सभी की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा की सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सावधानी बरतना अति आवश्यक है। सर्दियों के शुरू होते ही उत्तर भारत और बिहार में कोहरे की मोटी चादर छाने लगी है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है और राजधानी सहित राज्य में ऐसे मामले बढ़ने लगे हैं।

## अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति उपरांत दी गई विदाई

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिविल कोर्ट पलामू के अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति उपरांत शनिवार को विदाई दी गई।बिदित हो कि मनोज कुमार 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुए थे। इस मौके पर अभियोजन कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। लोक अभियोजक राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि मनोज कुमार सिंह ईमानदार एवं कर्तव्य निष्ट अपर लोक अभियोजक के रूप में काम किया है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया है ।श्री कुमार ने अपने सेवाकालीन समय में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक के रूप में मजबूत पक्ष रखने का काम किया है ।तथा कई मामलों में उन्होंने मुजरिमों को सजा दिलाई है। उन्होंने बिना भेदभाव किए सभी के साथ सामंजस बनाते हुए अपर लोक अभियोजक के रूप में कार्य किया है। सेवानिवृत्ति के बाद शेष समय अपने परिवार व समाजहित में व्यतीत करेंगे। हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पलामू न्याय मंडल में कार्य करने का जो अवसर मिला है यह सेवा काल के दौरान सबसे बेहतरीन समय रहा है। यहाँ का बार व बेंच का रिश्ता बहुत मधुर रहा है।

# समाजसेवी गुलाम ख्वाजा सिद्दिकी हुए सुपुर्द-ए-खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद शहर के लंबी गली मोहल्ला निवासी समाजसेवी गुलाम ख्वाजा सिद्दिकी 90 वर्ष शनिवार की सुबह हृदयगति रुकने से निधन हो गया उनकी निधन की खबर मिलते ही उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर लोगों का तांता लगा रहा. वह अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ गए हैं. गुलाम ख्वाजा सिद्दिकी इस क्षेत्र के उर्दू और फारसी के अच्छे जानकर के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने हुसैनाबाद के सैकड़ों बच्चों व बच्चियों को शिक्षा दी है। उनका जनाज़ा शनिवार की शाम 4:30 बजे निकाली गई. जनाजे में सैकड़ों लोग शामिल हुए. उनके जनाजे का नमाज दाता नगर स्थित कब्रिस्तान के मैदान में अदा की गई। इसके बाद सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके निधन पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, मो इदरीस, शेर अली, जिप उपाध्यक्ष सह जेएमएम के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, सैयद मशरूर अहमद, हाजी अब्बास कादरी, सैयद हसनैन जैदी, डॉ. एजाज आलम, नेहाल असगर, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दिकी, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ़ छठन राम, निवर्तमान वार्ड पार्षद नज़ीर अहमद, पवन अग्रवाल, सैयद जक्की हुसैन, इस्लाम खान, अमीन खान, शहंशाह खान, ज़फर हुसैन, बबन खान, शमशाद अंसारी, प्रकाश अग्रवाल, डॉक्टर कासिम, अरशद हुसैन, दानिश खान, इरफान, खुसतर सिद्दिकी, डॉक्टर नादिर रिज़वी, आसिफ खान, समेत कई लोग ने शोक व्यक्त किया है।

# प्रखंड जल एवं स्वच्छता समिति की हुआ मासिक समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के सभागार मे शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री राम नारायण खलको की अध्यक्षता में प्रखंड जल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक की आहूत की गई। इस बैठक में जिला समन्वयक SBM ( G ) धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने स्वच्छता से सबंधित विस्तार रूप से चर्चा किया। भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की कई योजना के बारे मे जानकारी दी गई। इस बैठक मे अनुपस्थित पदाधिकारियों की प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री राम नारायण खलको ने स्पष्टीकरण पूछनें की बात कहा गया है। इस बैठक में कनीय अभियंता कुंदन कुमार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, वाश कॉडिनेटर जय प्रकाश सिंह, प्रखंड कॉडिनेटर शंभू देव सिंह, सहायक अभियंता ओम प्रकाश राम, पंचायत सचिव नंदकिशोर राम, रविंद्र पाण्डेय, मुखिया प्रतिनिधि अलोक यादव, धनंजय प्रसाद गुप्ता, वीस सूत्रीय सदस्य बिनोद सिंह, खैरादोहर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश्वर राम सहित 15 वें वित्त कनीय अभियंता पप्पू कुमार, मनीष कुमार आदि मौजूद थे।

# विधायक आलोक ने असहायों के बीच किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नरसिंहपुर पथरा पंचायत में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के द्वारा विधायक आलोक चौरसिया के मौजूदगी में शनिवार को एक समारोह आयोजित कर गरीब, असहाय, विधवा विकलांगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि कड़ाके की इस ठंड में गरीबों, असहायों को वस्त्र देना सबसे पुण्य कार्य है साथ ही कहा कि हर प्रखंड में हर वर्ग में हर समाज में एक सामाजिक उन्नति प्रगति करने वाला संगठन होना चाहिए जैसे में आज स्वर्णकार संघ के द्वारा इस कार्यक्रम का आवाहन किया गया ऐसा हर प्रखंड में होना चाहिए जिससे गरीब मजदूर निशक्त असहाय लोगों की मदद हो सके। मौके पर राजेंद्र सोनी, संतोष सोनी, राजू सोनी, प्रदीप सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, पियूष सोनी, जिला परिषद रामलव चौरसिया, रामकरेश चौरसिया सहित दर्जनों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# एके सिंह कालेज में सेमिनार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** एके सिंह कॉलेज, जपला में शिक्षा ज्योति सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती के अवसर पर प्राचार्य सूर्य मणि की अध्यक्षता में छात्र - सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मंच का संचालन खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। मुख्य रूप से निम्न विद्यार्थियों ने सेमिनार में अपने विचार प्रस्तुत किये- रिंकी कुमारी, दिव्या कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, खुशबू गुप्ता, सलोनी कुमारी, शशि कुमार एवं मयंक कुमार। एकेडमिक इंचार्ज डॉ0 रामसुभग सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं प्रधानाध्यापक थीं। इन्होंने लड़कियों के लिए 18 विद्यालय खोले। बाल हत्या प्रतिबंधक केंद्र खोले, जहां विधवाएं अनचाहे बच्चे को जन्म दे सकती थीं। बाल विवाह का विरोध किया और विधवा विवाह को प्रोत्साहित किया। सावित्रीबाई के अनुसार हमारे समाज का उद्धार ना पूजा - पाठ करने से है, न मंत्रोच्चारण करने से है, न गंगा स्नान करने से है, न गुरु भक्ति से है, न आरती उतारने से है, न तीर्थ यात्रा करने से है, न श्राद्ध आदि करने से है, न जातिगत गर्व करने से है, बल्कि समाज का सच्चा विकास और उद्धार केवल और केवल शिक्षा प्राप्ति करने से ही है। प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हमें सावित्रीबाई जैसे सामाजिक क्रांतिकारियो से प्रेरणा लेकर अपने स्तर पर समाज एवं देश हित में कार्य करना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस कार्यक्रम में डॉ0 आलोक रंजन कुमार एवं प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर आइ0 क्यू0 ए0 सी0 समन्वयक प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, डॉ0 शिवकुमार विश्वकर्मा प्रोफेसर शशिभूषण सिंह लेखापाल ओम प्रकाश सिंह, विवेक कुमार आदि अनेक शिक्षक उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर रेखा कुमारी सिंह ने किया।

## लोकेया में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 5 जनवरी से होगा

# फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन करेंगे बाबूलाल मरांडी : आलोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** स्वर्गीय अनिल चौरसिया की याद में लोकेया के पलामू जिला दिनकर स्पॉटिंग क्लब के तत्वावधान में पांच जनवरी से 11 जनवरी तक राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री सह झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी करेंगे। राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट मैच में पलामू भंडरिया के अलावा बिहार एलेवेन, छत्तीसगढ़, बक्सर, सोनभद्र, कोलकाता एवं मुगलसराय की टीम भाग लेंगी। चैनपुर प्रखंड के लोकेया गांव के खेल मैदान में बुधवार को कार्यकर्ता बैठक कर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया इस मैदान में निरंतर जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन करते थे। उनकी विरासत को बनाए रखने के लिए प्रत्येक वर्ष इस मैदान में दिनकर स्पोर्टिंग क्लब-लोकेया के तत्वावधान में स्वर्गीय अनिल चौरसिया के याद में राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाने लगा है। पांच जनवरी को बिहार एलेवेन एवं छत्तीसगढ़, छह जनवरी को भंडारिया एवं बक्सर, सात जनवरी को पलामू एवं सोनभद्र की टीम खेलेगी। इसके बाद आठ जनवरी को कोलकाता एवं मुगलसराय की टीम खेलेगी। चारों टीम में से विजेता दो टीम नौ एवं 10 जनवरी को सेमीफाइनल खेलेगी। 11 जनवरी को फाइनल मैच खेला जाएगा। झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पलामू जिले सांसद विष्णु दयाल राम, भवनाथपुर के विधायक सह पूर्व मंत्री स्वास्थ्य विभाग भानु प्रताप शाही, पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज भुईया, विश्रामपुर विधानसभा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता आदि भी भाग लेंगे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### थैलेसीमिया से रोगी के लिए किया रक्त दान

**रांची।** थैलेसीमिया से रोगी ललित महतो को रक्त दान कर जान बचाई विनय कुमार सोनी( मुन्ना )ने रक्तवीर समाजसेवी ने रिकवा ग्राम निवासी ललित महतो जो थैलेसीमिया रोग से ग्रसित होने के कारण प्रत्येक माह रक्त की आवश्यकता होती है अचानक रक्त की कमी होने के कारण मरीज की हालत नाजुक हो गई। सदर अस्पताल में भर्ती कराकर मरीज को ब्लड बैंक रामगढ़ में रक्तवीर समाजसेवी विनय कुमार सोनी (मुन्ना) से रिसोर्स शिक्षक पॉवेल कुमार ने संपर्क स्थापित कर रक्त दान किए। थैलेसीमिया सिकल सेल और हीमोफीलिया से ग्रसित लोगों को प्रतिदिन रक्त के लिए आशा भरी निगाह से रक्तवीरो देखते हैं। रक्त की कमी के कारण कई लोगों को अपनी जन की आहुति तक देनी पड़ जाती हैं। आज भी समाज में जागरुकता लानें की आवश्यकता है।

### रिम्स पीएचडी एंट्रेंस के लिए आवेदन 15 जनवरी तक

**रांची :** रिम्स ने पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम के सत्र 2024-25 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत रिम्स के कुल 41 विभागों के पीएचडी कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया होगी। आवेदन वेबसाइट रिम्स के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। सभी जरूरी डॉक्यूमेंट के साथ 15 जनवरी तक जमा करना होगा। पीएचडी एंट्रेंस 18 फरवरी को संभावित है। परीक्षा ऑफलाइन मोड पर होगी। परीक्षा अवधि 120 मिनट का होगा। इसमें एमसीक्यू पैटर्न पर सवाल होंगे। परीक्षा केंद्र रिम्स, रांची में ही होगा। इसमें आवेदन फॉर्म शुल्क जनरल और ओबीसी कैटेगरी के लिए 300 रुपये एवं झारखंड के एससी तथा एसटी केटेगरी के लिए 200 रुपये निर्धारित है। साथ ही एंट्रेंस एग्जाम फीस 2500 रुपये निर्धारित है। ज्यादा जानकारी संस्थान के वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

# डीसी ने राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम तैयारी की किया क्रमवार समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा - 04 जनवरी 2025 को, आर्मी ग्राउंड खोजा टोली नामकुम में 06 जनवरी 2025 को होने वालें राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सभी सम्बंधित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं सुगम यातायात संधारण हेतु ब्रीफिंग आयोजित की गई।

उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम के सम्पूर्ण कार्यक्रम की तैयारी की क्रमवार समीक्षा समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कार्यक्रम संचालन, कार्यक्रम से सम्बंधित सभी व्यवस्था जैसे- अतिथियों से सम्बंधित सभी व्यवस्था, लाभुकों के खाने, पेय जल, बैठने की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, बिजली सम्बन्धी व्यवस्था, पार्किंग, बस एवं वाहनों के लिए रुट मार्किंग, अग्निशमन, मेडिकल टीम, साइनेज, एम्बुलेंस, हर सेक्टर में पेय जल की व्यवस्था एवं अन्य सभी व्यवस्था ससमय कराने को कहा गया।

पुरे कार्यक्रम स्थल पर सेक्टरवार दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की जा रही है। जो सभी विधि व्यवस्था को संभालेगें। साथ ही इतने बड़े कार्यक्रम आयोजन को लेकर ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए QRT टीम तैनात रहेगी जो पूरी तरह ट्रैफिक को सुगम बना कर रखने की जिम्मेदारी निभाएंगे।कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर डी.आई.जी. सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव,ने कई दिशा-निर्देश दिया।

साथ ही उपायुक्त रांची ने सभी आवश्यक तैयारी का जायजा लेते हुए सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को सारी व्यवस्था सुनिश्चित और निर्धारित रूप से पूरा कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस ब्रीफिंग में डी.आई.जी. सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची, सुमित कुमार अग्रवाल, अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पांडेय एवं सम्बंधित जिला स्तरीय सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फुटपाथ दुकानदार को हटाने के पूर्व दुकान को पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करें प्रशासन : संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने फुटपाथ दुकान को हटाने के पूर्व दुकानदारों को पुनर्वास करने की बात प्रशासन से की है। सेठ ने कहा 2016 में नगर निगम के द्वारा सर्वे कराया गया था जिसमें रांची के विभिन्न जगहों पर 5901 वेंडर लाइसेंस निर्गत किए गए थे सर्वे के मुताबिक जहां पर वेंडर अपनी दुकान लगाकर व्यापार कर रहे हैं वहां से हटाने पर उन्हें दूसरी जगह स्थान मुहैया कराई जाएगी। परंतु प्रशासन द्वारा अभी अतिक्रमण के नाम पर दुकान उजड़े जा रहे हैं यही नहीं हद तो तब हो गई कि बिना नोटिस के दुकानदारो को बिना समय दिए सीधे दुकान उजाड़ दिए जा रहे हैं, ठेला को जेसीबी से तोड़ दिया जा रहा है, गाड़ी उलट दी जा रही है ,जो बिल्कुल ही गलत है। छोटे-छोटे वेंडर को प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लोन भी मुहैया कराया गया है हजारों वेंडर चलने वाले लोन लेकर व्यापार कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं दुकान हटा दिया जाने के बाद कहां से वह लोन चुका पाएंगे साथ ही उनके सामने जीवन यापन की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रशासन और नगर निगम अतिक्रमण के नाम पर वेंडर को क्षतिग्रस्त ना करें नगर निगम ऐसे 5901 वेंडर जो नगर निगम से निबंधित है उसके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## अख्तर अली को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का बनाया गया प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का विधायक प्रतिनिधि अख्तर अली कांके रोड भिठ्ठा निवासी को बनाया है। इनके मनोनय के उपरांत विधायक ने कहा कि सरकार की सारी योजनाएं सही तरीके से धरातल पर उतरे और क्षेत्र की कृषकों और पशुपालकों को कोई कठिनाई न हो इस पर हमारे प्रतिनिधि पदाधिकारी से समन्वय बना कर काम करेंगे। अख्तर अली ने विधायक के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा की विधायक ने जो उम्मीद जताई है मैं उस पर खरा उतरने का काम करूंगा। विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर कांके प्रमुख सोमनाथ उरांव, जैतून जॉन , हसनैन आलम, एनुअल हक अंसारी, जमील अख्तर, हुसैन खान , गोपाल तिवारी, विनोद सिंह, अनिल उरांव, विक्की करमाली आदि ने बधाई दी।

## जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में सीआईडी ने जारी किए मोबाइल और ईमेल नंबर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में झारखंड सीआईडी ने परीक्षार्थियों और आम लोगों से अपील करते हुए साक्ष्य या जानकारी मांगी है। इसके लिए सीआईडी ने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जारी किए हैं। सीआईडी ने कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा, 2023 में कथित गड़बड़ी और अनियमितता के संबंध में किसी परीक्षार्थी या अन्य किसी के पास कोई साक्ष्य (अभिलेख, ऑडियो-वीडियो) या कोई अन्य जानकारी है तो मोबाइल नंबर 9934309058 और ईमेल आईडी (sp-cid@jhpolice.gov.in) पर उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अलावा इस संबंध में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अनुसंधानकर्ता से मिलकर जानकारी उपलब्ध करवाई जा सकती है। पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।

**हाई कोर्ट ने मामला दर्ज कर जांच के दिए थे आदेश:** जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। साथ ही सीजीएल परीक्षा-2023 का परिणाम अगले आदेश तक घोषित नहीं करने का भी निर्देश दिया था। प्रतिवादी राज्य सरकार, मुख्य सचिव, गृह विभाग के प्रधान सचिव और सदर थाना प्रभारी को प्रार्थियों द्वारा की गयी शिकायत पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने, आरोपों की जांच करने और अगली सुनवाई की तारीख तक जांच का स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**एसआईटी का हुआ है गठन:** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक के आरोपों की जांच के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर एसआईटी गठित की गई है। एसआईटी का नेतृत्व सीआईडी की डीआईजी संध्या रानी मेहता करेंगी।

## आईपीएस अधिकारियों ने सीएम से मिलकर दिया नव वर्ष की शुभकामनाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में जेल आईजी सुदर्शन मण्डल, आईजी ऑपरेशन ए. वी होमकर, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, एसएसपी रांची चन्दन सिन्हा एवं जैप-10 कमांडेंट पियूष पांडेय ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी सभी को नव वर्ष की बधाई एवं उनके मंगलमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

# एसडीएम उत्कर्ष ने 2024 की रिपोर्ट किया पेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने 2024 की रिपोर्ट पेश की है। एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने बताया कि विगत एक साल में बहुत सराहनीय कार्य किए गए हैं। सबसे ज्यादा जो आमजन से जुड़ा हुआ मामला होता है। खासकर मृत्यु प्रमाण पत्र , जन्म प्रमाण पत्र , जाति प्रमाण पत्र, आवसीय , जाती प्रमाण पत्र, एसडीएम कोर्ट द्वारा सुनाया गया फैसले। ऐसे आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श करते हुए। इसका निष्पादन करने के लिए हर तरह से पहल की गई है। जहां तक कोशिश की गई कि जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र और नगर निगम अंतर्गत काम होते हैं , उसमें कोई कोताही ना बरती जाए और संबंधित पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए सब निष्पादित करें। इसके अलावा जमीन से संबंधित एवं अन्य मामलों से संबंधित भी जो कोर्ट में मामले आए और मजिस्ट्रेट के अंतर्गत कई ऐसे मामले आए जिनका निपटारा भी किया जा चुका है।

**ऐसे हुआ निष्पादन :** मुख्य रूप से जन्म प्रमाण पत्र रांची नगर निगम क्षेत्र में 114 4 3 प्राप्त किए गए थे , जिसमें जिसमें 10 503 निष्पादित कर दिया गया, तो वही 940 लंबित है। और इस पर काम चल रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में जन्म प्रमाण पत्र का जो आवेदन आया था 2868, जिस निष्पादित किया गया 1848 और लंबित है 1020 है। इसी तरह से मृत्यु प्रमाण पत्र की अगर हम बात कर ले रांची नगर निगम क्षेत्र में 403 आवेदन प्राप्त किए गए थे , जिसमें से 400 निष्पादन कर दिया गया है और तीन बचा हुआ है। और ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो 21 आवेदन आए थे ,18 के निष्पादन हो गया है तीन बचा हुआ है। इसके अलावा एसटी, एससी जाति प्रमाण पत्र के लिए जो आवेदन आए थे 366 , जिसमें से 190 को जांच करने के बाद निष्पादित कर दिया गया। वहीं 176 अभिलंबित है। ओबीसी से संबंधित जो जाति प्रमाण पत्र के लिए आए थे 30 आवेदन आए थे , 23 निष्पादित कर दिया गया है , 7 बचा हुआ है। इसी तरीका से आवासीय के लिए जो आवेदन आए थे 143 आवेदनों में 114 का निष्पादित किया गया है और 29 लंबित है।

**सडक हादसा :** इसके अलावा जो रांची जिला अंतर्गत सड़क दुर्घटना से संबंधित खास कर हिट एंड रन का मामला जो सामने आया है कि कोई भी वाहन किसी को धक्का मार के वह भाग जाता है और उसमें उसकी मृत्यु हो जाती है ऐसे में मृतक के परिजनों तरफ से 34 मामले आए थे, उनमें से 15 लोगों का निष्पादन किया गया है , 19 का भी जांच चल रहा है। इसमें हिट एंड रन मामले में राशि देने का प्रावधान है।

**पेट्रोल पंप :** इसी तरह का एक पेट्रोल पंप के लिए 37 आवेदन प्राप्त किए गए थे जिसमें 17 का निष्पादन कर दिया गया है और 20 आवेदन अब तक लंबित है जिस पर जांच की प्रक्रिया चल रही है। जहां तक सूचना के अधिकार के तहत विभिन्न क्षेत्रों से विभिन्न विभागों के लिए जो सूचना मांगी गई थी 158 आवेदन आए थे और 158 जो सूचना के अधिकार के तहत जो सूचना मांगी गई थी वह अब तक लंबित है।

## बाबूलाल मरांडी ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री को जन्मदिन की दी बधाई

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर लिखा है कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना करता हूं।

## शीतलहर को देखते हुए 6 और 7 जनवरी को स्कूल बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शीत लहर के बढ़ते प्रकोप के कारण अत्यधिक ठंड पड़ने से छात्रों को हो रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए, रांची जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रांची उपायुक्त ने निर्देश दिया हुई की 6 और 7 जनवरी 2025 को जिले के सभी सरकारी उच्च, मध्य, प्राथमिक विद्यालय और निजी विद्यालय बंद रहेंगे। हालांकि , शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को नियत समय पर विद्यालय में उपस्थित रहकर विद्यालयी कार्य संपादित करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से सभी सरकारी और निजी स्कूलों के प्राचार्य/ प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक को यह सूचना दी गई है कि वे इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में रांची और आसपास के क्षेत्रों में तापमान में भारी गिरावट देखी गई है। प्रशासन द्वारा उठाए गए इस कदम को अभिभावकों और छात्रों ने सराहा है।

# झारखंड के 5 जिलों में योजना की सुस्ती से नाराज हुई कृषि मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं में सुस्ती पर नाराजगी व्यक्त की है . नेपाल हाउस के सभागार में भूमि संरक्षण के निदेशालय के साथ ऑन लाइन मीटिंग के दौरान योजना मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने योजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की . समीक्षा के दौरान रांची , खूंटी , धनबाद , गुमला और देवघर जिले में संचालित योजनाओं की सुस्त रफ्तार की बात सामने आई . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भूमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारियों को अगले दो दिनों में क्षेत्र के विधायकों से मिलकर योजना की जानकारी देने का निर्देश दिया . उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की सुस्ती की वजह से विभाग अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रही है . विभाग के द्वारा लाभुकों के लिए संचालित तालाब निर्माण , डीप बोरिंग योजना , ट्रेक्टर खरीद , कृषि संयंत्र का अपेक्षित लाभ नहीं दिया जा सका है . जितनी संख्या में आवेदन का अनुमोदन होना चाहिए , उस लक्ष्य से ये पांच जिले काफी पीछे है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग को ब्रिज की भूमिका अदा करने की जरूरत है , ताकि लाभुकों तक सही जानकारी और समय के साथ योजना पहुंच सके . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि योजना का लाभ लेने से संबंधित फॉर्म जिला मुख्यालय के साथ द्व साथ प्रखंड कार्यालय में भी उपलब्ध रहना चाहिए . राज्य के विधायकों को भी योजना से संबंधित फॉर्म उपलब्ध कराए जाए , ताकि जरूरत मंद किसानों को लाभ मिल सके .किसानों के साथ बेहतर सामंजस्य बना कर ही विभाग की योजना को धरातल पर उतारा जा सकता है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य स्तर पर भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की मॉनिटरिंग जरूरी है . हर महीने निदेशालय स्तर पर योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा करने का निर्देश मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया है .भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक को 3 से 4 दिन में जिला स्तर पर रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया गया है . उन्होंने इस बात को लेकर नाराजगी जताई की जिला स्तर पर खाली पद को भरा गया है फिर बेहतर परफॉर्मेंस नहीं हो पा रहा है . अगर पदाधिकारी को रहने और नहीं रहने पर कोई असर नहीं पड़ रहा है , तो सोचने की जरूरत है . विभागीय अधिकारी कार्य संस्कृति में बदलाव लाए और काम को गति देने का काम करें . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं का आवेदन और अनुमोदन करते हुए 31 जनवरी तक योजना की कार्य प्रगति की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है .

# पंडरा ओपी लूटकांड में महिला सहित चार हिरासत में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र में 30 दिसंबर 2024 को दिनदहाड़े हुई 13 लाख रुपये की लूट के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपराधियों ने आशीर्वाद आटा कंपनी के कैशियर सुमित कुमार गुप्ता से पैसे लूटे थे और बचाने आए युवक को गोली मार दी थी। इसमें पुलिस ने रांची और रामगढ़ में छापेमारी कर एक महिला सहित 4 अपराधियों को हिरासत में लिया है। जानकारी हो कि यह वारदात ओटीसी मैदान के पास, आइसीआइसीआइ बैंक के नजदीक हुई थी।

3 अज्ञात अपराधियों ने कैशियर सुमित कुमार गुप्ता पर हमला कर 13 लाख रुपये लूट लिए। इस दौरान बचाने आए सुमित नाम के युवक को अपराधियों ने गोली मार दी और फरार हो गए। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम बनाई। पुलिस ने रांची और रामगढ़ में छापेमारी कर एक महिला सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के बाद पुलिस ने अपराधियों की तस्वीर जारी कर उनकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस अब भी घटना में शामिल 2 अन्य अपराधियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया जाएगा।बताया जा रहा है कि कंपनी से जुड़े एक व्यक्ति के इशारे पर घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

## माले ने निकाला जोहार झारखंड संकल्प यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनादेश के लिए झारखंडी जनता को आभार के लिए भाकपा माले ने चलकरी में जोहार झारखंड संकल्प यात्रा निकाला। यात्रा पुरनाडीह पार्टी कार्यालय से शहीद स्मारक तक निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्य कमेटी सदस्य भुवनेश्वर केवट ने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत नफरत और हिंसा की राजनिति के खिलाफ सदभाव और भाईचारे की जीत है जन मुद्दों के बजाय फर्जी और फालतू मुद्दों पर बरगलाने की राजनीति के लिए भाजपा को झारखंड की जनता से माफी मांगना चाहिए। यह जनादेश लूट और झूठ के खिलाफ है। वन नेशन वन इलेक्शन झारखंड समेत अन्य छोटे राज्यों के हितों पर प्रहार है। केंद्र सरकार एक लाख छत्तीस करोड़ राज्य का बकाया भुगतान करें वरना भाजपा को और भी बुरे दिन देखने होंगें। जिला कमिटी के सदस्य पंचानन मण्डल ने कहा कि झारखंडी जनता की उम्मीदों के अनुरूप राज्य सरकार मजबूती से पहले करें। युवाओं के पलायन, बेरोजगारी , विस्थापन ,जंगल जमीन खनिज की लूट पर रोक लगाएं। गैरमजरूआ जमीन की रशीद, न्यूनतम मजदूरी समेत नियोजन की नीति पर अमल हो। जोहार झारखंड संकल्प यात्रा में माले नेता माधव मंडल, युवा नेता राज केवट,इंद्रदेव सिंह, माधो मण्डल, द्वारिका गिरी, खूबलाल नायक, नरेश गिरी, भूषण केवट, मकसूद आलम, रूपलाल केवट, चुनीलाल रजवार, विमल मंडल, शंकर केवट,आदी नेताओं ने संबोधित किया।

## उपायुक्त ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, नववर्ष की दी शुभकामनाएं




**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने आज मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार हेमंत सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ एवं कटहल प्रोसेसिंग यूनिट में निर्मित विशिष्ट सामग्री भेंट की। मुख्यमंत्री ने सामग्री की प्रशंसा करते हुए खूंटी कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के उत्पादों को देश-विदेश में पहचान दिलाने के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने इन सामग्रियों की गुणवत्ता को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ हीं इससे जुड़े किसानों को शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान, उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को खूंटी जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जिले के समग्र विकास में सहयोग का भरोसा जताया।

## तमाड़ के बारनेया गांव में पुलिस ने मादक अफीम की फसल को किया नष्ट



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत बारनेया गाँव में शनिवार को 25 एकड़ में लगी अवैध अफीम की फसल को तमाड़ पुलिस ने नष्ट कर दिया। बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश के निर्देश पर तमाड़ थाना प्रभारी रौशन कुमार झा के नेतृत्व में ग्राम बारनेया में लगी 25 एकड़ अवैध अफीम की फसल में ट्रैक्टर से रौंद कर हल चलाते हुये विनिष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि जिस तरह से अवैध रूप से अफीम की खेती कर नई पीढ़ी को नशे की लत में धकेलने की सोच अफीम तस्करों कि है अब यह कामयाब नही होगी। प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर अवैध अफीम की खेती विनिष्ट किया जा रहा है। जो निरंतर जारी रहेगा। जो भी व्यक्ति अफीम की खेती में संलिप्त है उसको चिन्हित करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

## 86 वर्षीय पूर्व प्रधानाचार्य का निधन



**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड स्थित कांची ग्राम के निवासी पूर्व प्रधानाचार्य 86 वर्षीय लगनु राम साहू का निधन हो गया।वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चला गया. वह एक शिक्षाबिद भी थे. बुंडू प्रखंड के शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है. उनके निधन पर कांची और आसपास गांव के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने शोक प्रकट किया है. कांची नदी में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

## सड़क दुघर्टना में घायल युवक की इलाज के क्रम में मौत



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनाहातू थाना क्षेत्र के सितुमडीह निवासी सोनू लोहरा ( 23 ) की सिंगपुर नर्सिंग होम में इलाज के क्रम में बुधवार देर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सोनूलोहरा बुधवार को सिल्ली बजरंग मेला देखकर अपने मोटर साइकिल से वापस अपने घर लौटने के क्रम में सिल्ली बुंडू मार्ग लोवादाग पहाड़ माज के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन से टकरा जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए था। सिल्ली पुलिस के मदद से उसे सिल्ली अस्पताल लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए सिंहपुर नर्सिंग होम भेज दिया गया था। पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

**घर का एक कमाऊ सदस्य था सोनू :** सोनू के परिजनों ने बताया कि सोनू लोहरा का बचपन में ही पिता का साया उठ गया था। उनकी मां किसी तरह गांव में मजदूरी कर उन्हें पाला था।सोनू अब ट्रैक्टर ड्राइवरी करता था। जिससे उसका एवं उसकी मां एवं छोटे भाई का घर चलता था। घटना की सूचना पाकर उसकी मां घर से निकलकर बाइक से अस्पताल आने के क्रम में सड़क पर गिर गई एवं घायल हो गई। उनकी मां का रो-रो कर बुरा हाल है।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन




**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले सभी बच्चों को आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। आप सभी बच्चों ने कड़ी मेहनत और समर्पण से यह सफलता प्राप्त की है। भविष्य में भी इसी प्रकार अपना प्रदर्शन बनाए रखें और आगे बढ़ेंइस अवसर पर विद्यालय के कराटे इंस्ट्रक्टर और सुको-कई कराटे झारखंड ब्रांच के चीफ एग्जामिनर महादेव गोप ने कहा कि, यह सफलता बच्चों के अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है। कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह आत्मरक्षा, अनुशासन और मानसिक शक्ति का प्रतीक है। आशा है कि बच्चे आने वाले समय में और भी बड़ी प्रतियोगिताओं में देश और राज्य का नाम रोशन करेंगे। सम्मान समारोह में विद्यालय के शिक्षक, सुरेश कुमार महतो , आनंद प्रसाद महतो ,विपिन प्रसाद ,उमेश मंडल , भुनेश्वर कुम्हार, घासी राम महतो शिक्षिका पुतुल नीलू नाग , गायत्री सुदर्शी, फुलेश्वरी महतो, अंजलि टोप्पो, ललिता महतो , स्नेहा शालिनी , कुसुम कुमारी, अलका , प्रियंका कुमारी, आदि सहित विद्यालय के विद्यार्थी भी उपस्थित थे। समारोह ने सभी को प्रेरणा और ऊर्जा से भर दिया।

# कोयला मजदूरों के हक और अधिकार के लिए जारी रहेगा यूनियन का संघर्ष : अरविंद शर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 87 वां स्थापना दिवस अशोक परियोजना के भीटीसी प्रांगण में यूनियन के शाखा अध्यक्ष धनेश्वर गंझु की अध्यक्षता में मनाया गया। स्थापना दिवस की शुरुआत यूनियन का झंडा प्रिया कुमारी के द्वारा फहराकर एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर किया गया।सम्मेलन में सर्वप्रथम यूनियन के संस्थापक सदस्यों एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य वक्ता सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य अरविंद शर्मा ने यूनियन के इतिहास,संघर्ष गाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी से पहले कोयला कामगारों का शोषण चरम पर था।उन दिनों ज्यादातर भूमिगत कोयला खदानें थी। खदानों में मालिकों द्वारा मजदूरों से जानवरों से भी बदत्तर सलूक किया जाता था।बिना सुविधा,सुरक्षा साधन मुहैया कराए कोयला निकालने के लिए मजदूरों पर पहलवानों,गुंडों एवं पुलिस द्वारा दबाव बनाया जाता था,वैसी विषम परिस्थितियों में गिरिडीह कोलांचल में 1935 में जुल्म के खिलाफ कोयला मजदूर गुप्त रूप से एकजुट होकर लाल झंडा के नेतृत्व में अपने हक एवं अधिकार के लिए आंदोलन का संकल्प लेकर यूनियन गठन के लिए प्रयास करने लगे और उनका प्रयास अंततः 4 जनवरी 1939 को मृत रूप लेने लगा ,जब आगे बढ़कर बनियाडीह कोलियरी के वर्कशॉप में कामरेड तालो चौधरी,मोहम्मद अली जान मियां,लेखो राय,हरिलाल कामगार,झूलन बढ़ई, मोहम्मद जहूर के नेतृत्व में विधिवत यूनियन का गठन किया गया।उसके बाद जैन धर्मशाला में यूनियन का सफल सम्मेलन कर यूनियन का नाम कोल वर्कर यूनियन रखा गया। 1941 में प्रथम महासचिव कामरेड चापलेंदु भट्टाचार्य को बनाया गया। 1944 में यूनियन के महासचिव कामरेड चतुरानंद मिश्रा बनाए गए जो की 90 के दशक में भारत के कृषि मंत्री भी बने।आगे चलकर धनबाद के एसके राय के कोयला कर्मचारी मजदूर संघ एवं ललित बर्मन एडवोकेट के मजदूर संगठन का एकीकरण 1972 में कोल वर्कर्स यूनियन के साथ किया गया जिसका नाम यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन रखा गया।एकीकृत यूनियन के पहले महासचिव कम्युनिस्ट नेता एवं प्रखर वक्ता कामरेड कृष्ण चंद्र चौधरी बनाए गए। उनके बाद कोयला मजदूरों के लड़ाकू नेता कांग्रेस शफीक खान महासचिव बने जो की 2004 अक्टूबर तक अपने जीवन के अंतिम समय तक रहे।उनके असमय मृत्यु हो जाने के कारण 2005 में यूनियन के तेज तर्रार जुझारू नेता तीन बार के बड़कागांव के विधायक एवं एक बार बेगूसराय के सांसद रहे कामरेड रमेंद्र कुमार को महासचिव बनाया गया।उनके बाद कामरेड लखनलाल महतो को महासचिव बनाया गया।हमारी यूनियन ने कोयला में सबसे पुरानी यूनियन होने का गौरव बरकरार रखते हुए कोयला मजदूरों के हक अधिकार सुख सुविधा के लिए सतत प्रयास किया है। और सफलता हासिल किया है।कोयला मजदूरों को महाजनी प्रथा,सूदखोरी बंधुआगिरी,गुलामी प्रथा से मुक्ति दिलाने के साथ-साथ असंगठित मजदूरों को एचपीसी का वेतनमान दिलाने,विस्थापितों,ग्रामीणों का नियोजन इत्यादि में यूनियन ने अहम भूमिका निभाया है।धन्यवाद ज्ञापन रहमतुल्लाह ने किया।

# लाखों रूपये की लागत से इटकी बाजार में निर्मित सामूदायिक शौचालय की हालत खराब




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** लाखों रूपये की लागत से इटकी बाजार में निर्मित सामूदायिक शौचालय की उचित देखभाल नहीं होने के कारण इन दिनों इतनी खराब हो गया है कि लोग शौचालय के दरवाजे पर या आस-पास खाली स्थानों पर मूत्र त्याग करने को विवश हो रहे हैं। जिसकी वजह से सीड़न होने के साथ साथ बदबू फैलने से क्षेत्र में रहने वाले दुकानदारों तथा ग्रामीणों को वहां पर रहना मुश्किल हो गया है।

साथ ही उस रास्ते से पुजा व नमाज के लिए मंदिर-मस्जिद जाने वाले भक्तों को काफी परेशानी हो रही है। इस समस्या के सामाधान के लिए पंचायत स्तरीय जन-प्रतिनिधियों सहित प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया। इटकी थाना शान्ति समिति में भी इसको लेकर बातें रखी गयी। इसके बावजूद इस शौचालत की बत्तर स्थिति में अबतक कोई सुधार नहीं किया जा सका है और स्थिति बद से बदतर होती चली जा रही है। अगर प्रखंड प्रशासन द्वारा निकट भविष्य में इस ओर ध्यान नहीं जाता है तो गंदगी व बदबू से परेशान व आक्रोषित स्थानीय ग्रामीण व दुकानदार द्वारा शीघ्र उग्र आन्दोलन करने पर विवश होगें।

# झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की को हार्दिक धन्यवाद : अमीन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अमीन अंसारी ने झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और झारखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की को धन्यवाद दिया। अमीन अंसारी ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार के शिक्षा सचिव द्वारा मान्यता लेने के लिए 15 जनवरी तक ऑनलाइन भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इसी बीच 28/12/2024 को झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन और विभिन्न संगठनों के स्कूल संचालक एक बैठक कर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिले शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि आप लोगों की समस्या को हम हाल करेंगे उसके बाद झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की से मिल गया बंधु तिर्की ने हम लोगों को पूर्ण आश्वासन दिया की ऑनलाइन भरने का किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं बनाया जाएगा। और 3 जनवरी 2025 को इच्छुक शब्द जोड़कर फॉर्म भरने के लिए नोटिफिकेशन निकाला इसके लिए मैं पूरे संगठन की ओर से शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की को धन्यवाद देता हूं। इस नोटिफिकेशन के निकलने के बाद झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार महासचिव मुजाहिदुउल इस्लाम कोषाध्यक्ष आलोक विपिन टोप्पो सचिव मजीद आलम सुभाष कुमार उपसचिव मुकेश कुमार सिंह साथ ही प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं स्कूल संचालक गण खुशी जाहिर कर धन्यवाद दिए।

# सहयोग विलेज में विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** नालसा एवं झालसा के निर्देश के आलोक में सहयोग विलेज हुटार,खूंटी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के निर्देशन में आज विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही *90 दिवसीय आउटरिच कार्यक्रम* भी किया गया। उक्त जागरूकता शिविर में डालसा के पीएलबीयों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज दिनांक 4 जनवरी को दुनिया भर में ब्रेल दिवस मनाया जाता है यह दिन का आविष्कार करने वाले फ्रांसीसी शिक्षक लुई ब्रेल की जयंती के रूप में मनाया जाता है। विश्व ब्रेल दिवस मनाने की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 6 नवंबर 2018 को एक प्रस्ताव पारित किया था जिसमें हर साल 4 जनवरी को ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुई ब्रेल के जन्म दिवस को उनके सम्मान एवं विश्व ब्रेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। ब्रेल लिपि उन लोगों के लिए वरदान बन गई जो आंखों से देख नहीं सकते ब्रेल लिपि नेत्रहीनों के पढ़ने लिखने की एक स्पर्शनीय कोड है। यह भी बताया कि दिव्यांग एवं दृष्टिहीन बच्चे अब अपना भविष्य निर्माण कर सकते हैं। उनके पढ़ने लिखने के लिए एक विशेष प्रकार का विद्यालय की व्यवस्था की गई है एवं वहां ऐसे बच्चे निःशुल्क शिक्षा पा सकते हैं। दृष्टिहीनता का मतलब किसी शारीरिक अक्षमता से है न कि प्रतिभा या कौशल की कमी से है। ऐसे दृष्टिहीन व्यक्ति जीवन में बड़ी बड़ी सफलता पाई है। ऐसे लोगों के लिए हम सबों को उनकी मदद करनी चाहिए। साथ ही अभी पूरे जिले में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। डालसा के पीएलबी जगह-जगह पर लोगों को विधिक जागरूकता के बारे में जानकारी देकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। उपरोक्त जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर के द्वारा दिया गया।

## बेड़ो में दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा परिभ्रमण

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में तीन जनवरी से प्रखंड के कई गांव में निकाली गई दिव्य ज्योति कलश रथयात्रा परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में रथयात्रा बेड़ो के जरिया पुरनाडीह, बैरटोली, जामटोली, हरहंजी, पण्डरा, जमनी, जहानाबाज, ईटा चिल्दरी, करांजी, खत्री खटंगा, तुको, दिघिया, चनकॉपी, खुखरा, दरशिला, भैसादोंन, पहाड़ कंडरिया, मुरतो, बलरामपुर, महूगांव, टेरो, पाकलमेढ़ी, बारीडीह, बेड़ो पहुंची। जहां रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान यजमान दीपक सिंह की अगुवाई में महादानी मंदिर परिसर में आरती व दीप यज्ञ और भोग भंडारे का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि रथयात्रा शांति कुंज हरिद्वार निकाली गई है जो रांची जिले के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए बेड़ो पहुंची है। इसके पश्चात रथयात्रा आगे परिभ्रमण के निकल जायेगी। इस दौरान हरिद्वार से आये फौजदार पाण्डेय ने गायत्री मंत्र के 24 अक्षरों को अद्भुत शक्तिशाली मंत्र बताया। जो मानव जीवन, सद्गुरु व सत्संग तीनों दुर्लभ हैं। वहीं गायत्री मंत्र में तीनों दुर्लभ विषय समाहित है। गायत्री मंत्र महाशक्ति की ज्योति पुंज है। वहीं उन्होंने शाकाहारी रहने का आह्वान किया। इस दौरान एक बनेंगे नेक बनेंगे, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी गोला मार्ग मुरी जामडीटांड़ उरांग गाढ़ा पुल के समीप गुरुवार को एक युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। मुरी पुलिस के सहयोग से मुरी सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया। जहां घायल युवक का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक सिल्ली थाना क्षेत्र खैरबेड़ा निवासी छोटू मुंडा गोला स्थित ब्रह्मपुत्र कंपनी से ड्यूटी कर गुरुवार को दिन के 11बजे मोटरसाइकिल वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में जामडीटांड़ के समीप मोटर साइकिल का संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए।

## सम्मेलन कोष संग्रह अभियान चलाया गया




**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम रांची हेतु सिल्ली में सम्मेलन कोष संग्रह अभियान चलाया गया।इस अवसर पर जिला कमिटी सदस्य अमर महली , अरूण महतो, सिल्ली लोकल कमिटी सदस्य संतोष कुम्हार, जितेन्द्र महतो, चितरंजन महतो, दीपक सोनार आदि उपस्थित थे। सिल्ली बाजार के हर दुकानदारों एवं नागरिकों के बीच सम्मेलन कोष संग्रह अभियान चलाया गया।

## पिपरवार मे मनाया गया युनाईटेड कोल वर्कर्स युनियन का 87 वां स्थापना दिवस



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र मे शनिवार को युनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 87वां स्थापना दिवस मनाया गया।इस मौके पर पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसकी शुरुआत कामेश्वर राम ने झण्डोतोलन के साथ की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 04 जनवरी 1939 को युनियन का स्थापना हुआ था।जिस समय हमारा भारत देश अंग्रेजों के हाथों गुलाम था, उस समय भारत वासियों को 24 घंटा काम लिया जाता था।शिकागो शहर में मजदूरों ने अपने जान की आहुति देकर अपना हक अधिकार की लड़ाई लड़ा और अपना अधिकार प्राप्त किया। वक्ताओं ने कहा कि कोल इंडिया के मजदूरों के हक और अधिकार के लिए यूनियन के द्वारा लगातार संघर्ष किया गया है।यूनियन के बैनर तले कई आंदोलन हुए है,जिसमें मजदूरों को उनका हक और अधिकार मिला है।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने यूनियन के गौरवशाली इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सभी मजदूरों से एकजुट रहने की अपील की।इस मौके पर कामेश्वर राम, बाबूलाल राम,रामजीत राम, चमन महतो,कोलेश्वर ठाकुर, लकेश्वर लाल,विमल महतो, दिलीप चौधरी,चिंतामण महतो,मुंशी महतो,रविंद्र महतो,टिकेश्वर ठाकुर, जनार्दन गिरी,ललकु भुईया, तपेश्वर भुइया,बसंत कुमार, रविंद्र महतो,ललिंद्र कुमार, बालेश्वर महतो,कैलाश महतो,मनकू महतो,सुरेश गोप,जनार्दन गिरी,सुनील मुंडा,हिमांशु चटर,जमुना रजवार,गंगा राम,बासुदेव प्रजापति,गणेश राम,भोला साव,किशोरी साव,अश्विनी कुमार साहू,देव कुमार, चंद्रदीप साव,युनुस अंसारी, मुमताज आलम सहित सैकड़ों कामगार मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति की आहूत बैठक संपन्न

**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला समुचित प्राधिकारी, पीसी एंड पीएनडीटी, जामताड़ा कुमुद सहाय की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में विगत बैठक में दिए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की गई। वहीं बैठक के क्रम में उपायुक्त ने सदस्यों से कहा कि वे कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाएं। साथ ही कहा सरकार की हिदायतों के अनुसार प्रसव पूर्व लिंग जांच करवाना कानूनी अपराध है। इसमें अगर किसी अल्ट्रासाउंड केंद्र की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पीएनडीटी एक्ट के तहत कोई भी चिकित्सक लिंग जांच नहीं कर सकता। उन्होंने बैठक में संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों को निरीक्षण करने के निर्देश दिया गया।इसके अलावा बैठक में पूर्व से ही पंजीकृत संस्थान बायोपैथ लैब, नारायणपुर द्वारा समर्पित आवेदन में नए मशीन के क्रय हेतु मांगी गई अनुमति पर विमर्श किया गया। वहीं आवेदक बादशाह मंडल द्वारा ऊषा डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड क्लीनिक खोले जाने हेतु जरूरी दस्तावेज जमा किया गया, जिसके आलोक में स्थल जांच किया गया है, जो मानक के अनुरूप पाया गया है। उपायुक्त द्वारा उक्त आवेदन पर विमर्श किया गया।इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ आनंद मोहन सोरेन, डॉ डी सी मुंशी, डॉ आलोक विश्वकर्मा, डॉ शाना सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सड़?क सुरक्षा को लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा समाहरणालय से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, एसडीएम घाटशिला सुनील चंद्रा, डीटीओ धनंजय उपस्थित रहे। जागरूकता रथ के माध्यम से आमजनों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी जाएगी जिससे वाहन चालकों की लापरवाही से सड़क पर होने वाले हादसों को कम किया जा सके। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी लोगों को यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता है। इस अभियान के माध्यम से आमजनों को यातायात नियमों के पालन की महत्ता समझाई जाएगी और उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के दौरान विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर वितरण, सड़क सुरक्षा साइन बोर्ड लगाने और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी और सतर्कता बढ़ाना है। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूमेगा और स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान करेगा। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का उपयोग, चार पहिया या भारी वाहन चालकों के बीच सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाने और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने में हतोत्साहित करने पर बल दिया जाएगा ।

## मैट्रिक व इंटर के परीक्षा केंद्रों के चयन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में आगामी माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्रों के चयन को लेकर शनिवार को बैठक की गई। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 2025 में कुल 17249 विद्यार्थी माध्यमिक की परीक्षा में शामिल होंगे। जिसके लिए जिले में कुल 57 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 12189 विद्यार्थी शामिल होंगे जिसके लिए कुल 38 परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बच्चों के परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने की सहूलियत व उचित यातायात की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों का चयन करने तथा सभी परीक्षा केंद्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परीक्षा केंद्र चयन के क्रम में समिति सदस्यों के साथ बिंदुवार चर्चा करते हुए उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को ऐसे केंद्र जिनकी दूरी अधिक है उनमे सुधार करने तथा क्षेत्रीय पदाधिकारी के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त के साथ पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनणायत, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा तथा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आयुष्मान फंड से सरकारी अस्पतालों में लें विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा : उपायुक्त

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कहा कि सदर अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य उप केन्द्रों में आयुष्मान योजना के तहत इलाज किए जाने पर अस्पताल प्रबंधन को एक तय राशि मिलती है । इस राशि में 75 फीसदी राशि का उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों से निजी चिकित्सकों को सूचीबद्ध करें तथा उनकी जरूरतों के मुताबिक अर्जित आयुष्मान फंड से मशीनी उपकरणों की खरीदारी करें। उन्होंने कहा कि अधिकतम सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा मिल सके, इस दिशा में पहल करें । इससे मरीजों को रेफर भी नहीं करना पड़ेगा तथा आयुष्मान योजना से अतिरिक्त राशि भी स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राप्त होगा । सभी बीडीओ को इस संबंध में एमओआईसी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया जिससे प्रखंडों में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ हो सके । सभी हेल्थ सब सेंटर में एक सप्ताह के अंदर जन आरोग्य समिति के गठन का भी निर्देश दिया गया।

## धान अधिप्राप्ति के लिए किसानों को जागरूक करें, निबंधन बढ़ायें : उपायुक्त

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल, एडीसी भगीरथ प्रसाद, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, एसडीएम घाटशिला समेत अन्य सभी विभागीय पदाधिकारी, प्रखंडों के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर बल देते हुए पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समयावधि में योजनाएं पूर्ण हों इसे सुनिश्चित कराएं। विभागीय समन्वय के अभाव में कोई भी योजना प्रभावित न हो तथा जन आकांक्षाओं के अनुरूप लोग लाभान्वित हो सकें यह सुनिश्चित करें। धान अधिप्राप्ति योजना के तहत जिला में अब तक 23 हजार किसानों ने निबंधन कराया है, सभी प्रखंडों को किसानों के बीच इस संबंध में जागरूकता लाते हुए लैंपस में ही धान बिक्री करने के लिए प्रेरित करने की बात कही गई। पीएम कुसुम योजना के लिए सुयोग्य लाभुकों की सूची समर्पित करने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया गया। पशुपालन विभाग के लिए सभी पंचायत भवनों में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र हेतु एक रूम आवंटित किए जाने, पशुधन विकास योजना के तहत दिव्यांगों को 90 फीसदी अनुदान पर पशुधन उपलब्ध कराया जाता है, इसके तहत ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त करने, सामाजिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत परिवार हित लाभ जिसमें परिवार के कमाऊ व्यक्ति की मृत्यु पर उनके आश्रितों को सहायता राशि मिलती है, इसके लिए आवेदन जमा लेने का निर्देश सभी प्रखंडों को दिया गया।

## आतंकवाद राष्ट्र के लिए एक खतरा विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर के भूगोल विभाग ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से आतंकवाद ¬ राष्ट्र के लिए एक खतरा विषय पर एक वेबिनार व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. तनवीर जमाल काज़मी उपस्थित थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रियाज़, भूगोल विभाग के प्रमुख डॉ. आले अली, सहायक प्रोफेसर डॉ. फरज़ाना अंजुम और डॉ. पसारुल इस्लाम, एनएसएस के समन्वयक सैयद साजिद परवेज़, एनएसएस स्वयंसेवक और 100 से अधिक छात्र वेबिनार में शामिल हुए थे। सबसे पहले वेबिनार के संयोजक डॉ. आले अली ने आतंकवाद पर एक परिचयात्मक भाषण देते हुए कहा कि यह एक ऐसा कार्य है जिसका उद्देश्य अवैध तरीकों से आम लोगों में डर पैदा करना है। उन्होंने कहा कि इसके कई धार्मिक और वित्तीय कारण हो सकते हैं तथा खराब शासन आतंकवाद को जन्म देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि मनोवैज्ञानिक आघात, आर्थिक क्षति, व्यावसायिक घाटा आम जनता पर इसके मुख्य प्रभाव हैं। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि अंतरराष्ट्रीय निगम की मदद से, लाभकारी राष्ट्रीय कार्रवाई, मानवाधिकार, बेहतर शासन प्रणाली का उपयोग किसी क्षेत्र में आतंकवाद को नियंत्रित करने के लिए किया जा सकता है। उसके बाद भूगोल विभाग की शिक्षिका डॉ. फरज़ाना अंजुम ने प्रश्न-उत्तर सत्र का संचालन किया। मौके पर प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रियाज़ ने भी आतंकवाद पर अपने विचारों को रखा।

## मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों का सफल ऑपरेशन

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से पूर्णिमा नेत्रालय में बीते शिविर में मोतियाबिंद पीड़ित चयनित 10 रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया। बताया गया है कि बीते 21 दिसंबर को आनन्दमार्ग स्कूल कांड्रा में आयोजित नेत्र जांच शिविर में इन मोतियाबिंद पीड़ितों का चयन किया गया था। सफल आपरेशन के बाद उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। इसके सफल आयोजन में पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. शान्तनु, आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के गोपाल बर्मन, जितेन बर्मन, सूर्य प्रकाश, भर्तहरि, प्रवेश गोप आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## कांड्रा-सरायकेला मार्ग पर अज्ञात बोलेरो की चपेट में आकर युवक की मौत

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांड्रा-सरायकेला मार्ग पर भोलाडीह के समीप अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से शनिवार को एक युवक दया महतो (30) की मौत हो गई। मृतक ईचागढ़ का निवासी था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक अपने स्प्लेंडर बाइक से सरायकेला की ओर जा रहा था। हेलमेट नहीं पहनने के कारण सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक की बाइक पहले एक टेंपो से टकरा गई जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद पीछे से आ रहे एक अज्ञात बोलेरो ने उसे कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई।

## सदस्यता अभियान शिविर में सोनारी मंडल में मिस्ड कॉल कर भाजपा से जुड़े 567 लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में सोनारी राममंदिर अटल चौक में शनिवार को सदस्यता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर 567 लोगों ने अपने मोबाईल से मिस्ड कॉल कर भाजपा की सदस्यता ली। शिविर में पहुंचे भाजपा के झारखंड प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने अपने संबोधन में कहा कि यह अभियान भाजपा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का एक अवसर है। उन्होंने मंडल कमिटी को बस्ती एवं हर क्षेत्र के चौक चौराहे पर इस तरह कैम्प लगाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के निर्देश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री नंदी प्रसाद, जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटाशंकर पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, पूरण वर्मा, महावीर सिंह, उज्ज्वल सिंह, अभिषेक डे, प्रदीप सिंह व संजय रजक आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## ईचागढ़ पुलिस ने 7 एकड़ में की गई अफीम खेती को किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मतकामडीह गांव के जंगल झाड़ी में लगे करीब 7 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती को पुलिस द्वारा नष्ट कर दिया गया। अफीम खेती पर ट्रैक्टर चलाकर सभी पौधों को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में जिला जैप के जवानों ने अफीम खेती के खिलाफ यह कार्रवाई की। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर करीब 7 एकड़ जमीन पर लगे अफीम खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया गया। खेती करने वाले को चिन्हित कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने थाना क्षेत्र में अफीम खेती करने वाले किसानों को वैकल्पिक खेती को अपनाने का अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अफीम खेती का पता लगाया जा रहा है। जिस गांव में किसान अफीम खेती किया है, वह स्वयं नष्ट कर दें अन्यथा पुलिस द्वारा नष्ट कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के बीहड़ गांवों में धड़ल्ले से अफीम की खेती की जा रही है और प्रशासन की चेतावनी के बाद भी लोग उसे नष्ट नहीं कर रहे हैं, जिससे पुलिस को सख्ती बरतनी पड़ रही है।

## डॉ. सुधाकर ने मित्र की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद की 108 एंबुलेंस सेवा की शुरुआत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट के तत्वावधान में बेल्डीह क्लब में आयोजित सेमिनार में बेंगलुरु से आए प्रसिद्ध डॉक्टर सुधाकर वाराणसी (108 आपातकालीन सेवाओं के जनक) ने अपने प्रेरक अनुभव साझा किए। उन्होंने भारत में 108 इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा की शुरुआत और इसके विस्तार की कहानी सुनाई। इस दौरान डॉक्टर सुधाकर ने गांधीजी के गीत पर आधारित बांसुरी की धुन भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का मंच संचालन रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट के अध्यक्ष डॉ. अमित मुखर्जी ने किया। डॉ. सुधाकर ने बताया कि उनके मित्र की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद उन्होंने समाज में एंबुलेंस सेवा की आवश्यकता महसूस की। उन्होंने एक टीम बनाकर प्राइवेट कंपनियों के सहयोग से 108 एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की। आज यह सेवा पूरे भारत में 37,000 एंबुलेंस के साथ सक्रिय है और भूटान व श्रीलंका में भी कार्यरत है। उनके प्रयास से अब तक 1.5 लाख लोगों की जान बचाई जा चुकी है। डॉ. सुधाकर, जिन्होंने आईआईटी खड़गपुर से मास्टर डिग्री और जीव विज्ञान में पीएचडी की है, ने युवाओं को देश की सेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नौकरी केवल पैसे के लिए नहीं, बल्कि समाज के उत्थान के लिए भी होनी चाहिए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अमरेश सिन्हा ने दिया। कार्यक्रम में शहर के सभी प्रमुख रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे ।

## विधायक सह मुख्य सचेतक मथुरा महतो का बेलटांड़ चौक पर झामुमो ने किया स्वागत



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के विधायक सह झारखंड विधानसभा सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक मथुरा महतो ने शनिवार को बोड़ाम प्रखंड के लावजोड़ा स्थित प्रसिद्ध हाथीखेदा मंदिर में समर्थकों संग पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व उनका पटमदा के बेलटांड़ चौक पर झामुमो के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो के नेतृत्व में स्वागत किया गया। मौके पर झारखंड सरकार के टीएसी सदस्य विश्वनाथ सिंह सरदार, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, झामुमो के बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष दीपंकर महतो, माणिक महतो, स्वपन महतो, हिमांशु महतो, बिंदु वाला महतो, सुजीत महतो, मिलन दास व सोनू सिंह आदि मौजूद थे।

## मानगो में कचरा उठाव बंद होने पर कांग्रेसियों ने दिया धरना, 48 घंटे कचरा उठाव शुरू नहीं होने पर निगम कार्यालय में तालाबंदी की चेतावनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त गंदगी एवं जगह-जगह जमा कचरे की सफाई की मांग को लेकर शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मानगो स्थित निगम कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने निगम के अधिकारियों एवं वर्तमान विधायक सरयू राय पर जनता को परेशानी में डालने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता नितेश मित्तल ने कहा कि वर्तमान विधायक सरयू राय द्वारा एनजीटी में शिकायत करने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। जिसके कारण विगत 15 दिनों से मानगो में कचरा का उठाव बंद है। हर चौक चौराहे पर गंदगी का अंबार है। वहां से आने जाने वाले लोग परेशान हैं। क्योंकि कचरा से दुर्गंध आ रही है। जिसके कारण क्षेत्र में महामारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने मानगो नगर निगम पर आरोप लगाया कि ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव तक नहीं करवाया जा रहा है। जबकि आनन फानन में विधायक के कुछ लोग ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने लगे। मानगो की जनता समझ गई है कि वर्तमान विधायक सिर्फ और सिर्फ आंख में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता गुड्डू सिंह ने कहा कि अगर 48 घंटे के अंदर मानगो के कचरा का उठाव एवं इसका निष्पादन सुचारू रूप से नहीं किया गया तो मानगो वासियों के साथ कांग्रेस पार्टी मानगो नगर निगम में तालाबंदी करने को बाध्य होगी। जिसकी जवाबदेही मानगो नगर निगम एवं स्थानीय विधायक की होगी। धरना में मुख्य रूप से पप्पू सिंह उज्जैन, अजय मिश्रा, अखिलेश सिंह, संजय तिवारी, बबुआ झा, नितेश मित्तल, संजय शर्मा, मोहम्मद अख्तर, राकेश दास, शाहनवाज अहमद, बबन शुक्ला, ताकू भाई, सुरेंद्र गुप्ता, प्रभाकर, अश्विनी सिंह, सुबोध पाल, जयदेव शर्मा, शिशु गोप, कृपा मुर्मू, पवन बिहारी ओझा, निधि मिश्रा, गोपाल यादव, सन्नी अनुराग, दिनेश लोहार, सूरज प्रकाश, रविशंकर केपी, उमेश शर्मा व अनुज प्रसाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पहली रात घर नष्ट करने के बाद लगातार दूसरी रात पहुंचे हाथी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुड़ाबांदा :** गुड़ाबांदा प्रखंड में हाथी का गांव में पंहुचना जारी है। 3 जनवरी की रात को एक युवा दंतैल हाथी ठीक उसी जगह पहुंच गया जहां उसने 2 जनवरी की रात को घर तोड़ने के बाद फसलों को नुकसान पहुंचाया था। शुक्रवार शाम को हाथी गुड़ाबांदा के पांड्रापाथर, लाड़काबासा, बालीजुड़ी क्षेत्र में विचरण कर रहा था। ग्रामीण हाथी के मूवमेंट को लेकर सजग थे। पटाखे व मशाल जलाकर हाथी को गांव से दूर खदेड़ा गया। हाथी बालिजुड़ी स्वर्णरेखा नदी को पार करते हुए चाकुलिया प्रखंड स्थित वन क्षेत्र में चला गया। ग्रामीणों के मुताबिक 15 हाथियों का झुंड गुड़ाबांदा वन क्षेत्र में मौजूद है। जिसमें एक हाथी ग्रामीण क्षेत्र में लगातार पहुंच रहा था। हाथियों की मौजूदगी से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## वार्ड सदस्य सह झामुमो नेता साकिला हेंब्रम ने किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुड़ाबांदा :** गुड़ाबांदा प्रखंड अंतर्गत बालिजुड़ी पंचायत के वार्ड सदस्य सह झामुमो नेता साकिला हेंब्रम ने शनिवार को वार्ड क्षेत्र के बीस असहाय महिला और पुरुषों वृद्धजनों को कंबल वितरित किया। वार्ड सदस्य साकिला हेंब्रम ने बताया कि कड़ाके की ठंड पड़ रही है। असहाय लोगों को ठंड से राहत देने के लिए कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा जरुरतमंद लोगों का चयन किया गया। जिन लोगों को सबसे अधिक कंबल की आवश्यकता है। वैसे लाभुकों का चयन किया गया। कंबल पाकर लाभुक काफी खुश नजर आये।

## यूसील की नरवा पहाड़ में आयोजित शिविर में 213 यूनिट रक्त संग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** यूसील की ओर से नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट के क्लब भवन में शनिवार को कंपनी की ओर से 82 वां रक्तदान शिविर आयोजित की गई जहां 213 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसके पूर्व कंपनी के नोडल अधिकारी (सीएसआर) एमके सिंघई, डॉक्टर पीके अधिकारी, एसआर हेंब्रम ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर कंपनी कर्मी प्रशांत महतो ने रक्तदान से एकत्रित ब्लड कंपनी कर्मियों समेत पोषक क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी रक्त की कमी होने पर या जरूरतमंदों को यूसील रक्त मुहैया कराती है। शिविर को सफल बनाने में कंपनी के महाप्रबंधक एमके सिंघई, पीके अधिकारी एसआर हेंब्रम, डीएन सिंह, पीसी दास , हेमलता पी शिरोडकर, एनके सिन्हा, आरजी सिंह, जेएन मुर्मू, प्रशांत महतो, आनन्द महतो, एस सी महतो, बाला कृष्ण मिश्रा, गाजिया हांसदा, प्रभात कुमार दास, विवेक दास, इमरान अहमद के अलावा सीआईएसएफ की ओर से ब्रजेश कुमार ने अहम योगदान योगदान दिया।

## केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने आज उतरेगी पंजाब एफसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पंजाब एफसी रविवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में केरला ब्लास्टर्स एफसी की मेजबानी करेगी, तो उसका लक्ष्य कोच्चि की टीम के खिलाफ लगातार तीसरी जीत और लीग डबल दर्ज करना होगा। वहीं ब्लास्टर्स मेजबान टीम के मुश्किल दौर का फायदा उठाना चाहेंगे, जो अपने पिछले तीन आईएसएल मैच हारे हैं और पिछले दो मैचों में तीन या उससे अधिक गोल खाए हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी 14 मैचों में चार जीत, दो ड्रॉ और आठ हार से 14 अंक लेकर तालिका में 10वें स्थान पर हैं। पंजाब एफसी 12 मैचों में छह जीत और छह हार से 18 अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर है। पंजाब एफसी के ग्रीक हेड कोच पैनागियोटिस दिलमपेरिस ने कहा कि हम लगातार तीन मैच हारने के बाद हिम्मत नहीं छोड़ सकते। यह मुकाबला चुनौतीपूर्ण होने वाला है, लेकिन हमें संयम से खेलना होगा। केरला ब्लास्टर्स के अंतरिम मुख्य कोच टीजी पुरुषोत्तमन ने कहा कि हम सकारात्मक रहना चाहते हैं और एक टीम के तौर पर काम करना चाहते हैं।

## एक्सएलआरआइ जमशेदपुर ने मनाया दान और सेवा का उत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के द्वारा 'उत्सव-ए-दान' के 16 वें संस्करण का आयोजन किया गया। अक्टूबर से दिसंबर 2024 तक आयोजित इस उत्सव में एक्सएलआरआइ की टीम सिग्मा-ओईकोस ने अहम भूमिका निभाई। यह आयोजन सेवा, करुणा, और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए एक्सएलआरआइ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उत्सव की शुरुआत रक्तदान अभियान से हुई, जिसमें 80 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया गया। एक्सएलआरआइ समुदाय और साझेदार संस्थानों ने मिलकर कपड़े दान अभियान में हिस्सा लिया। इसमें 15 हजार से अधिक कपड़े एकत्र कर नौ गांवों के गरीब और वंचित समुदायों के बीच बांटे गए। साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए 'मासिक धर्म जागरूकता अभियान' चलाया गया। इसमें 200 से अधिक महिलाओं को पर्यावरणीय दृष्टि से सशक्त करने के लिए कपड़े के पैड किट्स वितरित किए गए। इस अभियान में रॉबिनहुड आर्मी और कोरू फाउंडेशन ने भी सहयोग किया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## इसरो की बड़ी सफलता

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर अंतरिक्ष विज्ञान में भारत के नाम की पताका को लहरा लिया है। पिछले 10-12 वर्षों में इसरो ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन्होंने वैश्विक मंच पर भारत का मान बढ़ाया और भारत के प्रति दुनियाभर के देशों का दृष्टिकोण बदल दिया है। इसरो ने ग्रेगोरियन कैलेंडर बदलने से ठीक पहले अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट को जोड़ने की तकनीक में महारत हासिल करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा दिया। इस तकनीक को स्पेस-डॉकिंग कहते हैं। डॉकिंग को सरल भाषा में समझा जाए, तो यह दो सैटेलाईट को अंतरिक्ष में जोड़ने की प्रक्रिया है। यह कुछ हद तक जमीन पर कोई पुल बनाने जैसा है। जिस तरह पुल के अलग-अलग हिस्से आपस में जोड़े जाते हैं, उसी तरह डॉकिंग में भी दो या उससे अधिक सैटेलाईट आपस में जोड़े जाते हैं। यह पूरी सरंचना किसी विशेष काम के लिए उपयोग होती है। डॉकिंग का उपयोग वर्तमान में दो सैटेलाईट के बीच किन्हीं वस्तुओं के आदान प्रदान समेत अन्य कार्यों के लिए होता है। अंतरिक्ष में स्थापित अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन भी इसी सिद्धांत पर काम करता है। इसका निर्माण भी डॉकिंग के जरिए हुआ था। इसमें सामान की आपूर्ति भी डॉकिंग के जरिए ही होती है। प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए हर्ष की बात है कि अंतरिक्ष विज्ञान में इतनी बड़ी सफलता प्राप्त करनेवाला भारत दुनिया का चौथा देश है। भारत से पहले अब तक विश्व के तीन देश ही यह डॉकिंग की तकनीक विकसित कर सके हैं। यह देश अमेरिका, रूस और चीन हैं। 7 जनवरी, 2025 को भारत भी इस समूह में शामिल हो जाएगा। इस तकनीकी का लाभ इसरो को आगे के अभियानों में मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतरिक्ष में अपना भी स्पेस स्टेशन बनाने की घोषणा पहले ही कर चुके हैं। इसरो के वैज्ञानिकों को प्रधानमंत्री मोदी खूब प्रोत्साहित करते हैं। विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम और बड़ा हो, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने कई अभिनव निर्णय लिए हैं। बहरहाल, भारत ने अंतरिक्ष में 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाने का निर्णय लिया है, इसके लिए 2028 से कार्य प्रारंभ किया जाएगा। डॉकिंग में मिली यह सफलता स्पेस स्टेशन के मार्ग को सुगम करेगी। इसरो की इस सफलता ने आकांक्षावान भारत की उम्मीदों को पंख लगा दिए हैं। डॉकिंग तकनीक की सहायता से अब एक-एक कर स्पेस स्टेशन के हिस्से अंतरिक्ष पहुँचाए जा सकेंगे और उन्हें अंतरिक्ष में ही जोड़ा जा सकेगा। जब स्पेस स्टेशन बन जाएगा तब इसमें भारतीय एस्ट्रोनॉट भी जा सकेंगे। इसके अलावा यह प्रक्रिया चंद्रमा पर भारतीय भेजने, वहाँ से सैंपल वापस लाने समेत बाकी अभियानों के लिए मील का पत्थर होगी। कहना होगा कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत आज दुनिया का प्रमुख हस्ताक्षर बन गया है। भारत के वैज्ञानिक जिस उत्साह और लगन के साथ कार्य कर रहे हैं, उसको देखकर कहा जा सकता है कि भारत का भविष्य स्वर्णिम है। इसरो की सफलताओं से बाकी के संस्थानों एवं विभागों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। यदि हम ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कार्य को करें, तो सफलता प्राप्त करना निश्चित है।


इसरो ने ग्रेगोरियन कैलेंडर बदलने से ठीक पहले अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट को जोड़ने की तकनीक में महारत हासिल करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा दिया। इस तकनीक को स्पेस-डॉकिंग कहते हैं। डॉकिंग को सरल भाषा में समझा जाए, तो यह दो सैटेलाईट को अंतरिक्ष में जोड़ने की प्रक्रिया है। यह कुछ हद तक जमीन पर कोई पुल बनाने जैसा है। जिस तरह पुल के अलग-अलग हिस्से आपस में जोड़े जाते हैं, उसी तरह डॉकिंग में भी दो या उससे अधिक सैटेलाईट आपस में जोड़े जाते हैं। यह पूरी सरंचना किसी विशेष काम के लिए उपयोग होती है। डॉकिंग का उपयोग वर्तमान में दो सैटेलाईट के बीच किन्हीं वस्तुओं के आदान प्रदान समेत अन्य कार्यों के लिए होता है। अंतरिक्ष में स्थापित अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन भी इसी सिद्धांत पर काम करता है। इसका निर्माण भी डॉकिंग के जरिए हुआ था। इसमें सामान की आपूर्ति भी डॉकिंग के जरिए ही होती है। प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए हर्ष की बात है कि अंतरिक्ष विज्ञान में इतनी बड़ी सफलता प्राप्त करनेवाला भारत दुनिया का चौथा देश है। भारत से पहले अब तक विश्व के तीन देश ही यह डॉकिंग की तकनीक विकसित कर सके हैं। यह देश अमेरिका, रूस और चीन हैं।


### नौजवानों के इस जुटान का फायदा लेने के लिये जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर भी पहुंचे और मुख्य सचिव से मिल आये

## लाठियां , सियासत और खामोशी

कुमार कृष्णन


बिहार में बीपीएससी परीक्षा में धांधली का लेकर छात्रों का आंदोलन उठ खड़ा हुआ है। छात्रों की मांग है कि सभी 912 केन्द्रों में बीपीएससी प्रारम्भिक परीक्षाएं दोबारा हों। इस मांग पर पखवाड़े भर से जारी आंदोलन को कुचलने के लिये बिहार सरकार अब बर्बरता पर उतर आई है। रविवार की रात को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के पास एकत्रित हजारों परीक्षार्थियों पर पुलिस ने भीषण लाठी चार्ज किया और कड़कड़ाती ठंड में पानी की बौछारें की। उनका जमावड़ा सुबह से होने लगा था जिन्हें पुलिस बार-बार चेतावनी दे रही थी कि उन्हें प्रदर्शन की इजाज़त नहीं है।


1974 के छात्र आंदोलन की उपज रहे मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के निजाम में छात्रों को साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार उनके लिए भारी पड़ सकता है। सिर्फ दिसम्बर में उन पर किए गए। ठंड से ठिठुरन होने के बावजूद उन पर पानी की बौछार करवाने की जरूरत नीतीश कुमार को क्यों पड़ी? अब तक मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का कोई वयान नहीं आया है। बिहार में बीपीएससी परीक्षा में धांधली का लेकर छात्रों का आंदोलन उठ खड़ा हुआ है। छात्रों की मांग है कि सभी 912 केन्द्रों में बीपीएससी प्रारम्भिक परीक्षाएं दोबारा हों। इस मांग पर पखवाड़े भर से जारी आंदोलन को कुचलने के लिये बिहार सरकार अब बर्बरता पर उतर आई है। रविवार की रात को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के पास एकत्रित हजारों परीक्षार्थियों पर पुलिस ने भीषण लाठी चार्ज किया और कड़कड़ाती ठंड में पानी की बौछारें की। उनका जमावड़ा सुबह से होने लगा था जिन्हें पुलिस बार-बार चेतावनी दे रही थी कि उन्हें प्रदर्शन की इजाज़त नहीं है। इसे अनसुना करते हुए बड़ी संख्या में एकत्र हुए परीक्षार्थी पुलिस के बल प्रयोग से घायल हुए हैं तथा अनेक लोगों के ख़िलाफ़ पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज हुई है। नौजवानों के इस जुटान का फायदा लेने के लिये जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर भी पहुंचे और मुख्य सचिव से मिल आये। लौटकर उन्होंने इस बात का श्रेय लेने की कोशिश की कि 'वे 5 प्रतिनिधियों के मिलने की अनुमति लाने में सफल हुए हैं। यदि इसके बाद भी परीक्षार्थी संतुष्ट न हुए तो उससे ऊपर बात की जायेगी।' हालांकि रविवार को जब लाठी चार्ज हो रहा था तो वे मौके से गायब ही हो गये थे। बहरहाल, यह मुद्दा अब लगातार गर्मा रहा है और लोगों में रोष है। अगले साल बिहार विधानसभा चुनाव होने हैं जिसके लिये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य भर में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। युवाओं के साथ यह जुल्म और उनकी अनसुनी नीतीश व उनकी गठबन्धन सरकार को महंगी पड़ सकती है। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70 वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने और पुनर्परीक्षा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल और लाठी चार्ज के मामले को लेकर सोमवार को पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मुलाकात की।राजभवन से



निकलने के बाद सांसद पप्पू यादव ने कहा कि राज्यपाल ने उनकी बातों को सुना। उन्होंने बताया, " राज्यपाल ने उनके सामने ही बीपीएससी चेयरमैन से बात की और जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को बुलाने की बात कही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बात करने का भी भरोसा दिया है। बच्चों पर हुए लाठीचार्ज की जांच की बात भी की है।"पप्पू यादव ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर का बिना नाम लेते हुए कहा कि 'फ्रॉड किशोर' ने बच्चों को गालियां दीं। वे बच्चों की ताकत नहीं जानते हैं। निर्दलीय सांसद ने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा है। इसमें परीक्षा को पूर्ण रूप से रद्द करने और पुनर्परीक्षा कराने तथा लाठीचार्ज के दौरान महिला परीक्षार्थियों के साथ दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच तथा प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की है। इससे पहले पप्पू यादव ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते प्रशांत किशोर पर अभ्यर्थियों को धमकाने का आरोप लगाते हुए लिखा, "प्रशांत किशोर ख़ुद नया नेता बने हैं, और छात्रों को धमका रहे हैं, अपनी औक़ात का धौंस दिखा रहे हैं। आज जब धेले भर की चुनावी औक़ात नहीं है तो अहंकार टपक रहा है, छात्रों के सामने बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। छात्र पुलिस से पिट रहे थे आप पीठ दिखाकर भाग गए, सवाल पूछने पर गाली?" दूसरी ओर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) को रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलनरत अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा से मिला हालांकि, इस बातचीत का फिलहाल कोई नतीजा नहीं निकला है। इस बीच छात्रों ने धरना जारी रखने का निर्णय लिया है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल अनु कुमारी ने कहा, "उन्होंने हमारी सारी बातों को सुना, ऐसा लगता है कि निर्णय होगा। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी में एक पैमाना होता है, निर्णय लेने का। जांच करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के पटना आने के बाद मुलाकात करवाने का भी आश्वासन दिया।" राम कश्यप ने कहा, "उनका कहना था कि एक केंद्र पर 18 हजार बच्चे हैं। ऐसा पहले भी हुआ है कि एक परीक्षा केंद्र की परीक्षा रद्द की गई है। इसके बाद मैंने 28 केंद्रों की सूची सौंपी जिसमें अनियमितता बरती गई। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सुभाष का कहना है कि जब तक निर्णय नहीं होता है तब तक धरना जारी रहेगा। मुख्य सचिव को कुछ सबूत भी दिए गए हैं। हम लोगों ने 4 जनवरी की बापू परिसर में पुनर्परीक्षा को स्थागित करने की बात भी कही है तथा छात्रों पर हुए मुकदमा को वापस करने की मांग रखी गई है। 70वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा को लेकर 18 दिसम्बर से प्रदर्शन जारी है। रविवार को परीक्षार्थियों ने प्रदर्शन का ऐलान कर रखा था। पुलिस ने पहले ही मैदान के सारे गेट बन्द कर दिये। परीक्षार्थी फिर भी मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़ने लगे। उन्हें पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। जब वे इसके बावजूद नहीं रुके तो उन के खिलाफ बल प्रयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के लिये सितम्बर में विज्ञापन जारी हुआ था। इसमें शामिल होने के लिये लगभग 5 लाख लोगों ने आवेदन किया था। 3.25 लाख ने 13 दिसम्बर को परीक्षा दी परन्तु इसके पर्चे लीक होने, कई कोचिंग संस्थानों द्वारा दिये गये प्रश्नपत्रों से सवाल मिलने तथा अन्य अनियमितताओं के कारण इस परीक्षा को रद्द करने की मांग होने लगी लेकिन बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि 'परीक्षा रद्द होने का सवाल ही नहीं है। बेहतर है कि परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा की तैयारियों में जुट जायें।' यह मुद्दा कहां तक जाता है और सरकार परीक्षार्थियों की मांगें पूरी करती है या नहीं, यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा परन्तु रविवार के प्रदर्शन में हुई पुलिस कार्रवाई का खामियाजा नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) एवं सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के गठबन्धन को भुगतना पड़ सकता है जिन्हें फिर से जनता का सामना करना है। प्रदर्शनकारियों का तो साफ़ कहना था कि 'उनकी परीक्षा के बाद 2025 में नीतीश कुमार सरकार की परीक्षा होगी।'

दृष्टि कोण

## खेल जगत ने लिखी सफलताओं की गाथा

2024 का वर्ष खेल जगत के लिए कई मायनों में अद्वितीय, ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रहा। यह वर्ष न केवल नई उपलब्धियों और नए रिकॉर्ड का गवाह बना बल्कि कई युवा खिलाडियों के उदय के अलावा खेल में नई तकनीकों के समावेश का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। खेल संस्कृति में बदलाव और तकनीकी उन्नति के कारण खेलों के अनुभव को नई ऊंचाइयां मिली। वर्ष 2024 भारतीय खेलों में क्रिकेट, ओलंपिक, पैरालंपिक, शतरंज ओलंपियाड और फिडे विश्व चैंपियनशिप में सफलता के लिए याद किया जाएगा। भारतीय एथलीटों ने इस वर्ष विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल और टेबल टेनिस जैसे खेलों में भी भारतीय खिलाडियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। क्रिकेट से लेकर टेनिस, हॉकी, शतरंज के अलावा भारत ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक में भी अपना लोहा मनवाया। भारत का इन खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन रहा, जिससे समस्त देशवासी गौरवान्वित हुए। भारत में आयोजित एशियाई खेल और विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप ने वैश्विक स्तर पर भारत को एक प्रभावशाली खेल मेजबान के रूप में स्थापित किया। एक क्रिकेट विश्व कप, 6 ओलंपिक पदक, 29 पैरालंपिक पदक और दो शतरंज विश्व चैंपियनशिप सहित 2024 ने भारतीय खेल प्रशंसकों को जश्न मनाने के कई ऐसे अवसर प्रदान किए, जिससे खेलों की दुनिया में भारत का भविष्य उज्ज्वल नजर आता है। 2024 में खेलों में तकनीकी उन्नति ने निर्णायक भूमिका निभाई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वर्चुअल रियलिटी ने खिलाडियों के प्रशिक्षण और प्रदर्शन विश्लेषण को नई दिशा प्रदान की। इसके अलावा दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) तकनीक का उपयोग किया गया। विश्वनाथन आनंद के बाद इस वर्ष शतरंज के नए चैंपियन उभरकर दुनिया के सामने आए और शतरंज ने खेल प्रेमियों को जश्न मनाने का भरपूर मौका दिया। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में 45वें चेस ओलंपियाड का आयोजन हुआ था, जिसमें पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमों और महिला वर्ग में 181 देशों की 183 टीमों ने हिस्सा लिया था। भारत की पुरुष और महिला दोनों ही टीमों ने सितंबर में इस ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते, वहीं डी गुकेश और कोनेरू हम्पी ने दिसंबर में विश्व खिताब के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ। 12 दिसंबर को सिंगापुर में आयोजित विश्व शतरंज चैंपियनशिप में गुकेश ने महज 18 वर्ष की आयु में पिछली बार के शतरंज चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनकर नया इतिहास रचा। वह विश्वनाथन आनंद के बाद वैश्विक खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बने, वहीं 37 वर्षीया हम्पी ने 28 दिसंबर को अपने कैरियर में दूसरी बार महिलाओं का रैपिड विश्व खिताब जीता। पिछले साल भारत वनडे विश्व कप 2023 का खिताब जीतने से चूक गया था लेकिन इस वर्ष आईसीसी ट्रॉफी जीतने का 11 वर्ष का सूखा समाप्त करने में भारत सफल हुआ। आखिरी बार महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में भारत ने 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। रोहित शर्मा की कप्तानी में 30 जून 2024 को भारतीय टीम ने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को मात देकर टी-20 विश्व कप का खिताब जीता। इसी प्रकार भारतीय हॉकी टीम ने पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। भारत की ओर से जुगराज सिंह ने गोल दागा था, जिसकी बदौलत भारतीय टीम ने चीन को 1.0 से मात देते हुए यह खिताब अपने नाम किया। टेनिस में रोहन बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में इटली के सिमोन बोलेली और वावसोरी को मात देकर मेंस डबल्स का खिताब जीता और ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बने। उन्होंने 43 वर्ष की उम्र में यह खिताब अपने नाम किया। जहां तक ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत के प्रदर्शन की बात है तो पूरी उम्मीद थी कि भारत इस वर्ष पेरिस में ओलंपिक में नया इतिहास लिखेगा लेकिन 206 देशों के बीच भारत 71वें स्थान पर रहा और भारत का अभियान 1 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 6 पदकों के साथ समाप्त हो गया, जबकि टोक्यो ओलंपिक में 1 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य सहित 7 पदक जीतने में सफल हुआ था। महिला पहलवान विनेश फोगाट का 100 ग्राम वजन अधिक होने का मामला भारत की पदक उम्मीदों पर सबसे ज्यादा भारी पड़ा था क्योंकि उनके स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें लगभग पक्की हो चुकी थी। पेरिस ओलंपिक में भारत भले ही टोक्यो ओलंपिक के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ सका, लेकिन पुरुष हॉकी टीम का लगातार दूसरी बार पदक जीतना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा। निशानेबाज मनु भाकर ने तो एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतकर सनसनी मचा दी। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनी। टोक्यो ओलंपिक के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक जीतने की सबसे ज्यादा उम्मीदें थी, लेकिन वह रजत पदक ही हासिल कर सके।

कुछ अलग

## गौरवमयी इतिहास और तिलचट्टे

देश भर के तिलचट्टो! कसम है तुम्हें उस सड़े हुए खाने की, हर तरफ फैली हुई गंदगी, बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था, अघोषित इमरजेंसी, अव्यवस्थित वातावरण या बिगड़े हुए साम्प्रदायिक माहौल की, सदियों से जिसके होने के बावजूद हम तुरत-फुरत अपनी आबादी बढ़ाने में माहिर रहे हैं। तुम्हें सौगन्ध है उन मृत और सड़े पदार्थों की, जिन्हें हम खाते हैं और शान से नाइट्रोजन को मिट्टी में वापस रिसाइकल करते हैं। लोग भले हमसे डरते रहें, हमें अपनी चप्पलों से मारें या हम पर काला या लाल हिट स्प्रे करें, पर यह एक निर्विवाद सत्य है कि तिलचट्टे, पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। शायद इसी कारण भगवान ने हमें तब भी जिंदा रखा, जब लाखों साल पहले एक क्षुद्र ग्रह पृथ्वी से टकराया था और डायनासोर जैसा भीमकाय जीव भी अपना अस्तित्व खो बैठा था। लेकिन हम तब भी जिंदा रहे और हिरोशिमा तथा नागासाकी जैसे परमाणु बम के विस्फोट भी हमारा बाल न बांका कर सके। यही वजह है कि अल्लामा इकबाल जैसे अज़ीम शायर ने भी हमारी शान में अपने तराना-ए-हिन्दी में कहा है कि, 'यूनान ओ मिस्र ओ रूमा सब मिट गए जहां से, अब तक मगर है बाक़ी नाम-ओ-निशां हमारा। कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन दौर-ए-ज़मां हमारा।' हज़ारों साल ग़ुलाम रहने के बाद भी कोई हमारी हस्ती को नहीं मिटा सका। हमारा इतिहास इतना गौरवशाली है कि हमें प्राचीन काल में सोने की चिडिया कहा जाता था। थे हम तब भी कंगले ही, लेकिन कहने में क्या जाता है। सदियों पहले हम घनानंद जैसे राजाओं के अति कर से परेशान थे, पर तब भी जिंदा रहे। आज भी जब कमला ताई का इनकम टैक्स और जीएसटी हमें निचोड़ रहा है, हम तब भी शान से जिंदा हैं। बिना किसी प्रतिरोध के। किसी भी युग में, किसी भी वातावरण से सामंजस्य बिठाने की हमारी इसी ख़ूबी और कला ने हमें आदि काल से अब तक बनाए रखा है। हम अपने इस गौरवमयी इतिहास को कैसे भूल सकते हैं। हम सनातनी हैं। हम पृथ्वी की रचना के समय से ही दुनिया में निरंतर बने हुए हैं। हज़ारों साल की ग़ुलामी भी हम में वह भाव या बोध नहीं जगा सकी, जिसे आत्मसम्मान कहा जाता है। राज चाहे हूणों का रहा या कुशानों का, तुकऱ्ों का रहा या मुसलमानों का, मुग़लों का रहा या अंग्रेज़ों का, क्या मजाल कि हम हस्ती मिटी हो। मिट भी कैसे सकती है, हर हुकूमत को हमने कभी अपनी दीठ और पीठ सौंपने में देर नहीं लगाई। हमारे बिखरे हुए बोध को गांधी जैसे कितने ही युग पुरुषों ने जगाने की भरसक कोशिश की, लेकिन आज़ादी मिलते ही हमने गांधी को गोलियों से भूनने के बाद बाक़ी महापुरुषों को भुलाने में देर नहीं लगाई। आज अंग्रेज़ों से माफी मांगने वाले और गांधी के हत्यारे हमारे आदर्श हैं। क्योंकि हमें पता है कि हमारे यही आदर्श हमें सदियों से जिंदा रखने में मदद करते आए हैं। मु_ी भर लोगों की सत्ता लोलुपता की वजह से देश समय-समय पर विदेशियों की दासता का शिकार रहा, लेकिन हमेशा अपने में खोये रहने वाले हम तिलचट्टे हाड़तोड़ मेहनत करते रहे, हुकूमतों को टैक्स चुकाते रहे और दयनीय जीवन जीते रहे। हमेशा अपने अतीत में खोये रहने वाले हम तिलचट्टे भले दावा करते रहें कि हम सत्य के खोजी हैं, पर हम तो तथ्यों के पीछे भी नहीं जाते। उपनिषद् और श्रुतियों से कोई नाता न रखने वाले हम तिलचट्टे स्मृतियों और पुराणों में जीते हैं। हमारे जीते जी कोई हमें कोड़े मारे या हमारे पकौड़े तले, हम तो केवल गरुड़ पुराण के कहे अनुसार मरने के बाद कोड़े खाने या हमारे पकौड़े तले जाने से डरते हैं।

देश दुनीया से

## प्रदेश के युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक

हिमाचल प्रदेश, जिसे शांत वातावरण और स्वच्छ हवा के लिए जाना जाता है, लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए आदर्श माना जाता है। यहां की भौगोलिक स्थिति, पर्वतीय वातावरण और संस्कृति ने इसे हमेशा जीवनशैली में सादगी और स्थिरता का प्रतीक बनाया है। यहां के निवासी प्राकृतिक संसाधनों और शारीरिक मेहनत पर आधारित जीवन जीते आए हैं, जो उनके स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए सहायक रहे हैं। प्रदेश की यह विशेषता न केवल इसे अन्य राज्यों से अलग करती है, बल्कि इसे एक आदर्श जीवनशैली के लिए भी पहचाना जाता है। हालांकि, हाल के वर्षों में इस आदर्श छवि को एक गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में हृदय रोग, विशेषकर युवाओं में हृदय गति रुकने (हार्ट अटैक) के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। जहां एक समय यह समस्या मुख्य रूप से वृद्धावस्था में देखी जाती थी, वहीं अब 30-40 वर्ष की आयु के लोगों में भी यह आम हो गई है। यह स्थिति न केवल प्रदेश के नागरिकों के लिए चिंता का विषय बन गई है, बल्कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों को भी हैरान कर रही है। युवाओं में इन घटनाओं का बढऩा प्रदेश की स्थिर और शांत जीवनशैली के लिए एक गंभीर चेतावनी है और इसे समय रहते गंभीरता से समझना और समाधान खोजना अनिवार्य हो गया है। हाल के वर्षों में हिमाचल प्रदेश में हृदय गति रुकने (हार्ट अटैक) की घटनाओं ने गंभीर चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। इन घटनाओं में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिन्होंने प्रदेशवासियों को झकझोर कर रख दिया है। हमीरपुर में विश्व हिंदू परिषद के 46 वर्षीय कार्यकर्ता वीरेंद्र परमार प्रदर्शन के दौरान अचानक गिर पड़े और हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई। यह घटना न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक गहरी क्षति थी। इसी तरह, पालमपुर में एक 19 वर्षीय युवक की हृदय गति रुकने से अचानक मृत्यु हो गई। यह घटना विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि यह युवाओं में तेजी से बढ़ रही हृदय संबंधी समस्याओं को उजागर करती है। क्रिकेट मैदान पर भी एक दर्दनाक घटना घटी, जब एक युवा खिलाड़ी मैच के दौरान हार्ट अटैक का शिकार हो गया। यह घटना खेल गतिविधियों के दौरान शारीरिक स्वास्थ्य पर पडऩे वाले प्रभाव को भी दर्शाती है। सुंदरनगर के रड़ा गांव में सोनू नामक व्यक्ति, जो अपनी गाड़ी में था, अचानक साइलेंट हार्ट अटैक के कारण इस दुनिया को छोड़ गया। इस प्रकार की घटनाएं यह बताती हैं कि हृदय रोग केवल शारीरिक स्वास्थ्य की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार को सामाजिक और आर्थिक रूप से प्रभावित करती है। यह घटनाएं इस बढ़ते खतरे की गंभीरता को दर्शाती हैं और इस बात की ओर इशारा करती हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में हार्ट अटैक जैसी गंभीर समस्याओं के बढ़ते मामलों के पीछे कई कारण हो सकते हैं। हमारा बदलता खानपान, बढ़ता प्रदूषण, और भागदौड़ भरी जीवनशैली इन घटनाओं को बढ़ावा दे रही है। खास तौर पर युवा वर्ग में जंक फूड और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन स्वास्थ्य पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इन खाद्य पदार्थों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले प्रिजर्वेटिव्स और रसायन हृदय पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं। बाजार में खुले में बिकने वाले उत्पाद, जिनकी गुणवत्ता पर कोई निगरानी नहीं होती, भी लोगों के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। इन उत्पादों और इनके प्रभावों की निष्पक्ष और गहन जांच समय की मांग बन चुकी है। इस समस्या का सबसे अधिक असर उन परिवारों पर पड़ता है, जो पहले से ही सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे होते हैं। जब परिवार का एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति हार्ट अटैक से अचानक मृत्यु को प्राप्त हो जाता है, तो पूरा परिवार आर्थिक रूप से बिखर जाता है। पत्नी विधवा हो जाती है और बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। यदि कोई युवा, जो परिवार की उम्मीद और भविष्य का सहारा होता है, इस समस्या का शिकार हो जाता है, तो यह घटना न केवल उस परिवार, बल्कि पूरे समाज को चिंतन करने के लिए मजबूर कर देती है। ऐसी घटनाओं के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि बाजार में बिकने वाले सभी खाद्य उत्पाद और अन्य सामान गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों। जिन उत्पादों में प्रिजर्वेटिव्स और हानिकारक रसायनों का उपयोग किया जाता है, उन पर सख्त प्रतिबंध लगाए जाएं। इसके अलावा, लोगों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है ताकि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें और सुरक्षित विकल्पों को चुनें। समाज और सरकार दोनों को मिलकर इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस नीतियां बनानी होंगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। हाल के वर्षों में, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर यह बहस तेज हो गई है कि कोविड-19 वैक्सीन के बाद हार्ट अटैक की घटनाओं में वृद्धि हुई है। कई लोगों का मानना है कि वैक्सीन के दुष्प्रभाव के कारण हृदय संबंधी समस्याओं में इजाफा हो रहा है। हालांकि, इस विषय पर कोई ठोस वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है जो सीधे तौर पर कोविड वैक्सीन और हार्ट अटैक के मामलों में वृद्धि के बीच संबंध स्थापित करता हो। फिर भी, इस मुद्दे ने लोगों के बीच गहरी चिंता पैदा कर दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह संयोग हो सकता है, लेकिन इसकी निष्पक्ष जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि लोगों की शंकाओं का समाधान हो सके। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, किसी भी वैक्सीन के बाद शरीर में हल्के-फुल्के दुष्प्रभाव जैसे बुखार, थकान या मांसपेशियों में दर्द सामान्य हैं। हालांकि, गंभीर हृदय संबंधी समस्याओं की संभावना बेहद कम होती है। फिर भी यदि समाज में इस तरह की चिंताएं हैं, तो इसे नजरअंदाज करना उचित नहीं है। वैज्ञानिक और चिकित्सा विशेषज्ञों को इस मामले पर गहन अध्ययन और शोध करना चाहिए। इसके साथ ही, आम जनता को सही और सटीक जानकारी प्रदान की जानी चाहिए, ताकि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर विराम लगाया जा सके। सरकार-स्वास्थ्य संगठनों को इस विषय पर पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए और लोगों को शिक्षित करना चाहिए।

आप का नजरीया

## ग्रीन ऊर्जा का ताप

पर्यावरणीय परिदृश्य से ग्रीन राज्य की बागडोर में हिमाचल ने खुद से प्रण किया है, तो संकल्प में ऊर्जा का ताप दिखने लगा है। दरअसल हिमाचल अपना निरीक्षण करता हुआ पूछता रहता है, मैं क्या बनूं? कमोबेश हर सरकार और सरकार के मुखिया ने हिमाचल को कुछ खास बनाने की तरजीह में काम किया है, लेकिन हम अभी तक पूरे नहीं हुए। वाई एस परमार के समय में हिमाचल को हिमाचल से जोडऩे का संकल्प अंततः पंजाब के पहाड़ी इलाकों तक पहुंच गया और धारा 118 के कारण अस्तित्व की मौजूदगी में हिमाचलीयत को सुदृढ़ किया गया, लेकिन हम हिमाचली भाषा के सेतु तक आज तक नहीं पहुंचे। शांता कुमार ने हिमाचल की नदियों में बहते पानी से संबोधन पैदा किए, तो घर-घर तक पीने के पानी का इंतजाम होने लगा और आज जिंदगी इतनी बेहतर हो गई कि जल शक्ति विभाग नित नई परियोजनाओं का पहरुआ बन गया। वीरभद्र सिंह ने विकास के सारे द्वार खोल कर राज्य की तरक्की के मानदंडों को इतना प्रतिस्पर्धी बनाया कि आज हिमाचल के कद से ज्यादा स्कूल-कालेज और चिकित्सा संस्थान बढ़ गए। प्रेम कुमार धूमल ने हिमाचल की दुरुहता को सडक़ों के मार्फत चीरकर समतल कर दिया तो यह रथ आज फोरलेन पर चलने लगा है। जयराम ठाकुर ने निजी निवेश के रास्तों को निचोड़ा तो आर्थिक सरहद के भीतर गैर सरकारी इंतजाम बढ़ गए। इस दौरान हर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय योजनाओं का बेहतर इस्तेमाल किया और आर्थिकी के लिए पहली बार शांता कुमार ने पर्यटन की आंखों से मनोरम वादियों को देखा, तो होटलों की कतार में सरकारी निवेश से वीरभद्र सिंह, प्रेम कुमार धूमल और जयराम ठाकुर तक ने एचपीटीडीसी को मुकम्मल किया। हिमाचल के आर्थिक संसाधनों की सीमा में शांता कुमार ने सरकार के व्यय में संयम की लक्ष्मण रेखा खींची, लेकिन बाद में प्रेम कुमार धूमल ने जल विद्युत क्षमता के दोहन को वरीयता दी। हालांकि अपनी क्षमता के दोहन में पहले ही शांता ने मुफ्त बिजली का तोहफा केंद्र से प्राप्त कर लिया था, लेकिन सीमेंट परियोजनाओं से आर्थिकी का इंकलाब मुकम्मल नहीं हुआ। सीमेंट बनने लगा और उसे ढोने के लिए हिमाचल के ट्रक भी बढ़े, लेकिन खजाने पर यह धंधा मेहरबान नहीं हुआ।औद्योगिक निवेश के राष्ट्रीय पैकेज से लाभान्वित हिमाचल ने फार्मा उद्योग का एक बड़ा हिस्सा बीबीएन में बसा दिया, लेकिन इसके मार्फत न पैदा हुआ रोजगार हिमाचली हुआ और न ही जीएसटी की पैदावार से प्रदेश के खजाने को न्याय मिला। जयराम ठाकुर सरकार बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क हासिल करने में सफल रही, लेकिन आर्थिक व व्यावहारिक दृष्टि से इनकी सफलता को देखना अभी बाकी है। इस दौरान हिमाचल का श्रृंगार कई तरह से होता रहा और अब इसी परिप्रेक्ष्य में सुखविंदर सुक्खू की प्राथमिकताएं राज्य को ग्रीन, पर्यटन, जल संसाधनों से संपन्न तथा अपनी बेचारगी से हट कर देखने को मशगूल हैं। वह पर्यटन की परवरिश में कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार की सलामी ले रहे हैं, तो वाटर सेस की आजमाइश में हिमाचल की बेडिय़ां तोडऩा चाहते हैं।

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार का शनिवार को हुआ चतरा आगमन

# राजस्व से संबंधित, राजस्व संग्रहण, खनन टास्क फोर्स समेत अन्य की हुई बिंदुवार समीक्षा

## वित्तीय वर्ष 2024- 25 में प्राप्त राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार का शनिवार को चतरा आगमन हुआ उनके चतरा परिसदन आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात समाहरणालय सभा कक्ष में प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से ई कोर्ट, म्यूटेशन के लंबित मामले एवं भारतमाला परियोजना में अधिग्रहीत भूमि के रैयतों का मुआवजा से संबंधित बिंदुवार समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। दाखिल खारिज के मामले में आयुक्त ने निर्देशित करते हुए सभी अंचल अधिकारी को कहा कि न्यूनतम 30 दिन एवं 90 दिनों के अंदर लंबित दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन करें।वहीं भू अर्जन की समीक्षा के दौरान जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह ने जानकारी दिया भारतमाला परियोजना जिले के चार अंचल से गुजर रहा है यथा हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड्डा, सिमरिया। जिसमें भारत माला परियोजना के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि का भुगतान 157 करोड़ में से लगभग 100 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। शेष के भुगतान के लिए तीव्रगति से कार्रवाई की जा रही है। विवादित भूमि को लेकर भी सभी संबंधित को पूर्व के बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में विवादित भूमि का प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया है। जिससे सुनवाई की प्रक्रिया जल्द हो सके। इसके अलावे परियोजना कठौतिया - शिवपुर न्यू बीजी रेल लाइन में लंबित मुआवजा भुगतान, चतरा बाईपास समेत अन्य की भी समीक्षा कर कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। राजस्व संग्रहण को लेकर वन विभाग, खनन विभाग, मत्स्य, नगर परिषद, उत्पाद, जिला परिवहन विभाग समेत कई अन्य विभागों से प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण की जानकारी क्रमवार ली गई। साथ ही उन्होंने शतप्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निर्देश दिया। वहीं अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिले में अब तक की गई कार्रवाई का भी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो से लिया। उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन नहीं करने वाले वाहन और वाहन चालक की विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करें। आगे कहा परियोजना क्षेत्र से चलने वाले कोल लोड वाहनों पर तिरपाल ढका रहें इसके लिए निरंतर औचक जांच अभियान चलाए अगर किन्ही लोड वाहनों पर तिरपाल ढका हुआ नहीं देखा जाता है। तो उसके ऊपर नियमसंगत कार्रवाई करें।

# गुहा आहर का जीर्णोद्धार कार्य शुरू, 10 फिट किया जाना है गहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत सलगा गांव में स्थित गुहा आहर का जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। जो भूमि संरक्षण से कार्य किया जा रहा है। जिसमें एस्टीमेट के अनुसार10 फीट गहरीकरण करनी है। जिससे गांव के ग्रामीणों में खुशी देखा जा रहा है। लगभग 15 लाख की लागत से गुहा आहार का जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इस आहर का जीर्णोद्धार से ग्रामीणों को बहुत ज्यादा फायदा होने वाला है। जहां किसान रवि फसल के लिए पानी के लिए तरसते थे। अब आहार का जीर्णोद्धार होने से किसान रवि फसल बेहतरीन कर सकेंगे।

## राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय के तहत निशुल्क बायो वृध्य कैंप का आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत मायाडीह गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के पास शनिवार को राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय के तहत निशुल्क बायो वृद्ध कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी, शुगर, गठिया, चर्म रोग, मलेरिया, खांसी इत्यादि रोग का निशुल्क इलाज किया गया। और ग्रामीणों को इसके बचाव के बारे में बताया गया। इस शिविर में डॉक्टर निरंजन शर्मा योग प्रशिक्षक गौरी शंकर प्रसाद एएनएम संगीता कुमारी सहिया सीमा कुमारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरवाडीह और कटिया मिनी आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया सहायिका चयन



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को प्रखंड के बरवाडीह एवं कटिया मिनी आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका का चयन आम सभा आयोजित कर की गई। यह चयन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीना साहू के मौजूदगी में की गई। चयन को लेकर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीना साहू ने बताया कि सिमरिया बरवाडीह में सोनी कुमारी एवं कटिया मिनी में नेहा कुमारी पति संदिप कुमार सिंह का चयन किया गया है। मौके पर पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, एनएम, प्रधानाध्यापक, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सहित काफी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

# पत्थलगड़ा प्रखंड में तीन नवनियुक्त चौकीदारों ने दिया योगदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड के नोनगांव, लेम्बोईया और बरवाडीह बीट के लिए तीन नवनियुक्त चौकीदारों ने अंचलाधिकारी उदल राम के समक्ष दिया योगदान। चतरा उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी के आदेश अनुसार 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित नियुक्ति (चौकीदारों) समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार चतरा जिला अंतर्गत चौकीदारों के रिक्त पदों को सीधी नियुक्ति हेतु निर्गत विज्ञापन संख्या 01/2024 के आलोक में कार्यालय के आदेश अनुसार ज्ञापांक -485/स्था0 14 अक्टूबर 2024 द्वारा नवनियुक्त चौकीदारों को निम्नानुसार बीट स्थापित किया गया। जिसके अंतर्गत 4 जनवरी 2024 को अंचलाधिकारी उदल राम के समक्ष पत्थलगड़ा प्रखंड के नोनगांव बीट के लिए श्रीधर प्रसाद, लेम्बोईया बीट के लिए बीरबल कुमार और बरवाडीह बीट के लिए अमित कुमार रॉकी ने योगदान दिया है। इस मौके पर प्रखंड पदाधिकारीयों व जनप्रतिनिधियों एवं सामाजसेवीयों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# पीएम आवास और अबूआ आवास का बीडीओ ने किया निरीक्षण

## आवासों का निरीक्षण कर बीडीओ ने दिया जल्द बनाने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के इचाक पंचायत में पूर्व से संचालित अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को प्रोत्साहित करने और आवास पूरा कराने को लेकर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्तमान वित्तीय वर्ष में इचाक पंचायत में कुल 120 अबूआ आवास का लक्ष्य दिया गया है इसके विरुद्ध मात्र 88 लाभुको को हीं प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है। शेष योग्य लाभुको का अभिलेख जमा करने का निर्देश दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में कुल 62 आवास का लक्ष्य इचाक पंचायत को मिला है। जहां पंचायत में लंबित आवास योजना का निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने लाभुकों को जल्द आवास निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया गया है। लाभुक द्वारा आवास का राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले को एक सप्ताह के अंदर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने को सख्त निर्देश दिया गया है। इसके पश्चात भी आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुको के विरुद्ध राशि वसूली हेतु कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा इचाक पंचायत के ग्राम ईद, शीला, बोंगादाग, दुधमटिया आदि गांवों का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मी शशिकांत उपाध्याय पंचायत सचिव, अजय कुमार कनिय अभियंता, मुकेश कुमार बीसी आदि लोग शामिल थे।

## मंत्री के प्रयास से परिजनों को मिला मृतक का शव



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सह राजद विधायक संजय प्रसाद यादव के प्रयास से मृतक के परिजनों को शव मिल पाया। ज्ञात हो की बीते बुधवार को बालूमाथ पांकी मुख्य मार्ग इचाक ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिसमें से दो लोगों को बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर किया गया था जहां मेडिका अस्पताल में इलाज के दौरान दिलेश्वर यादव पिता धना यादव ग्राम नगडा की मौत हो गई। जहां मृतक के शव को अस्पताल में उसके परिजनों को बिना बिल चुकाए नहीं दे रहे थे जिसके बाद रामलाल यादव (मेडिकल दुकानदार) ने दूरभाष पर मंत्री संजय यादव को पूरी स्थिति से अवगत कराया था जिसके बाद मंत्री ने मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुवे 49,697 रूपया का बिल माफ करा कर शव को परिजनों को सुपुर्द कराया। इस कार्य के लिए यादव समाज समेत कई लोगों ने मंत्री का आभार जताया है।

# गाड़ी चलाते वक्त हेलमेट व सिट बेल्ट का उपयोग है जरुरी : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है,जिसका उद्देश्य जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने एक संदेश जारी कर जिलेवासियों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं से बचने के लिए सभी को अपनी जिम्मेवारी निभानी होगी यह हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है।उपायुक्त ने विशेष रूप से 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों से गाड़ी चलाने से बचने की सलाह दी है।इसके अलावा, उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों के उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया जाएगा। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे एक जिम्मेवार नागरिक की तरह सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

# पंचायतों में कंबल की आपूर्ति, गरीबों को मिलेगी राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड के पंचायतों को कंबल की आपूर्ति कर दी गई है हालांकि कंबल की मात्रा कम होने से क्षेत्र के कई बुजुर्गो को कंबल नहीं मिल पाता है। जहां ठंड के बढ़ते प्रकोप के बीच जरूरतमंदो के लिए कंबल वितरण शनिवार से ही शुरू हो चुका है आज से अन्य पंचायतों में कंबल का वितरण किया जाएगा जिससे वृद्ध असहाय मजबूर लोगों को ठंड से राहत मिलेगी।बता दें कि बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने बरवाडीह प्रखंड के सभी पंचायतों में कंबल की आपूर्ति शुरू किया है। वहीं शनिवार को पंचायत बेतला के मुखिया मंजू देवी व स्वयं सेवक सह समाजसेवी उमेश रजक के द्वारा असहाय वृद्ध लोगों में कंबल वितरण किया।

# विशुन राम बने झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फंडरेशन के अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फंडरेशन के अध्यक्ष पद का चुनाव शनिवार को नगरनिगम कार्यालय में संपन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष पद के दो उम्मीदवार विशुन राम और संतोष कुमार चुनाव मैदान में खड़े थे। इस चुनाव में विसुन राम ने संतोष कुमार को 109 वोट से हराया।इस बार पूर्ण बहुमत से सफाई कर्मियों ने विसुन राम का समर्थन किया और चुनाव में उन्हें जीत दिलाई।मौके पर उपस्थित झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फंडरेशन के अध्यक्ष विसुन राम ने कहा की इस बार सफाई कर्मियों ने हमें भारी बहुमत से विजई बनाने का काम किया है।मैं सफाई कर्मियों के हर सुख-दुख और उनके मांगों को पूरा करने का काम करूंगा। सफाई कर्मियों का जो भी मूलभूत सुविधा नगर निगम की ओर से उपलब्ध कराया जाता है मैं उसे दिलाने का काम करूंगा। इसके बाद जीत की खुशी में नगर निगम कार्यालय से विशुन राम ने विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस में सैकड़ो की संख्या में सफाई मौजूद थे। मौके पर समाजसेवी विजय चंद्रवंशी, रामनाथ चंद्रवंशी, विक्की चंद्रवंशी, सैलू चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी, गुड्डन चंद्रवंशी, कल्लू राम, मनोज राम, अंकित कुमार गौतम, आकाश कुमार, अविनाश कुमार, विकाश कुमार, राकेश कुमार, सुशील कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौके पर उपस्थित थे।

## आग तापने के दौरान महिला झुलस कर घायल



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत नावाटोला (ग्राम डाढा) निवासी ललारी देवी (62) पति ठुपा राम (66) आग तापने के क्रम में शनिवार सुबह आग में झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में ललारी देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालुमाथ लाया गया ।जहां चिकित्सक डॉक्टर संजय सिदार्थ द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया। परिजनो ने बताया कि ललारी देवी घर के बाहर सुबह में आग जलाकर आग ताप रही थी, इसी बीच उसका साड़ी आंग की लपेटे में आ गया और देखते ही देखते वह गंभीर रूप से उससे झुलस गई।

## टोरी फ्लाई ओवरब्रिज समेत चौदह सुत्री मांगों को लेकर माकपा का कफन सत्याग्रह



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माकपा ने अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत टोरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप कफन सत्याग्रह किया।इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर राज्य की आधी आबादी रोजाना जाम की समस्या से जूझ रहा है, नेशनल हाईवे भी इसी रेल क्रॉसिंग से जुड़ा है, इस रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन अधिक होने के कारण क्रॉसिंग आधे घंटे से अधिक समय तक बंद रहती है। आवागमन के लिए रेलवे फाटक बहुत ही बड़ा बाधक बना हुआ है, क्रॉसिंग जाम से दो व चार पहिया वाहनों की लंबी लाइन दोनों तरफ लग जाती है, नागरिकों का क्रॉसिंग के जाम की वजह से घंटों समय बर्बाद हो रहा है, फाटक खुलने के इंतजार में खड़े रहते हैं कि इसी बीच एक ट्रेन गुजरती भी नहीं है कि दुसरी ट्रेन आ जाती है, फिर तीसरी ट्रेन और चौथा ट्रेन पास करने के बाद फाटक खुलती है, इस बीच स्कूली कॉलेज के बच्चे, अस्पताल, ब्लॉक, सरकारी दफ्तर जाने वाले लोग, पटना, चतरा, हजारीबाग,छत्तीसगढ़ , रांची, गुमला, लोहरदगा आदि दुरदराज से चार पहिया वाहन, एम्बुलेंस में आने जाने वाले लोग जाम में फंसे रहते हैं, जाम में फंसकर अबतक कई मरीजों की मौत हो चुकी है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, रेलमंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के पदनाम ज्ञापन सीओ जय शंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद और स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार को चौदह सूत्री मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो नए साल में पार्टी जुझारू आंदोलन करेगी। कफन सत्याग्रह में वरिष्ठ नेता अयुब खान, जिला सचिव रसीद मिंया, पुर्व जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, दिलीप पांडे सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मुंशी हत्याकांड में शामिल पांच अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने शनिवार को पुलिस साभागार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर बालगोविंद साहू हत्याकांड का उद्भेदन की है। एसपी ने बताया कि 26 दिसंबर 2024 की रात्रि में औरंगा नदी पर बन रहे पुल के नाईट गार्ड बालगोविन्द साहु, पिता-स्व0मुंशी साव ग्राम-उलगड़ा,थाना व जिला-लातेहार को लेवी के लिए अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दिया गया था।मामले को गुमराह करने को लेकर अपराधियों द्वारा घटनास्थल पर उग्रवादी संगठन संधर्ष जनमुक्ति मोर्चा (एस0 जे0एम0एम0)के प्रदीप सिंह के नाम से जिम्मेवारी लेने की पर्चा फेंका गया था। मृतक के पुत्र प्रदीप साहु के अंकित आवेदन के आधार पर लातेहार थाना कांड 211/24, व 17 सी0एल0ए0 सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए। व कांड के उद्भेदन हेतु अंनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी लातेहार के नेतुत्व में एक एस.आई.टी. टीम का गठन किया गया। इस हत्याकांड में शामिल पांच अपराधीयों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही हत्या में प्रयुक्त तीन भरठुआ बंदूक दो मोबाइल फोन व एक टांगी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधी में मुनेश्वर सिंह भुसुर, रमेश सिंह केंदवाही, भुसुर, छोटेलाल उराँव रामचन्द्र उराँव, सनोज उराँव, ग्राम पिपरागढ़ा, थाना जिला-लातेहार शामिल है।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी**

अरविन्द कुमार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी लातेहार, दुलारे चौड़े थाना प्रभारी लातेहार, पु0अ0नि0 भागीरथ पासवान अनु0 जाति/जनजाति थाना प्रभारी लातेहार, पु0अ0नि0 मनोज कुमार, स0अ0नि0 नागेश्वर महतो, समेत लातेहार थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# डीवीसी ने दूसरे दिन भी किया चार सौ कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत के समीप तुवेद ग्राम में शनिवार को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) तुवेद कोयला खान द्वारा दूसरे दिन भी जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। डीवीसी कंपनी के द्वारा अब तक 400 कंबल वितरण किया गया है।ग्रामीणों ने डीवीसी के इस प्रयास के प्रति आभार जताया है। वहीं उप महाप्रबंधक (खनन) दीपक कुमार ने बताया कि वर्त्तमान समय में शीतलहर का प्रकोप काफी बढ़ गया है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीण खासकर वृद्ध,असहाय और दिव्यांग व्यक्तियों को काफी परेशानी का सामना काना पड़ रहा है।इसको ध्यान में रखते हुए डीवीसी ने जरुरतमंद व्यक्तियों के बीच कम्बल का वितरण प्रारंभ किया है।वहीं मुखिया अमरेश उरांव ने कहा कि एक सप्ताह से लातेहार जिला में ठंड काफी बढ़ गई है जिससे लोग काफी परेशान हो गए हैं।खासकर बुजुर्ग एंव असहाय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इन्हीं परेशानियों को देखते हुए कंबल वितरण का काम किया जा रहा है। साथ ही हमसे जितना भी बन सके उनके लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।इस अवसर पर नेवाड़ी ग्राम पंचायत के मुखिया अमरेश उरांव, प्रबंधक (खनन) बिरेन्द्र कुमार, सहायक प्रबंधक सीएसआर (ष्टस्क्र)- संजीव कुमार, सहायक प्रबंधक (आईटी) फैसल नवाज, रंजन कुमार सिंह एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा संजीवनी सेवा कुटीर का हुआ भव्य उद्घाटन

# हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जन्मदिवस पर दिया क्षेत्र वासियों को ऐतिहासिक तोहफा

- संजीवनी सेवा कुटीर मरीजों के परिजनों को राहत और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुगम बनाने का सराहनीय प्रयास है। यह क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है : मनीष जायसवाल
- यह सेवा केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। प्रदीप प्रसाद जी की यह पहल प्रशंसा के योग्य है : कालीचरण सिंह
- संजीवनी सेवा कुटीर का उद्देश्य हर मरीज और उसके परिवार को तत्काल सहायता और बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। यह जनता की सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है : प्रदीप प्रसाद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने जन्मदिवस के विशेष अवसर पर जनता को एक ऐतिहासिक सौगात दी। उन्होंने शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में संजीवनी सेवा कुटीर का भव्य उद्घाटन किया गया। यह सेवा केंद्र शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को राहत प्रदान करेगा। मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और चतरा सांसद कालीचरण सिंह मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी,मांडू विधायक तिवारी महतो और चतरा विधायक जनार्दन पासवान शामिल हुए,साथ ही कई प्रमुख नेता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सबसे पहले प्रदीप प्रसाद ने सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया जिसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत फीता काटने के साथ हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन किया गया। सांसद,विधायक और अन्य अतिथियों ने सेवा कुटीर का अवलोकन किया और इसके उद्देश्यों की सराहना की। इसके अतिरिक्त, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,चतरा भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिहं भोगता ,प्रसिद्ध यूट्यूबर आर राजेश,हॉस्पिटल के सी.एस,जिला परिषद सदस्य,भाजपा नेता,सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहें । कार्यक्रम के समापन पर मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों ने सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं और बधाई दी। इस विशेष क्षण को और यादगार बनाने के लिए जन्मदिन का केक काटने का आयोजन किया गया। सांसद,विधायक सहित सभी विशिष्ट अतिथियों ने एक साथ केक काटा और प्रदीप प्रसाद को केक खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सभी अतिथियों ने विधायक के स्वस्थ, सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम का यह हिस्सा आत्मीयता और सौहार्द से भरा रहा। उपस्थित कार्यकर्ताओं और जनता ने तालियों की गड़गड़ाहट से इस पल को और खास बना दिया। मंच पर उपस्थित सभी नेताओं ने प्रदीप प्रसाद के सेवा और समर्पण भाव की सराहना की और उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।

## एनआईए की टीम की छापेमारी में विष्णुगढ़ सहित अन्य स्थानों से जब्त किए कई दस्तावेज





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की 8 टीमें बोकारो पहुंचीं हैं। इन टीमों ने नक्सली समर्थकों के यहां तड़के सुबह से छापेमारी शुरू कर दी है।बोकारो एसपी मनोज स्वर्गीयारी ने जिले में एनआईए की ओर से की गई छापेमारी की पुष्टि की है।एसपी ने बताया कि सुबह से ही एनआईए की टीम गोमिया और चतरोचट्टी में छापेमारी कर रही है।बोकारो पुलिस उनकी मदद कर रही है।

चतरोचट्टी के इन गांवों में एनआईए ने की छापेमारी एनआईए की टीम ने उग्रवाद प्रभावित चतरोचट्टी क्षेत्र के चुट्टे, लोधी सहित गोमिया थाना क्षेत्र के धमधरवा जैसे दुर्गम गांवों में एनआईए की टीमें पहुंचीं। एनआईए की यह छापेमारी नक्सलियों के मददगार और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ है। तुईयो सहित अन्य गांवों से मिली जानकारी के अनुसार, दो शिक्षकों और अन्य के यहां छापेमारी हुई है।संबंधित सभी घरों के सदस्यों के मोबाइल जब्त कर लिये गये। किसी की गिरफ्तारी नहीं, मोबाईल और दस्तावेज जब्त सूत्रों ने बताया कि कोई गिरफ्तारी तो नहीं हुई है, लेकिन मोबाइल फोन और अलग-अलग जगहों से कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं।जानकारी मिल रही है कि पिछले साल लुगू पहाड़ पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।मुठभेड़ के बाद नक्सलियों का एक लैपटॉप जब्त किया गया था।इस लैपटॉप से कुछ सुराग मिले थे, जिसके आधार पर एनआईए की टीम छापेमारी करने पहुंची। सूत्र बता रहे हैं कि हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा में भी इस सिलसिले छापेमारी की गई है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** डीएमएफटी द्वारा संचालित कार्यों की अद्यतन स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक आज 4 जनवरी को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद मौजूद रहे। समाहरणालय सभाकक्ष में हुई डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में डीएमएफटी मद द्वारा नए प्रपोजल पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़ी तथा प्राथमिकता क्षेत्र जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं महिला एवं बाल विकास आदि से संबंधित कार्यों को शामिल करें। उन्होंने चुनाव पूर्व स्वीकृत कार्यों की निविदा प्रक्रियाओं की जानकारी ली। उन्होंने डीएमएफटी मद द्वारा स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध कराए गए उपकरणों के रख रखाव व क्रियाशीलता पर विशेष ध्यान देने को कहा। छोटे मोटे कारणों से महंगे उपस्कर बंद न हो तथा इसकी पूरी मॉनिटरिंग हो इस बाबत जिला स्तर पर टीम गठित करने का निर्देश दिया ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी अड़चनों को तत्काल दूर कर उन उपकरणों को क्रियाशील बनाया रखा जा सके। उपायुक्त ने कहा कि छ्रस्नञ्ज मद से किसी भी विभाग के जरूरतों या गैप को कम करना उद्देश्य है। उन्होंने कहा से सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में छ्रस्नञ्ज मद से अनेकों उन्नयन के कार्य किए जा रहे है,जिनका समुचित सदुपयोग की अपेक्षा की जाती है। हर स्कीम की सस्टेनेबिलिटी संबंधित विभाग की जिम्मेवारी है। उपायुक्त ने सभी स्वीकृत किए गए योजनाओं के अद्यतन स्थिति व टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों व एजेंसियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा अपनी जिम्मेवारी सुनिश्चित करने को कहा साथ ही संचालित योजना एवं निर्माण कार्यों कि नियमित रूप से स्थल का भ्रमण का मॉनेटरिंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार,जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी मौजूद रहे।

## कोल खनन कंपनी के मीटिंग की सूचना पर विरोध के लिए पहुंचे ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम अंबाजीत में ग्रामीणों की भारी भीड़ कोल खनन कंपनी के विरोध के लिए पहुंची। इस दौरान भीड़ के द्वारा कोल खनन कंपनियों के विरोध में भारी नारेबाजी की गई। ग्रामीणों ने कहा के हमें सूचना मिली थी यहां पर कंपनी के द्वारा मीटिंग रखी गई है जिसके विरोध के लिए हम लोग यहां पहुंचे हैं। हम लोग किसी भी कोल खनन परियोजना यहां नहीं खुलने देंगे। यहां की जमीन बहु फसलीय है, इस जमीन से हम लोग कई नस्लों से खेती कर के जीवन यापन कर रहे हैं। 2004 से सभी कोल खनन परियोजना का विरोध कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। हालांकि जहां पे ग्रामीण विरोध के लिए पहुंचे थे वहां न ही सरकारी अधिकारी और न ही किसी भी कंपनी के कोई अधिकारी या कर्मी नहीं आए थे, और मीटिंग की भी की सरकारी सूचना नहीं थी। ग्रामीण लगभग प्रातः 10 बजे से शाम के 4 बजे तक प्रदर्शन करने के पश्चात अपने अपने घर चले गए।

## कराली पंचायत में वृद्ध असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण

**- एनटीपीसी के सौजन्य से 100 कंबल उपलब्ध कराया गया**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** क्षेत्र में पड़ रहे कड़ाके की ठंड को देखते हुए कराली पंचायत के सभी 9 वार्ड में वृद्धा असहाय जरूरत मंदो लोगों के बीच मुखिया अशोक राम के द्वारा कंबल का वितरण किया गया! उक्त कंबल एनटीपीसी केरेडारी कोल माइंस के सौजन्य से उपलब्ध कराया गया था. मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, पंचायत समिति सदस्य सुरेश भुईयां, उप मुखिया भरत पांडेय ,वार्ड सदस्य विकाश कुमार, पवन कुमार ,किरण देवी एवं मनोहर तिवारी ,भुगल भुईयां ,कृष्णा सिंह, उपेंद्र राम ,युगल राम समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

## करियातपुर पंचायत भवन में बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 9 जनवरी को लगेगा ऋण वसूली सह ऋण मेला

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत भवन में आगामी 9 जनवरी को ऋण वसूली सह ऋण मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया करियातपुर शाखा के माध्यम से किया जा रहा है। मेले में हजारीबाग क्षेत्रीय कार्यालय के सभी महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन की जानकारी रिकवरी डिपार्टमेंट के मुख्य प्रबंधक विमल कांत झा ने दी। उन्होंने बताया कि इस ऋण मेले में पुराने एनपीए खातों का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा, किसानों के लिए केसीसी खातों का निष्पादन भी किया जाएगा ताकि उन्हें बेहतर आर्थिक सहायता मिल सके। मुख्य प्रबंधक विमल कांत झा ने यह भी कहा कि इस मेले के दौरान पुराने ऋण में रियायत देकर नए ऋण प्रदान करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी, जिससे किसानों और स्थानीय उद्यमियों को बड़ा लाभ मिलेगा। ऋण मेले का उद्देश्य वित्तीय सेवा उपलब्ध कराना और ग्रामीण क्षेत्र में ऋण से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना है। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी ऋण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए मेले में उपस्थित हों।

## संजीव बेदिया ने 100 बुजुर्ग महिला पुरुष के बीच कंबल का किया वितरण

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत गरसुल्ला पंचायत के शिखर बाड़ा टोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कपकपाती ठंड को देखते हुए 100 गरीब महिलाओं एवं बुजुर्गों को कंबल देकर ठंड से बचाने का काम किया। उपस्थित लोगों को श्री बेदिया ने कहा अभी के समय में ठंड बहुत ही ज्यादा पड़ रहा है मौसम परिवर्तन होने के कारण ठंड बढ़ गया है आप सभी लोग सुबह में घर से बाहर न निकले सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकले, ताकि आप सभी को तबीयत खराब ना हो, इसका भी ध्यान आप रखें। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, तेतरी देवी, सोमरी देवी,धगनी देवी,राजो देवी,सरवा देवी,शारदा देवी, आरती देवी, सहित दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

## बिरहोर परिवारों को ठंड से बचाव के लिए 60 कंबलों का किया वितरण

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सहायक समाहर्ता -सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू श्री लोकेश बारंगे भा0प्र0से0 द्वारा प्रखंड दारू अंतर्गत ग्राम पंचायत इरगा के बिरहोर टोला बड़वार में बिरहोर परिवारों को ठंड से बचाव हेतु कुल 60 कंबल का वितरण किया गया।वितरण के दौरान उपसमाहर्ता मोहम्मद हारुन रशीद, मुखिया अनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि महावीर यादव, पंचायत सचिव अनिल कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रविंद्र कुमार, प्रखंड नाजिर विजय कुमार, प्रखंड समन्वयक PMAYG रिंकू रविदास एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## कैमरून से लौटे विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूरों से मिले श्रम अधीक्षक

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को श्रमाधीक्षक हजारीबाग ने सरकार की योजना का लाभ दिलाने और कंपनी से बकाया राशि दिलाने हेतू सबों से मिले और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान सभी मजदूरों का श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो ने निर्माण श्रमिक व अन्य में निबंधन किया, ताकि श्रम विभाग के योजनाओं के साथ अन्य योजनाओं का लाभ सभी को मिले। प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाले झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने कहा कि सरकार को रोजगार की व्यवस्था करने के साथ ही प्रवासी मजदूरों के लिए ठोस नीति बनाने की जरूरत है, जिससे मजदूरों के साथ शोषण और ठगी के शिकार न हो। श्री पटेल ने कहा कि आज 04 जनवरी 2025 को ही नरकी पंचायत के अलकिलवा में राजस्थान से नरेश गंझू का शव आया, कंपनी इसे सामान्य मौत बता रही है।

## 31 वे बैच के आरक्षक अग्नि प्रशिक्षुओ का प्रशिक्षण पूरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** सीआईएसएफ के आरक्षक अग्नि पद के 31 वें बैच ने एफ एस टी आई नीसा हैदराबाद में अपना बुनियादी प्रशिक्षण दिनांक 3 जनवरी 2024 को सफलता पूर्वक समाप्त किया जो कि अब अग्नि सूरक्षा की भूमिका में राष्ट्र की सेवा करने के लिए पुरी तरह तैयार है तथा इन नव प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा एक भव्य पासिंग -आउट परेड का प्रदर्शन किया गया. इस बैच में 1300 प्रशिक्षु शामिल थे जिन्होने 27 सप्ताह का गहन अग्नि प्रशिक्षण कार्यक्रम और 15 सप्ताह का व्यापक सूरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त किया . पासिंग-आउट परेड का निरीक्षण सीआईएसएफ के महानिदेशक द्वारा किया गया. उन्होंने प्रशिक्षुओ को संबोधित करते हुए जवानों की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हे बधाई दी और देश में विभिन्न प्रतिष्ठानों में सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया. सीआईएसएफ एक मात्र ऐसे बल है जिसके पास आधुनिक अग्निशमन उपकरणों से सुसज्जित तथा भिन्न अभियंत्रिकी क्षेत्र पृष्ठभूमि वाले प्रशिक्षित एवं कुशल बंदरगाह, उर्वरक रक्षा प्रतिष्ठान, भारी उद्योग और संसद भवन परिसर, नई दिल्ली जैसे 114 क्षेत्रो के उपक्रमो प्रतिष्ठानों के विविध प्रतिष्ठानों में तैनात है. सीआईएसएफ का अग्निशमन दस्ता केवल फायर फाइटिंग के क्षेत्र तक ही सीमित नही है अपित सम्पूर्ण अग्नि सूरक्षा प्रबंधन उपलब्ध कराता है जैसे फायर प्रीवेंसन, फायर कनसलटेनसी, फायर ओडिट तथा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी अपनी सेवाऐं प्रदान करता है. विगत 05 वर्षो में, सीआईएसएफ की अग्निशमन दस्ते ने अपने उत्तरदायित्व क्षेत्र में सेवा देते हुए 1612.28 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय संपति और 272 लोगो का बहुमूल्य जीवन बचाया है. इसके अलावा,अन्य सरकारी संगठनो की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य अग्निशमन सेवा रक्षा,राज्य पुलिस रेलवे सीएपीएफ पीएसयू आदि के कार्मिको को भी आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जाता है. इसके अतिरिक्त मालदीव भूटान नेपाल और फिलीपींस के विदेशी नागरिकों को भी सीआईएसएफ द्वारा अग्निशमन सेवा और आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित किया जाता है. माननीय गृह मंत्री ने पिछले वर्षो में देश भर में हुई आग की घटनाओं और आपदाओं पर संज्ञान लेते हुए भारत भर के 100 शहरो की मौजूदा अग्निशमन प्रतिक्रिया प्रणाली की वर्तमान क्षमताओं को बढाने की परिकल्पना की . तदनुसार उक्त कार्य को पूरा करने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए बैैथ् को जिम्मेदारी सौपी गई. तदनुसार 17 राज्यों केंद्र शासित प्रदेशो को कवर करने वाले 113 शहरों के अग्निशमन कर्मियों को वर्ष 2023 में विशेष अग्नि, बचाव और आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण दिया गया है. इसी क्रम में राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025 में भी देश के अन्य राज्यों के अग्निकमीयों को प्रशिक्षण दिया जाएगा. सीआईएसएफ राष्ट्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सूरक्षा के अपने मिशन के प्रति प्रतिबद्ध है और इस उच्च प्रशिक्षित बैच के शामिल होने से इसकी क्षमताएं और मजबूत होगी.

## टाटीझरिया में प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय टाटीझरिया परिसर के प्रखंड सभागार में झारखंड सरकार कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के निर्देशानुसार प्रखंड स्तरीय कृषि रबी कार्यशाला का आयोजन 4 जनवरी दिन शनिवार को किया गया ।बैठक में मंच संचालन बी .ओ.सुधीर कुमार राय ने किया उन्होंने विधायक से टाटीझरिया में नोडल पैक्स की मांग किया है।कार्यक्रम का शुभारंभ मांडू विधान सभा क्षेत्र विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो,प्रमुख संतोष मंडल,उपप्रमुख रवि वर्णवाल, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सीओ नीलू टुडू,भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ, सीओ,ने क्षेत्र के किसानों से आग्रह किया कि सरकार द्वारा समय समय पर रब्बी फसल के बीज को उपलब्ध करवाया जाता है।किसान अपने खेतों में फसल लगाये और लाभ ले । वही प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि हमारे क्षेत्र के किसान बहुत मेहनती होते हैं। ये सरकार के द्वारा दिए गए बीज को अपने खेत में लगाते है और अपने परिवार जनों का भरन पोषण करते है। बैठक के दौरान झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, भराजो मुखिया स्वस्तिका पांडेय,टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव , समाज सेवी उपेंद्र पांडेय, बीटीएम अमित मोहन,एटीएम , लक्ष्मीकांत सोनी, होपन सिंह,महादेव यादव,रोहित कुमार,ऋषि कुमार,दिनेश्वर महतो,राजेश कुमार दास, सुरेश प्रसाद समेत अन्य कई कृषि मित्र संग किसान एवं जनप्रतिनिधि शामिल थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्वी मंडल की समस्याओं से साँसद को कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ पूर्वी मंडल से मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने स्थानीय समस्याओं को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से मिलकर डीवीसी के विस्थापितों के मांग पत्र एंव विभिन्न प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ख़राब सड़को को बनवाने की मांग की है। इस सम्बंध में एक मांग पत्र भी सौपा है। मौके पर उपस्थित हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आस्वस्त करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यो को प्रार्थमिकता के तहत कराया जायगा। इसके अलावा सांसद हजारीबाग ने सम्बंधित अधिकारियों को दूरभाष से बात कर अविलम्ब दूर करने की बात कही। इस अवसर पर पूर्वी मण्डल भाजपा महामंत्री सुशील कुमार मंडल , पंकज महतो ,बासुदेव मंडल ,पूर्व मुखिया तापेश्वर रजक आदि उपस्थित थे।

## गुमशुदा व्यक्ति का अबतक नहीं मिला कोई सुराग, थाना प्रभारी से मदद का लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत मेढ़कुरी पंचायत के मेढ़कुरी कला निवाशी बजरंगी कुमार पिता निर्मल प्रजापति जो दिनांक 14-12-2024 से अपने घर से गायब है जो इक्कीस दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक उनका कोई जानकारी नहीं मिल रही है। शनिवार की सुबह बजरंगी कुमार के मोबाइल से हीं उनकी साली के पास उनका फोटो और मैसेज व्हाट्सप्प मे भेजा गया जिसमे तबियत ख़राब होने की बात लिखी गयी है। मैसेज पढ़ने के बाद परिवार वाले और गांव मुहल्ले वाले काफ़ी परेशान हो गए है उन्हें शक है की उनका अपाहरण किसी ने कर लिया है। दर्जनों की संख्या मे महिला और पुरुष दारू थाना पहुँच कर थाना प्रभारी सफ़ीक़ खान से गुहार लगाया की उनके परिजन बजरंगी कुमार को सही सलामत खोज कर ले आये। बजरंगी कुमार 14 दिसंबर को अपने घर से बाइक का कुछ पार्ट्स लाने के लिए हजारीबाग गया हुआ था जो कि समय पर अपने घर नहीं लौट पाया। परिवार वालों ने काफी समय तक इन्तजार किया घर नहीं अपने के बाद आस पास के लोगों को इसकी जानकारी दिया और अपने स्तर के काफी खोज बिन भी किया लेकिन नहीं मिलने के बाद उनके मोबाइल नंबर पर कॉल भी किया गया बार बार स्विच ऑफ बताता रहा जिसके बाद उनके परिजनों वालों ने दारू थाना में लिखित आवेदन देकर खोज बिन करने का गुहार लगाई। थाना प्रभारी ने बताया की जिस नंबर से मैसेज किया गया उस नंबर तथा कुछ अन्य नंबर को भी टेक्निकल सेल को ट्रेस करने के लिए भेज दिया गया। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है लोकेशन वगैरह का ट्रेस किया गया है कोशिश है कि गुमशुदा व्यक्ति को जल्द से जल्द घर वापसी लाया जाएगा। वही परिवार वालों और उनकी पत्नी बबिता देवी का कहना है की अगर दो तीन दिनों मे उनकी जानकारी नहीं मिलती है तो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और एसपी सर के पास आवेदन देकर आगे की कार्यवाही के लिए गुहार लगाएंगे।

## झारखंड आंदोलनकारी नेताओं ने सरकार से माँगी अपनी माँगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय प्राँगण में 03 दिसम्बर 2025 गुरुवार को झारखंड आंदोलनकारियों ने झारखंड आंदोलनकारी के अग्रणी योद्धा जयपाल सिंह मुंडा के जन्म दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको विनम्र श्रद्धांजलि देकर बैठक की।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दुलारचंद प्रसाद ने की तथा संचालन घनश्याम पाठक ने किया।बैठक में सभी ने एक सुर में हेमन्त सरकार द्वारा झारखण्ड आन्दोलकारियो से किये वादों को पूरा नही किए जाने एवं अल्प समय मे हीं अपने वादों के भूलने से आहत झारखंड आंदोलन कारी के नेताओ ने एक सुर में आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। चुनाव के पूर्व झारखंड के मिट्टी से आंदोलनकारी को हमदर्द बनाकर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा कहा गया कि हम सभी को सम्मान रूप से पेंशन और आंदोलन कार्यों के हितैषी कार्य करेंगे , लेकिन चुनाव उपरांत झारखण्ड में सरकार बनने के बाद अब तक कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। हमारी माँग है झारखंड आंदोलनकारियो की जेल जाने की बाध्यता खत्म कर उन्हें उचित सम्मान दिया जाना चाहिए और सभी को सम्मान पेंशन राशि भुगतान करना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी के राज्य सचिव महमूद आलम ने कहा कि जैसे हम लोग झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में शामिल हुए थे।हम लोग आंदोलन की उपज है,जिस तरह लड़ के लिया झारखण्ड उसी तरह लड़ के लेंगे सम्मान।बैठक में मुख्य रूप से सुनील कुमार सिंह, करीमुद्दीन अंसारी, भुनेश्वर यादव, करीम खान, अजय साव मेघलाल साव, मजबूर अंसारी द्वारिका महतो, इसराफ अंसारी कुर्बान अंसारी, साबिर अंसारी अकबर अली, अलीमुद्दीन, बाबूलाल कुम्हार, जगन्नाथ महतो नोनू गोप, कुलदीप रविदास, देवनाथ महतो, बेनीवाल महतो धनपत महतो, धर्मवीर यादव, नागेंद्र प्रसाद, लोकनाथ यादव, माधव महतो, प्रेम कुमार, वासुदेव महतो, मुन्नी महतो, हेमलाल साव रामकिशोर महतो, गणेश साव, गांगो महतो, मुस्लिम मोहम्मद, इमरान अंसारी, कर्म महतो,सुंदर राम, सरस्वती देवी समेत सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए थे।

# बालू के अवैध खनन व परिवहन पर तीन ट्रैक्टर को किया गया जब्त, प्राथमिकी दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में कुज्जू ओपी अंतर्गत ग्राम बोंगाबार के पास दो ट्रैक्टर बालू लोड कर ले जाते हुए पाया गया गश्ती दल द्वारा दोनों ट्रैक्टर चालको से जांच के क्रम में बालू संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। दोनों ट्रैक्टरों में अवैध बालू परिवहन किया जा रहा था जो महिंद्रा 415DI लाल रंग ट्रैक्टर जिसका निबंधन संख्या JH18H1671 इंजन नंबर RJF4YBA4003 वहीं दूसरी वाहन संख्या पावर ट्रैक 434 ब्लू रंग का ट्रैक्टर इंजन नंबर श्र3187429, चेचिस नंबर B3169037 एवं बासल थाना क्षेत्र में संध्या गश्ती के क्रम में जयनगर पतरातु की ओर से अवैध बालू लोड लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर जिसका चेचिस नंबर MBNABAEAPKRJ 00129 इंजन नंबर RKJ 2DBN 0309 पर अवैध बालू खनिज लोड पाया गया। उक्त तीनों ट्रैक्टरों में जांच पड़ताल किया गया परंतु बालू का परिवहन चालान कागजात नहीं पाया गया। जिसके उपरांत वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की छति, माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण के आदेश का उल्लंघन तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के धारा 4/21, झारखंड लघु खनिज नियमावली 2004 यथा संशोधित के नियम 4/54 एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining Transportation and Storage) Rule 2017 के नियम 9/13 के तहत जिला खान निरीक्षक रामगढ़ द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

# शारीरिक और मानसिक विकास के लिए वर्तमान समय में खेल महत्वपूर्ण है : रवि कुमार महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** तेलियातु प्रीमियर लीग 2024-25 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच के मुख्य अतिथि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री सह केन्द्रीय कोर कमेटी सदस्य आदरणीय रवि कुमार महतो विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रूपा महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने विधिवत रूप से मैच का शुभारम्भ किये। जवाहर नगर भुरकुंडा एलेवन वर्सेस पवन एलेवन मायल के बीच खेला गया द्य तथा मैच जवाहर नगर भुरकुंडा 6 विकेट से विजय रहा ! मुख्य अतिथि रवि महतो ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए! खेल हमारे शारीरिक दक्षता और दक्षता को बढ़ाता है ! यह खेल हमारे हृदय को मजबूत बनाता है , हड्डियां मजबूत होती है और हमारा ऊर्जा स्तर बढ़ता है, खेल हमारे मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है ! खेलों से बच्चे सामाजिक होना सीखते हैं, खेलों से चरित्र निर्माण होता है !छात्रों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार किया जाता है, खेलों से दिनचर्या नियमित होती है! खेलों को भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक भी माना जाता है! प्रत्येक पक्ष में खिलाड़ियों की संख्या 11 होती है, जिसमें एक %कैप्टन% होता है! खेल प्रारंभ होने से पूर्व में ही दो निर्णायक अंपायर नियुक्त होते हैं जो खेल को खेल भावना तथा नियमों के अंतर्गत खेलते रहने तथा विवादों को सुलझाने के प्रति उत्तरदायी होते हैं ! गेंद का भार 155.9 ग्राम से कम तथा 168 ग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए ! गेंद का वृत्त 22.4 सेंटीमीटर से कम तथा 22.9 सेंटीमीटर से अधिक नहीं होना चाहिए ! क्रिकेट आज न केवल भारत बल्कि समूचे विश्व में खेल अत्यंत लोकप्रिय एवं रोमांचक है।

## पीटीपीएस महाविद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य को बुके देकर किया गया सम्मानित



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** युवा नेता सरफराज अहमद के नेतृत्व में पीटीपीएस महाविद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ मनोज कुमार को बुके देकर सम्मानित किया गया और महाविद्यालय के विकास में गति देने के लिए भरपूर सहयोग देने का विश्वास दिलाया गया साथ ही साथ आशा और विश्वास किया गया की डॉक्टर कुमार मनोज के पीटीपीएस कॉलेज के प्राचार्य नियुक्त होने पर पीटीपीएस महल महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों में साथ ही साथ कॉलेज के सभी क्षेत्रों में पारदर्शी के साथ विकास होगा इस प्रतिनिधि मंडल में कॉलेज के सेवानिवृत्ति प्रोफेसर डॉ केके शर्मा ने भी नई जोश एवं असुरती के साथ महाविद्यालय को संचालित करने के लिए आशीर्वाद दिया।

## गोवर्धन गोप स्मृति सम्मान 2025 के लोकप्रिय शहनाई वादक बलराम नायक को किया गया चयनित



**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खोरठा डहर सह जनकथाकार प्रेमचंद पुस्तकालय के तीन सदस्यीय चयन समीति के द्वारा तृतीय लोकगायक श्री गोवर्धन गोप स्मृति सम्मान 2025 की घोषणा की गयी है। इसकी जानकारी खोरठा डहर के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. कृष्णा गोप ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 तृतीय स्मृति सम्मान क्षेत्र के लोकप्रिय शहनाई वादक बलराम नायक ग्राम कंजगी, जिलारामगढ़, झारखंड को दिया जायेगा। झारखंड स्मृति सम्मान फरवरी माह में आयोजित की जायेगी। बलराम नायक शहनाई वादन काहुनर अपने पिता से सीखे इस परंपरागत हुनर को लेकर वे राज्य के कोने-कोने तक किसी सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोकपर्व,वैवाहिक कार्यक्रम में लोकप्रिय शहनाई वादक के रूप में प्रसिद्धि है। शहनाई की मधुर स्वर से मंत्र मुग्ध कर देने वाले बलराम नायक ही हैं। उन्होंने कहा कि स्मृति सम्मान पहली बार यह वर्ष 2023 में जगरनाथ बेदिया लोकगायक, मिश्राइनमोढ़ा पंचायत, डाड़ी निवासी को और वर्ष 2024 को वरिष्ठ कथाकार कालेश्वर को दिया गया था। सम्मान के बतौर उन्हें स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं सम्मान राशि दी जायेगी।

## डाडी प्रखंड सभागार में रबी फ़सल का एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन


**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड सभागार डाडी में एक दिवसीय रवि कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी के. के. वर्मा, प्रखंड प्रमुख दीपा देवी,उप प्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष लखनलाल महतो,प्रखंड कृषि पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, बीटीएम धर्मेंद्र कुमार, एटीएम अनिल कुमार सिन्हा, पंचायत समिति कीनिया देवी सहित डाडी प्रखंड के विभिन्न एफपीओ से आए हुए उसके सदस्य गण, जेएसएलपीएस के बीपीएम और जेएसएलपीएस के अन्य सदस्य के साथ-साथ बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। जिसमें रबी मौसम में उपजाए जाने वाली विभिन्न फसलों के संबंध और उसकी देखरेख और कीट पतंग से बचाव, सर्दी से बचाव आदि अलग-अलग विषयों की जानकारी दी गयी।

## बिरसा बीज उत्पादन वितरण एवं फसल विस्तार योजना के तहत शतप्रतिशत (100त्न) अनुदान पर गेहुं, मसूर, मक्का एवं सरसों का किया गया वितरण



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोला प्रखंड के कोईया गाँव में राज्य योजना अंतर्गत बिरसा बीज उत्पादन वितरण एवं फसल विस्तार योजना के तहत शतप्रतिशत (100त्न) अनुदान पर गेहुं , मसूर,मक्का एवं सरसों वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा के विधायक ममता देवी शामिल हुई जिसमें विधायक ममता देवी के द्वारा दर्जनों किसानों के बीच में गेहूं, सरसों,मक्का एवं अन्य बीजों का वितरण किया गया और उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि मौसम के आधार पर हर हाल में किसानों को बीज मुहैया करा दिया जाएगा।हमारी सरकार किसानों के प्रति कटिबद्ध है किसानों के समस्याओं का समाधान करना ही सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी । मौके पर उपस्थित गोला प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधा वर्मा, संतोष सोनी,कमाल शहजादा, जलेश्वर महतो,गौरी शंकर महतो, अनिल कुमार, सुशीला देवी शामिल थे।

## दिवंगत कॉ0 लक्ष्मण बेदिया स्मृति दिवस के अवसर पर भाकपा-माले ने किया श्रद्धांजलि अर्पित



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाकपा- माले रामगढ़ प्रखंड के (पुरानी मरार पंचायत) के नेतृत्व में दिवंगत कामरेड लक्ष्मण बेदिया की 3 रा स्मृति दिवस के अवसर पर ग्राम- हेसला के महुआटांड़ में करीब पचासों महिला-पुरुष की भागीदारी में दिवंगत कामरेड लक्ष्मण बेदिया की पत्नी गीता बेदिया ने उनके तस्वीर के पास दीप प्रज्वलित कर पुष्पाजंलि अर्पित की।उसके बाद भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य कॉ देवकी नंदन बेदिया,कॉ विजेंद्र प्रसाद ने माल्यार्पण किए और उपस्थित विजेंद्र प्रसाद, महादेव राम,छोटन मुंडा,लाल कुमार बेदिया, जगदीश बेदिया,अनवर अंसारी,विजय प्रजापति,रुपलाल बेदिया,भीम प्रजापति, मोदी बेदिया,जोगल बेदिया, छोटेलाल बेदिया,डीजल बेदिया,दिलीप भुइंया, कांता मित्रा, शांति देवी, सरस्वती देवी, अनिता देवी,सुमन देवी,शीला देवी,रेखा देवी,शीला देवी, सोनाली देवी,फुदकी देवी,इन्दू कुमारी, ममता कुमारी, अंजली कुमारी,वीणा कुमारी,राधा कुमारी,पुजा कुमारी अन्य सभी लोगों ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित की।कार्यक्रम का संचालन कर रहे भाकपा माले रामगढ़ जिला कमेटी सह प्रखंड सचिव-सरयू बेदिया द्वारा घोषणा के तत्पश्चात 1 मिनट का सामूहिक श्रद्धांजलि दी गई।उसके बाद सबों ने नारे लगाए ।उक्त श्रद्धांजलि सभा को मुख्य रूप से देवकी नंदन बेदिया ने संबोधित करते हुए कहा कि भाकपा माले द्वारा अभी झारखंड राज्य में ÷जोहार झारखंड संकल्प अभियान÷ के तहत भाजपा का भंडाफोड़ करते हुए ध्वस्त करने तक संघर्ष जारी रखो और आमजन, गरीब, मजदूर,किसानों की जन समस्याओं को लेकर गोलबंदी तेज कर दो तथा इस अभियान के दौर में पार्टी सदस्यता भर्ती और नवीकरण, ब्रांच ,लोकल, प्रखंड कमेटी का गठन-पुनर्गठन के कार्यभार को पूरा करने पर जोर दिया गया।

## रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र से पांच सीसीएलकर्मी हुये सेवानिवृत्त, सम्मानित कर दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल स्थित महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान दिसंबर माह में रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए कुल पांच सीसीएल कर्मियों को सम्मानित कर विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वालों में चीफ मैनेजर (माइनिंग) बबन सिंह, ओएस ग्रेड-ए दिलीप कुमार, नर्स सुर्मिला तांती, ड्रिल ऑपरेटर हुलास मांझी एवं ब्लास्टिंग मजदूर करमा राम शामिल हैं। विदाई समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक संजय कुमार शर्मा, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी सुबोध कुमार चौधरी एवं सहायक प्रबंधक (सामुदायिक विकास) आशीष झा ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और सीसीएल प्रबंधन की ओर से उपहार देकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी की प्रगति में आपलोगों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अब आगे का समय परिवार एवं समाज के बीच हंसी-खुशी से व्यतीत करने की अपेक्षा जताई। विदाई समारोह में रशिक तांती, श्रमिक प्रतिनिधि झलकू महतो ,अरूण कुमार चौधरी, विनोद कुमार, चरितर राम, धनेश्वर राम सहित सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिजन उपस्थित थे।

## 100 बुजुर्ग महिला-पुरुष के बीच झामुमो नेता ने किया कंबल का वितरण



**❍ झारखंड में मौसम परिवर्तन होने से बढ़ी है ठंड,कंपकंपाती ठंड से बचे सभी कोई : संजीव बेदिया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत गरसुल्ला पंचायत में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार समिति सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कपकपाती ठंड को देखते हुए 100 गरीब महिलाओं एवं बुजुर्गों को कंबल देकर ठंड से बचाने का काम किया। उपस्थित लोगों को श्री बेदिया ने कहा अभी के समय में ठंड बहुत ही ज्यादा पड़ रहा है मौसम परिवर्तन होने के कारण ठंड बढ़ गया है आप सभी लोग सुबह में घर से बाहर न निकले सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकले, ताकि आप सभी को तबीयत खराब ना हो, इसका भी ध्यान आप रखें। वहीं इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, तेतरी देवी, सोमरी देवी,धगनी देवी,राजो देवी,सरवा देवी,शारदा देवी, आरती देवी, कविता देवी,रीना देवी,हेना देवी ,बसंती देवी, अखलेश बेदिया ,प्रभु बेदिया,रघुनाथ बेदिया बहादुर मांझी,गणेश कुमार,राज कुमार, बबलू कुमार,मकुज बेदिया ,सुरेश गंझु ,शंकर करमाली,लोकन बेदिया, शत्रुघ्न सिंह, इत्यादि दर्जनों महिला पुरुष शामिल है।

## रामगढ़ जिला के सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने जोया परवीन की अध्यक्षता में रामगढ़ अल्पसंख्यक कमिटी में हुई शामिल



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष ज़ोया परवीन का मांडू विधानसभा में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान मांडू प्रखंड के भेल गाढ़ा गाँव की सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने ज़ोया परवीन के अध्यक्षता में भेल गाढ़ा निवासी रियासत खान के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए साथ ही अल्पसंख्यक कांग्रेस कमिटी में शामिल हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष जोया परवीन ने कहा अल्पसंख्यक कमिटी को पूरे जिले में मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है और अल्पसंख्यकों की समस्याओं से लड़ने के लिए और जिले के महिला और कांग्रेस के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करती रहूंगी। मौके पर महासचिव साबीर अंसारी, उपाध्यक्ष मो आशीक़, रियासत ख़ान, मो ताजुद्दीन, मो नासिर, मोख़्तार ख़ान, फ़हीम अहमद, मुस्तकीम ख़ान, मो नूरेन, रहमत अली, हबीब अंसारी, सरवरी ख़ातून, चंदा ख़ातून, इब्राहिम अंसारी, ग़ुलाम रसूल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर तीसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साहब श्री गुरु गोविंद सिंह साहब जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए रामगढ़ शहर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से प्रभात फेरी आरंभ की गई है। कड़ाके की ठंड होने के बावजूद संगत में कमी नहीं आई,अमृत गुर ते पाया, सास सस सिमरो गोविंद÷ जैसे सब्दो से पूरा माहौल भक्तिमय हो गयाद्य निशान साहेब पर पुष्प की माला डाली, निशान साहब की सेवा जसकीरत सिंह सैनी गुरजोत सिंह सैनी के द्वारा नंगे पैर की गई। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर किला मंदिर लोहार टोला झंडा चौक सुभाष चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची।प्रभात फेरी की सेवा गुप्त थी परिवार की तरफ से चाय नाश्ता की सेवा की गई।मौके पर प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अमरजीत सिंह सैनी,डॉ नरेंद्र सिंह सोनी मनदीप सिंह गुरदीप सिंह सैनी,कुलवंत सिंह मारवाह, तेजेंद्र सिंह सोनी, मशहूर गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा इकबाल सिंह, बबल छाबड़ा यश छाबड़ा, रसप्रीत सिंह जग्गी, जिगर छाबड़ा, रौनक,कमल जैसल,रणजीत सिंह,हरजीत सिंह,जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा,गुरप्रीत कालरा उर्फ प्रीत, गुरबक्श कौर शामिल हुए।

## रामगढ़ कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने जिला कल्याण पदाधिकारी से की मुलाकात



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य जिले के कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और ज़रूरतमंद नागरिकों को उनका लाभ सुनिश्चित करने पर चर्चा । इस दौरान बजरंग महतो ने विभिन्न सामाजिक और विकासात्मक मुद्दों पर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया, जिनमें आदिवासी व अल्पसंख्यक एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण से जुड़े विषय शामिल थे। उन्होंने क्षेत्र में चल रही योजनाओं की स्थिति और लाभार्थियों को आ रही समस्याओं पर विस्तृत बातचीत की।सिद्धार्थ शंकर चौधरी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर श्री बजरंग महतो ने कहा, ÷रामगढ़ के हर नागरिक को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। मेरी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि हर जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उतम कुमार करमू कुमार युगल किशोर महतो आदि।

# गिद्दी भुरकुंडा दामोदर पुल बचाओ संघर्ष समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** गिद्दी ए दुर्गा मंडप के प्रांगण में गिद्दी भुरकुंडा दामोदर पुल बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में पुरुषोत्तम पाण्डेयकी अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें गिद्दी और भुरकुंडा के सभी राजनीतिक दल, ट्रेड यूनियन, होने वाले संभावित अप्रिय घटना को लेकर चर्चा की गई क्योंकि यह पुल 1980 के दशक में बना हुआ पुल है और वह अब बिल्कुल ही जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है और कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है तो न जाने कितने लोग कल के गाल में समाएंगे साथ ही साथ लाखों लोगों का आवागमन का साधन बंद हो जाएगा क्योंकि यह पुल ना सिर्फ दो जिले को जोड़ने वाला पुल है बल्कि दो विधानसभा को भी जोड़ने वाला पुल है। लगातार हम लोग मीडिया के माध्यम से धरना प्रदर्शन से इस बात को उठा रहे हैं लेकिन ना ही प्रबंधन, ना ही सरकार, ना ही प्रशासन के लोगों को कान में जूं रेंग रहा है लेकिन यदि घटना हुई तो उसके शिकार हम और भुरकुंडा के लोग होंगे इसलिए हमलोग आने वाले 16 तारीख को एक दिन का उपवास करेंगे और यह उपवास जो यहां इस दोनों क्षेत्र क्षेत्र के प्रशाशान, माननीय सांसद, माननीय विधायक मांडू प्लस बड़कागांव उपायुक्त हजारीबाग, उपायुक्त रामगढ़, चीफ इंजीनियर रोड डिविजन,सीसीएल के तमाम आला अधिकारियों को देंगे और यह ज्ञापन में उद्धारित रहेगा कि हम शुरुआत में उपवास के बाद उग्र आंदोलन की ओर बढ़ेंगे जिसमें हम ट्रांसपोर्टिंग जाम करेंगे बंद करेंगे जिसके लिए पूरी तरह जिम्मेवार प्रबंधन और प्रशाशन के लोग होंगे लेकिन किसी भी तरह से सभी लोगों के को नींद से जगा करके सबका सहयोग लेकर के जल्द से जल्द पुराने पुल की मर्मती के साथ-साथ नए पुल के निर्माण के दिशा में कार्रवाई हो या सुनिश्चित करेंगे इस बैठक में मुख्य रूप से पुरुषोत्तम पांडे दाढ़ी उप प्रमुख सुमन देवी मुखियाअरुण कुमार सिंह,हीरा गंजु ,महादेव महली, गुंजन साहू जानकी ठाकुरके साथ साथ राजनीतिक दल से शशि सिंह, संतोष यादव, सुंदर बेदिया, सुनील सिंह, ब्रज किशोर पाठक चंदन सिंह दीपक झा , प्रवीण सिंह, गिरिजा सिंह, श्याम सुंदर पाण्डेय, दिनेश यादव, मुकेश चंद्रवंशी उपेंद्र सिंह, रवि वर्मा और श्रमिक संगठन से रणधीर सिंह, बिछुल सिंह, रमाशंकर राम , अवतार सिंह, रमेश राजभर, चंदन कुमार सिंह एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में बसंत रवानी, के के सिंह, राजेश सिंह, बनू सिंह, राजबल्लभ सिंह, उपेंद्र सिंह, इंद्रजीत प्रसाद, श्रीकांत सिंह, सावरमल शर्मा, शकुंतला देवी, अन्टू सिंह, शमीम अंसारी, इत्यादि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# युनाइटेड कॉल वर्कस युनियन ने अपना 87 वॉ वार्षिक वर्षगांठ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया



**❍ युनियन मजदूरों के हक व अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी-कामरेड वरूण कुमार**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** युनाइटेड कॉल वर्कस युनियन ने शनिवार को बिरसा परियोजना एसी कैंटिन के समीप अपना 87 वॉ वार्षिक वर्षगांठ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। वहीं वर्षगांठ के मौके पर आम सभा कि गई। वहीं इस सभा कि अध्यक्षता बिरसा शाखा के अध्यक्ष कामरेड भोला प्रसाद ने किया। वहीं इस सभा के मुख्य वक्ता कामरेड वरुण कुमार रहे। वहीं मुख्य वक्ता एवं युनियन सचिव कामरेड वरूण कुमार ने कहा कि इस यूनियन का गठन 4 जनवरी 1939 को किया गया था। गठन करने वालों में आजादी के परवाने, प्रगतिशील विचारधारा एवं शोषित विहीन समाज बनाने का संकल्प लेने वाले ओड़िशा के सत्य नारायण पटनायक, कृपा सिन्धु कुटिया, तालो चौधरी,अली जान मियां, बैजनाथ लाहिरी एवं अन्य साथी थे। वहीं इस युनियन का गठन गिरिडीह मे किया गया था। ऐसी यूनियन जिसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी अहम भूमिका अदा की बल्कि कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण कराया। वहीं युकोवयू के सभी सदस्यों ने एक स्वर में मजदूरो से आह्वान किया गया कि युनियन को मजबूत व धारदार बनाना है। वहीं सचिव वरूण कुमार ने युकोवयू के वर्षगांठ पर युनियन के सभी सदस्यों के बीच मिठाई बांटी गई एवं संकल्प लिया गया कि भविष्य में युनियन मजदूरों के हक व अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी। वहीं इस मौके पर ओमप्रकाश सिंह, शहाबुद्दीन, अरविंद कुमार,जेपी मेहता, हरेंद्र कुमार सिंह,रामजी राम, फुलेश्वर मुंडा, सुरेश प्रसाद आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# प्रेस क्लब रामगढ़ के भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**❍ क्लब का सराहनीय कार्य, एक एक सदस्य बधाई के पात्र : एसपी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** प्रेस क्लब रामगढ़ के तत्वावधान में क्लब परिसर में आयरिश अस्पताल और ऑर्किड मेडिकल सेंटर के द्वारा शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अजय कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत क्लब के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार बीरू एवं सचिव धनेश्वर प्रसाद के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, सह सचिव ब्यास शर्मा, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, कार्यकारणी सदस्य रितेश कश्यप, दीपक कुमार, सौरभ नारायण सिंह आदि के द्वारा आयरिश अस्पताल और ऑर्किड मेडिकल सेंटर के चिकित्सकों और कर्मियों का स्वागत किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि और क्लब के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**प्रेस क्लब का कार्य सराहनीय, नई उचाई को छुए क्लब**

मौके पर मुख्य अतिथि अजय कुमार ने कहा कि प्रेस क्लब रामगढ़ के द्वारा इस शिविर का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोकतंत्र के तीन स्तंभ अपने अपने कार्य कर रहे हैं, उसी प्रकार चौथा स्तंभ जिसे पत्रकार कहा जाता है उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। एसपी ने कराया आंख जांच इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने शिविर में शामिल होकर। खुद आँख जांच कराया। जिसके बाद क्लब के पदाधिकारियों से पत्रकारों के बेहतरी पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार निर्भीक होकर पत्रकारिता करे, जनहित के मुद्दों को पटल पर निष्पक्षता से रखें । पुलिस आपकी सुरक्षा को लेकर हमेशा तैयार है। इन्होंने किया शिविर को सफल कार्यक्रम को सफल बनाने में आंख जांच के लिए इरिस हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ रोशन कुमार मार्केटिंग मैनेजर गौतम रवानी एवं ऑर्किड हॉस्पिटल से डॉक्टर मारुति नंदन और सिस्टर स्वाति और साथी ने अहम योगदान दिया। शिविर के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले उनके टीम लीडर एमडी काशिफ अख्तर की भी भूमिका अहम रही।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# असफीं हॉस्पिटल ने गंभीर रूप से बीमार बच्ची का सफल इलाज कर एक और उपलब्धि की हासिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल ने हाल ही में एक गंभीर रूप से बीमार बच्ची को सेप्टिक शॉक, गंभीर श्वसन संकट और निम्न ऑक्सीजन स्तर से पीड़ित होने के बावजूद सफल इलाज प्रदान कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल की उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा टीम ने इसके लिए नवीनतम तकनीक और विशेषज्ञता का उपयोग किया, जिससे बच्ची की जान बचाई जा सकी और उसकी स्थिति में सुधार हुआ।बच्ची की हालत बेहद नाजुक थी, जब उसे असर्फी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। उसकी सेप्टिक शॉक की स्थिति और गंभीर श्वसन संकट को देखते हुए उसे तत्काल आपातकालीन उपचार की आवश्यकता थी। अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने त्वरित प्रतिक्रिया दी और उसे जीवनरक्षक ऑक्सीजन सपोर्ट और अन्य आवश्यक उपचार दिया। अस्पताल की आंतरिक चिकित्सा और श्वसन विशेषज्ञों की टीम ने उसे स्थिर किया और उसके बाद उसकी स्वास्थ्य स्थिति में निरंतर सुधार हुआ। असर्फी हॉस्पिटल के नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर गांधी, एमडी, डीएनबी बाल चिकित्सा, डीआरएनबी नियोनेटोलॉजी ने कहा - यह हमारे अस्पताल की टीम की प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रमाण है कि हम अपनी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञता के साथ किसी भी जटिल स्थिति का सफल इलाज कर सकते हैं। वहीं बच्ची के पिता ने कहा कि हम असर्फी हॉस्पिटल के आभारी हैं और उन्हें धन्यवाद देना चाहते हैं, जिन्होंने हमारी बच्ची की जान बचाई।

# एस.जे.ए.एस हॉस्पिटल ने किया 200 लोगों का नि : शुल्क स्वास्थ्य जाँच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गोविंदपुर स्थित केकेसीईएम कॉलेज में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 25 वें प्रदेश अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल ने एक निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया। इस कैम्प का उद्देश्य स्थानीय समुदाय एवं आगंतुकों को स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करना था। शिविर में कुल 200 लोगों की स्वास्थ्य जाँच की गई। कैम्प में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इस मौके पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित




हुए। समारोह के दौरान अस्पताल के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस प्रकार के कैम्प्स को लगातार आयोजित किया जाएगा, ताकि आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें और वे जागरूक हो सकें।

# पेट्रोल पंपों पर चलाया नो हेलमेट नो पेट्रोल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देशानुसार धनबाद के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर ÷नो हेलमेट नो पेट्रोल÷ अभियान चलाया गया। मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर शुभम कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। मौके पर हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, आर.ई.ए. अमरेश कुमार एवं आइटी असिस्टेंट देवेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया में ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण सत्र आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया ने ÷मूल्यांकन और आकलन को सुदृढ़ बनाना÷ विषय पर एक प्रभावशाली प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया, जिसका नेतृत्व प्रतिष्ठित सीबीएसई ट्रेनर आभा मिश्रा ने किया। अपने संबोधन में श्रीमती मिश्रा ने आधुनिक मूल्यांकन तकनीकों और उनके छात्रों की समग्र शिक्षा में योगदान पर जोर दिया। उनके व्यावहारिक अनुभव, संवादात्मक चर्चाओं और नवाचारी रणनीतियों ने स्कूल के शिक्षकों पर गहरी छाप छोड़ी। वहीं ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. एस. खालिद ने विद्यालय की प्रगति में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, विद्यालय की प्रगति के लिए ट्रेंनिंग अत्यधिक आवश्यक है और विद्यालय हमेशा तत्पर है। प्रशिक्षण सत्र में स्कूल के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और चर्चाओं के माध्यम से अपने विचार साझा किए। श्रीमती मिश्रा द्वारा साझा की गई सर्वोत्तम शिक्षण व प्रशिक्षण कला ने सभी को अत्यधिक प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय प्राचार्या विद्या सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रयासों और सत्र के ज्ञानवर्धक अनुभव की सराहना की। स्कूल प्रबंधन ने आभा मिश्रा का विशेष आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# ट्रेनों पर धुंध व कोहरे का असर, सुबह की राजधानी पहुंची रात को



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बढ़ती ठंड के कारण ट्रेनों के देरी का सिलसिला भी बढ़ता जा रहा है। धुंध और कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो जा रही है। जिस वजह से ट्रेन लेट चलनी शुरू हो गई है। कोहरे के कारण धनबाद पहुंचने वाली ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला बढ़ गया है। लगभग सभी ट्रेनें घंटो देरी से धनबाद पहुंच रही है। शनिवार को भी यह सिलसिला जारी रहा। शनिवार सुबह 6 बजे के आसपास धनबाद आने वाली नई दिल्ली - सियालदह राजधानी एक्सप्रेस रात 10 बजे के बाद धनबाद आई। कई दूसरी ट्रेन भी धनबाद देर से पहुंची।शुक्रवार को सियालदह - राजधानी नई दिल्ली से लगभग 7 घंटे विलंब से खुली। शनिवार को जम्मूतवी - कोलकाता करीब 2 घंटे अधिक देरी से धनबाद पहुंची। इस तरह अजमेर - सियालदह एक्सप्रेस 2ऽ15 घंटे, जोधपुर - हावड़ा मेल 5 घंटे देरी से धनबाद आई। ऐसे में यात्रियों को परेशानी हो रही है। यह अलग बात है कि रेल इसकी सूचना प्रसारित करने का हर संभव प्रयास कर रहा है, लेकिन कोहरे और धुंध के कारण ट्रेन लेट से चल रही है। धनबाद में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़** Annexure 1

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/RAMGARH F2 - 13/2024-25 4th Call

दिनांक–04.01.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | DMFT न्यास परिषद् से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 3 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 06.01.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 4 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.01.2025 5:00 बजे अपराह्न |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.01.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0/ई–मेल | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।<br>मो0–06553–231173<br>eemidramgarh24408@gmail.com |

| क्र० | प्रखण्ड | पंचायत /ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 13/6 | Patratu | Balkudra | Construction of Boudary wall at UPG M.S Balkudra, Patratu | 1059000 | 2500 | 06 (छः) माह |
| 13/8 | Patratu | Deoriya | Construction of Boudary wall at UPG P.S Deoriya, Patratu | 1236700 | 2500 | 06 (छः) माह |
| 13/10 | Patratu | Sankul | Construction of Boudary wall at UPG P.S Upartola, Sankul, Patratu | 868200 | 1250 | 06 (छः) माह |
| 13/16 | Patratu | Karma Tola | Construction of Boudary wall at UPG P.S School, Karma Tola, Patratu | 1725300 | 5000 | 06 (छः) माह |

नोट– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 343586 Minor Irrigation(24-25)#D

# धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में अवैध ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने की सरकार से मांग की है। साथ ही कहा है कि इससे दवाओं की अनियमित बिक्री को भी रोका जा सकेगा। दवाओं की बिक्री और वितरण के लिए परामर्श पर्ची और अन्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने की मांग की है। जेसीडीए और एआईओसीडी ने मांग की है कि जन स्वास्थ्य और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सरकार का कदम जरूरी है। झारखंड के 16000 केमिस्टों का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रधान और उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव ने तीसरी बार स्वास्थ्य मंत्रालय कल्याण को पत्र लिखकर कोविड-19 महामारी के दौरान जारी अधिसूचना सीएसआरई को रद्द करने की अपील की है।धनबाद अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने मांग की है की सरकार जल्द से जल्द इस आदेश को वापस ले अन्यथा झारखंड के तमाम दवा दुकानदार आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। झारखंड के महासचिव सुभाष मंडल ने भी सरकार से मांग की है कि इस कानून को जल्द से जल्द स्वास्थ कल्याण मंत्रालय वापस ले। बैठक में महासचिव धीरज दास, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, राजेश सिंह, चंद्रशेखर गुप्ता, सुनील पोद्दार, अनुराग अग्रवाल, अमित गुप्ता, राकेश सिंह, अजय सिंह, नीलू सिंह, विकास अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, सुकांतो दत्त, आदित्य अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, चिंपू आदि उपस्थित थे।

# धरना पर बैठे 17 लोगो पर प्राथमिकी दर्ज, न्याय की मांग को लेकर डंटे रहे ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गोविंदपुर अंचल क्षेत्र पारसी पंचायत में स्थित केजी स्प्रिट जो एथनॉल बनाती है। जहा गेट के सामने 25 दिसंबर से लोग धरना पर बैठे हुए हैं। धरना प्रदर्शन का मुख्य कारण है केजी स्प्रिट से प्रदूषित धुआं और गंदे पानी का बहाव जिससे ग्रामीण के बच्चों और गर्भवती महिलाओं पर सीधे असर पड़ रहा है जिसकी जानकारी पारसी के मुखिया मेराज अंसारी ने मीडिया को बताया। उनका कहना है कि जिला प्रशासन की ओर से जो भी कागजात प्रदूषण एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र कंपनी के द्वारा अधिग्रहण किया गया साथ ही फैक्ट्री लगने से पूर्व ग्राम सभा का दस्तावेज मांगा गया था वो सार्वजनिक हो। साथ ही कंपनी के द्वारा गलत ढंग से जो 17 लोगो पर एफआईआर हुआ है उसकी पुलिस प्रशासन की ओर से निष्पक्ष जांच हो। वही जेएलकेएम धनबाद सांसद प्रत्याशी एखलाक अंसारी ने कहा कि गांव के लोग ही मरेंगे तो फिर वैसे कम्पनी की जरूरत क्या है। कम्पनी गलत तरीके से खुदिया नदी के पानी को भी दूषित कर रही है जहां लोग नहाने एवं जानवर पानी पीते हैं। इसकी भी जांच हो ओर गलत तरीके से 17 लोगो पर जो एफआईआर हुआ है उसकी भी जांच हो। हम लोग धरना प्रदर्शन शांति पूर्ण कर रहे हैं। जब तक न्याय नहीं मिलेगा हम लोग धरना पर बैठे रहेंगे।

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Short Term e-Procurement Notice**
**Date – 04-01-2025**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/79/2024-25 | Upgradation and Renovation of Male Ward No. 11 in of RINPAS Kanke, Ranchi | 8028900.00 | Two Month |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/80/2024-25 | Upgradation and Renovation OPD Complex in RINPAS Kanke, | 7867300.00 | Two Month |
| 3 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/81/2024-25 | Upgradation and Renovation of Male Ward No. 6 in of RINPAS Kanke, Ranchi | 8432400.00 | Two Month |
| 4 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/82/2024-25 | Renovation of Staff Qtr. Block L and Block P Qtr. No. 1 to 4 (Total 8 Unit) at Bazartar RINPAS Kanke Ranchi | 8172800.00 | Two Month |
| 5 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/83/2024-25 | Renovation of Staff Qtr. Block Q and Block R Qtr. No. 1 to 4 (Total 8 Unit) at Bazartar RINPAS Kanke Ranchi | 8172800.00 | Two Month |
| 6 | Start Date of Submission of Bids | | 13-01-2025 at 11.00 AM | |
| 7 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 20-01-2025 at 11.00 AM | |
| 8 | Date/Time of Opening of Bid | | 21-01-2025 at 11.00 AM | |
| 9 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 10 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 11 | Note : - Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer, Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR.NO.343523 Building(24-25):D

# राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट में झारखंड टीम ने किया कमाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड पिकल बॉल के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने शनिवार को जानकारी दी कि उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित आरवाईपी नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट में झारखंड के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने विभिन्न कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक हासिल किए। 30 प्लस मेंस सिंगल्स में धनबाद के चंद्रदेव प्रजापति ने ओडिशा के राजेश को 15-7 के बड़े अंतर से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। वहीं 19 प्लस मेंस सिंगल्स ओपन कैटेगरी में झारखंड के सोनू कुमार ने महाराष्ट्र के कुलदीप महाजन को हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। इसके साथ ही दीपक कुमार ने भी जोरदार खेल दिखाते हुए सानिश पाटिल को 11-10 से हराकर थर्ड पोजिशन प्राप्त की। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर झारखंड पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनकी यह जीत झारखंड के लिए गर्व का पल है और इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी।

# अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के महाअधिवेशन का तीसरा दिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** देश की कोयला राजधानी धनबाद में किन्नरों की अधिवेशन की शनिवार को कई कार्यक्रम किया जिसमें मुख्य कार्यक्रम शिक्क बांटने की रश्म किया गया जो देश भर से आए लगभग चार हजार माईयों को दिया गया। इस संबंध में बोकारो की नायक बबीता किन्नर ने बताया कि अभी तक पानीपत,पंजाब,मुंबई, इंदौर, लुधियाना,उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश,बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात,आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों के प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंच चुके है और अभी कुछ रास्ते में है। इस मौके पर सिलीगुड़ी से आई अलावाया नायक ने कहा की झारखंड में पहली बार हो रही किन्नरों का अधिवेशन में लगातार आना जारी है। आए हुए प्रतिनिधियों ने बताया कि हम लोगों झारखंड के बारे में बहुत कुछ सुना था मगर आने के बात बहुत भिन्न देखने को मिला, लोगों ने बताया कि झारखंड बहुत अच्छा राज्य है और धनबाद आने पर हम लोगों का भव्य स्वागत किया और साथ ही रहने खाने और विश्राम की व्यवस्था बहुत अच्छा है। तीसरे दिन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से छम छम देवी नायक झरिया धनबाद, अलाव्य नायक सिलीगुड़ी, बबीता नायक बोकारो, जोधाबाई नायक, अरुणा नायक रामगढ़, सीमा नायक इंदौर, जकी नायक, प्रेमा नायक, छोटकी नायक, ललन नायक पटना, मुन्नी नायक बेरमो,ज्योति नायक, दिल्ली से एक्टर देवी किन्नर, सांवरिया, गीता नायक आदि शामिल थे।

**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा।**

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024–25**

**(4th Call)**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध/अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिशद कोडरमा में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–10.01.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–11.01.2025 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–11.01.2025 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद् कार्यालय, जि0ग्रा0वि0शा0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जि0ग्रा0वि0शा0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | एक्टिविटि क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 88389114 | प्रखण्ड सतगावां के पंचायत कटैया के ग्रमा कटैया में ब्रह्मदेव यादव के घर से राजेन्द्र यादव के घर तक नाली का निर्माण | 327600.00 | 7000.00 | 750.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 343532 (Panchayati Raj) 24-25 (D)

# मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय को नहीं किया जायेगा बर्दाश्त : सांसद सुखदेव भगत

## हिंडाल्को को हर हाल में मजदूरों को देना होगा रोजगार, मजदूरों के साथ न्याय होगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ट्रक अनलोडिंग मजदूर संघ के सैकड़ो मजदूर आज लोहरदगा के सांसद माननीय श्री सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात किया और मजदूरों ने सांसद को बताया कि हम लोग अनलोडिंग स्टेशन में बिगड़ 17 वर्षों से कम कर रहे हैं जिससे हम लोगों का भरण पोषण होता है। हिंडालको कंपनी गत दो माह से अनलोडिंग स्टेशन में ट्रकों का परिचालन बंद कर दिया है जिसके कारण हम सबों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। मजदूरों ने सांसद से सभी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किये। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि वह मजदूरों के साथ हैं। मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मजदूरों को न्याय मिलेगा। श्री भगत ने कहा कि विगत 17 वर्षों से सैकड़ो ट्रक मजदूर काम कर रहे हैं जिसके कारण हजारों लोगों का भरण पोषण हो रहा है। दो माह से हिंडाल्को के द्वारा ट्रकों का परिचालन बंद करने से मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। जनप्रतिनिधि होने के नाते मजदूरों को न्याय दिलाना उनका दायित्व है। हिंडाल्को एक ओर रोपवे से बॉक्साइट का ढुलाई कर रही है लेकिन ट्रकों के द्वारा बॉक्साइट का ढुलाई लोहरदगा स्टेशन में नहीं कर रही है अगर ट्रकों से प्रदूषण होता है तो रोपवे से भी प्रदूषण होगा। हिंडाल्को के दोहरे नीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मजदूरों के हक हुकुम के लिए वे मजदूरों के साथ है। हिंडाल्को का हर हाल में मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना होगा। मौके पर मनोज सोन तिर्की, अनिल उरांव, विनोद उरांव, प्रेमचंद महतो, प्रदीप उरांव, नीलमणि तिग्गा, सुधा उरांव, ललिता उरांव, रवि महली, बुधमन टोप्पो, विमला उरांव, फुलमनी उरांव, सुगी उरांव, धर्मदेव उरांव, ननका अंसारी, निवेश उरांव, रोपा उरांव, मनोज भगत, आलोक कुमार साहू, नेसार अहमद, साजिद अहमद चंगू, जगदीप भगत, सोनू कुरैशी सहित सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत लोगों को यातायात के नियमों के जानकारी व पालन हेतु आज शनिवार को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर लोहरदगा से रवाना किया गया। इन जागरूकता रथों के जरिये लोगों को हेमलेट पहन कर दोपहिया वाहन चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, निर्धारित गति सीमा के अंदर ही वाहन का परिचालन करने समेत अन्य जानकारी दी जाएगी। उपायुक्त व अन्य पदाधिकारी जिला परिवहन कार्यालय की ओर से चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए और सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली। आज इस मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, समाजसेवी संजय बर्म्मन, रोड सेफ्टी मैनेजर समेत अन्य उपस्थित थे।

# उच्च वर्गीय लिपिक के निधन पर शोक, रखा गया दो मिनट का मौन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला आपूर्ति कार्यालय में पदस्थापित उच्च वर्गीय लिपिक तारामनी कुमारी का आकस्मिक निधन हो गया जिसे लेकर आज उपायुक्त कार्यालय, लोहरदगा प्रांगण शोक स्वरूप 2 मिनट का मौन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में रखा गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। स्वर्गीय तारामनी अपनी सेवा के दौरान कर्त्तव्यनिष्ठ, अनुशासित, मृदुभाषी एवं व्यवहारकुशल कर्मी रहीं।

# जेएसएलपीएस ने प्रखंड के सैकड़ो किसानों के बीच उन्नत किस्म के भिन्डी, बैंगन, लौकी, मिर्ची बीज का किया वितरण



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड कार्यालय परिसर में 04 जनवरी शनिवार को जेएसएलपीएस के तत्वावधान में प्रखंड के सैकड़ो किसानों के बीच किया गया उन्नत किस्म के बीज का वितरण। इस अवसर पर जेएसएलपीएस के बीटीएम अल्पना खलखो ने बताया की प्रखंड के कैरो, नरौली, गजनी, गुड़ि, चिपो, सढाबे, एडादोन, हुद्दू, हनहट, गितिलगढ़ इत्यादि सैकड़ो किसानों के बीच किसानों के आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से उन्नत किस्म के बीज भारतीय बीज निगम लिमिटेड द्वारा प्रमाणित एनएससी की बीज भिन्डी, लौकी, वैन्गन, मिर्ची बीज का निश्शुल्क किया गया वितरण। किसान कृषि कार्य करके सब्जियों के उत्पाद्न से आत्मनिर्भर बनेंगे, और उनकी आर्थिक स्थिति मजबुत होगी। मौके पर परवेज अंसारी ,बलराम केवट, दीपक साहू के अलावा प्रखंड के सैकड़ो किसान बीज वितरण के समय उपस्थित थे।

## मुस्लिम ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी निंदनीय : अब्दुल रउफ अंसारी

# जनहित के मामलों को लेकर आंदोलन कर रहे ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति के खिलाफ कंपनी की दलाली कर रहे है कंवलजीत सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी ने गुरुवार को बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के कंवलजीत सिंह द्वारा दो मुस्लिम ट्रांसपोर्टरों के संबंध में कुछ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, जिसकी हम निंदा करते हैं। सदर श्री अंसारी ने आगे कहा है कि ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति जो आंदोलन कर रही है,उनकी सभी मांगें जायज है। बिमरला बॉक्साइट माइंस के संरक्षक शिव कुमार भगत, संरक्षक इस्लाम अंसारी, अध्यक्ष राजीव उरांव सहित उस इलाके के सभी मुखिया जो आंदोलन कर रहे हैं उनका हम समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि बिमरला माइंस में जनहित को देखते हुए कंपनी के खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है। इससे हिंडाल्को के दलालों दर्द क्यों हो रहा है। इन्होंने दलालों को बिमरला माइंस के आंदोलन से दूर रहें, अन्यथा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। श्री अंसारी ने कहा कि बॉक्साइट के परिवहन में 90 फीसदी मुस्लिम और आदिवासी शामिल हैं। फिर भी हिंडाल्को कंपनी द्वारा ना ही कोई रोजगार दिया गया और ना ही कोई काम में रखा गया। श्री अंसारी ने ट्रक ऑनर एसोसिएशन के नेताओं से पूछा है कि बिमरला माइंस में ट्रक का भाड़ा प्रति टन 120 रुपया कम क्यों है। तथा एग्रीमेंट के आधार पर कंपनी किसी भी माइंस में ट्रिप नहीं दे रही है, जिससे सभी ट्रक मालिकों को काफी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन के नेताओं द्वारा कम्पनी के द्वारा किया हुआ एग्रीमेंट की कॉपी अभी तक सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया। ना ही उसकी कॉपी किसी ट्रक मालिकों को देखने के लिए मिली है। इससे जाहिर होता है कि एसोसिएशन और कंपनी की आपसी मिलीभगत है। जिसके कारण ट्रक मालिकों,लोडरों, चालकों व सह चालकों का शोषण किया जा रहा है।

# मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** व्यवहार न्यायालय परिसर के पीडीजे वेश्म में प्रधान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में 25 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन संग बैठक का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय विभागों के स्टॉल लगाने एवं परिसंपत्ति वितरण हेतु विभिन्न विभागों से योजनाओं के लाभुकों का चयन कर लाभान्वित करने, जागरूकता लाने आदि से संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मेगा लीगल एम्पावरमेंट कैम्प का थीम मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रेफिकिंग) तथा लीगल कैंप में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया जाएगा। कार्यक्रम नगर भवन सिमडेगा में आयोजित की जाएगी। बैठक में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ, एडीजे नरंजन सिंह, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, सीजेएम मनीष कुमार सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, डीआईओ गौरव कुमार, बीडीओ समीर रनीयर सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# बीडीओ ने टाटी पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र का किया उद्घाटन



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटी पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र का आज दिनांक 04/01/2025 को उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ कुडू प्रवेश कुमार साव, बीपीओ निलेन्द्र कुमार और मुखिया जी फिता काट कर ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि जो लोगों पढ़ाई में रुचि रखते हैं वो पंचायत में आ कर पढ़ाई कर सकते हैं। इस मौके पर बीडीओ प्रवेश कुमार साव, बीपीओ निलेन्द्र कुमार, राजमुनि मुखिया, राजेश आवास मित्र, रजनी रोजगार सेवक, प्रज्ञा केंद्र संचालक कुंदन कुमार, जयपाल मुंडा, इत्यादि मौजूद थे।

# कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने नये थाना प्रभारी अजीम अंसारी को बुके व शॉल ओढ़ाकर किया स्वागत



**कुडु-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा बीते दिनों जिले के कई थाना प्रभारियों को इधर से उधर तबादला किया गया था। इसी कड़ी में एसपी हारिस बिन जमां ने कुडू थाना के नये थानेदार के रूप में अजीम अंसारी को जिम्मेदारी सौंपी है। इधर कुडू थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी अजीम अंसारी से कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने बुक और शॉल देकर स्वागत व सम्मानित किया। इस बीच कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि नये थाना प्रभारी अजीम अंसारी से क्षेत्र में आपसी भाईचारा कायम करने में काफी उम्मीदें रहेगी। उन्होंने नये थाना प्रभारी का स्वागत करते नव पदस्थापित थाना प्रभारी अजीम अंसारी से गुजारिश करते हुए कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और आम जनता से समन्वय स्थापित कर बेहतर पुलिसिंग की उम्मीद रहेगी। इसपर नव पदस्थापित थाना प्रभारी अजीम अंसारी ने कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी के साथ मिल-जुलकर क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग देना, क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करना एवं जन सरोकार को लेकर खरा उतरने का सार्थक प्रयास रहेगा।

# जय श्री राम समिति ने तीन यूनिट रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज जय श्रीराम समिति के द्वारा तीन पीड़ित मरीजों को ब्लड दिया गया। जानकारी स्वरूप नगर क्षेत्र के महादेव टोली निवासी अरविंद महतो की पत्नी ममता देवी, सदर प्रखंड के हरमू पंचायत निवासी माड़ो उरांव की पुत्र श्रीकांत उरांव, कुडू प्रखंड के रामकेश्वर साहू के पुत्र मनोज साहू समेत तीनों मरीज सदर अस्पताल में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्री राम समिति से संपर्क किया समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य सूरज मिश्रा नवीन कुमार एवं रितेश उरांव ने एक-एक यूनिट ब्लड देकर पीड़ित की जान बचाई। जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने कहा रग रग में सेवा की भावना लिए बैठा हूं खुद जागता हूं और लोगो को जागता हूं। थोड़ा सा प्रयास से कई घरों की आंगन जगमगाती है। जीवन राज मेहता ने कहा दो बूंद काफी है जीवन के लिए, सिर्फ लेने की इच्छा रखने वाले डोनेट कर दूसरों की जान बचाने में भूमिका निभाएं पीड़ित के लिए संजीवनी की काम करेगी। मौके पर जिला महामंत्री प्रदीप साहू, जीवन राज मेहता, सबीता देवी, रोहन नाइक आदि लोग मौजूद थे।

# उच्च वर्गीय लिपिक के निधन पर शोक सभा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** जिला आपूर्ति कार्यालय में पदस्थापित उच्च वर्गीय लिपिक तारामनी कुमारी का आकस्मिक निधन हो गया जिसे लेकर आज कुडू प्रखंड सह अंचल कार्यालय, कुडू के प्रांगण में शोक स्वरूप 2 मिनट का मौन कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव के नेतृत्व में रखा गया। इस मौके पर निलेन्द्र कुमार, सुनील चंद्र कुंवर, अवध किशोर प्रसाद, विशाल मिंज, तरुण कुमार, सूरज कुमार, दिलीप कुमार समेत प्रखंड सह अंचल के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। स्वर्गीय तारामनी अपनी सेवा के दौरान कर्त्तव्यनिष्ठ, अनुशासित, मृदुभाषी एवं व्यवहार कुशल कर्मी रहीं।

# ठण्ड को देखते हुये उपायुक्त ने गरीबो के बीच किया कम्बल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिले में शीत लहर ठंड के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने नगर भवन, सिमडेगा में असहाय, वृद्ध तथा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। जिसमें शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों के 90 असहाय, वृद्ध तथा जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। उपायुक्त के द्वारा जिला में शत प्रतिशत लक्षित जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कंबल का वितरण किया गया। साथ ही ठंड का प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा अलाव की भी व्यवस्था महत्वपूर्ण चौक चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर की जा रही है. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो, नगर प्रशासक पदाधिकारी समीर बोदरा सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत जयंती समारोह सह मेला धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** शनिवार को ग्राम बंदुवा में आगामी स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत जयंती समारोह सह जतरा 22 जनवरी 2025 को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष अनूप भगत ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी आशीर्वाद टाना भगत महज 20 वर्ष की आयु में ही स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। रांची क्षेत्र में घूम-घूम कर स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति लोगों को जागरूक किया करते थे उनकी इन्हीं कार्यों को देखते हुए अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार करके फुलवरी शरीफ बिहार जेल में डाल दिया था और उन्हें स्पेशल सेल में रखा गया था। आशीर्वाद टाना भगत जैसे ही जेल से निकले उसके बाद उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को और तेज कर दिया। आशीर्वाद टाना भगत ने रामगढ़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस से मिलकर स्वतंत्रता आंदोलन का रणनीति तैयार किया था बाद में सन 1942 में जब महात्मा गांधी भारत छोड़ो आन्दोलन के विस्तार को लेकर डाल्टनगंज आए थे तब भी स्वतंत्रता सेनानी आशिर्वाद ने गांधी जी से मिलकर आंदोलन की समिति बनाई थी। स्वतंत्रता सेनानी आशिर्वाद टाना भगत के पुत्र अम्बिका भगत ने कहा कि इस बार जयंती समारोह पिछले साल की भांति ही धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी तैयारी जोरों शोरों से चल रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष अनूप भगत, उपाध्यक्ष राजदेव भगत, सचिव दामोदर भगत, उपसचिव कौशिक भगत, संरक्षक अम्बिका भगत, बासुदेव भगत, धर्मदेव भगत, बिंदेश उरांव, सुनिल मुंडा, संजय गंझू, सुधांशु भगत, कार्तिक भगत, सोमरा टाना भगत, सुनिल टाना भगत, अमित उरांव, सन्नी उरांव, अनुपम भगत, सुधांशु भगत, इन्द्रनाथ भगत, एतवा उरांव, रविन्द्र उरांव, तुलसी भगत आदि उपस्थित थे।

## पुल निर्माण के साथ ही पकड़ेगी विकास की रफ्तार : विधायक भूषण बाड़ा

# पाकरटांड प्रखंड के जामटोली से घिरकट्टा गांव के बीच पालामाड़ा नदी में विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से बनेगा पुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि नदी में पुल नहीं रहने से नदी के दूसरे छोर में बसे गांवों तक विकास की किरणें नहीं पहुंच पाती है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बरसात के दिनों में टापू की जिंदगी गुजारने वाले गांवों के बीच मे स्थित नदियों में पुल निर्माण करवाया जा रहा है। नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण के साथ ही नदी के दूसरे छोर में स्थित गांवों में विकास की गति तेज रफ्तार के साथ पहुंचेगी। विधायक पाकरटांड प्रखंड के जामटोली से घिरकट्टा गांव के बीच पालामाड़ा नदी में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनांतर्गत बनने वाले उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में कही। मौके पर विधायक एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने शिलापट्ट का अनावरण किया। विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि गुणवत्तापूर्ण पुल का निर्माण करवाना ग्रामीणों की भी जिम्मेवारी है। सभी ग्रामीण देखें कि पुल का निर्माण सही तरीके से गुणवत्ता के साथ हो रहा है अथवा नहीं। नहीं होने की स्थिति में संवेदक से गुणवत्ता में सुधार लाने की अपील करें। फिर भी संवेदक द्वारा सुधार नहीं किया जाता है तो इसकी सूचना हमें दें। विधायक ने कहा कि पुल निर्माण के बाद ग्रामीणों की जरूरतों के अनुसार गांव में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाया जाएगा। यहां के ग्रामीणो को सरकार की हर योजनाओं से जोड़ा जाएगा। मौके पर पंचायत अध्यक्ष पानियल लकड़ा, संजय तिर्की, पंचायत समिति प्रतिमा कुजूर, ज्योति लुगुन, नीला नाग सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**क्षेत्र का विकास महागठबंधन सरकार की पहली प्राथमिकता : जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि महागठबंधन सरकार एवं विधायक भूषण बाड़ा की पहली प्राथमिकता क्षेत्र का विकास करना है। आज हर क्षेत्र में विकास की गंगी बह रही है। सभी योजनाओं को धरातल में उतारने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण भी योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आर्थिक मजबूत कर रहे हैं। आज मईंया सम्मान योजना लाकर सरकार ने महिलाओं एवं युवतियों को बड़ा सम्मान दिया है। इस योजना से महिला बहनों को छोटी मोटी काम के लिए किसी से पैसे मांगने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री से मिले सांसद और विधायक, दी बधाई



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सांसद कालीचरण सिंह एवं विधायक जनार्दन पासवान ने मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री से झारखंड लोक सेवा आयोग की सदस्य अजिता भट्?टाचार्य ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री से झारखंड के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के पुत्र रितेश बैस ने मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

### जनहित की बजाय जन-हिट की पत्रकारिता देश के लिए घातकः अनुराग सिंह ठाकुर

**नई दिल्ली :** पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जन हित के बजाय जन-हिट की पत्रकारिता को देश के लिए घातक बताया है। ठाकुर का कहना है कि सच्ची और अच्छी पत्रकारिता वही है जो आम जन को राष्ट्र के हित में हमेशा जागरूक रखे, लेकिन ऐसे विषयों पर सावधानी अवश्य रखे जिससे देश की छवि धूमिल होती हो। हिन्दी पाक्षिक युगवार्ता के विस्तार की नवीन योजना का शुभारंभ करते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र से यह अपेक्षा की कि वह राष्ट्रीय चेतना का संचार करने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का काम करता रहेगा। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि देश इस समय चौतरफा तरक्की की राह पर है। आर्थिक रूप से भारत पिछले 10 वर्षों में दुनिया की दसवीं अर्थव्यवस्था से पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है और तेजी से तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। कोरोना महामारी के समय भी भारत की तरक्की रूकी नहीं पर इंफोडेमिक के माध्यम से विश्व के मंचों पर भारत की दुर्दशा दिखाने की कोशिश की गई। मीडिया में व्याप्त कांग्रेसी-कम्युनिष्ट तंत्र का इको सिस्टम राष्ट्रहित की बजाय राष्ट्र-हिट अर्थात मोदी विरोध के चलते राष्ट्र को ही हानि पहुंचाने की कोशिश करता है। ऐसे में युगवार्ता सरीखी निष्पक्ष पत्रिका और पत्रकारिता के क्षेत्र में ईमानदारी से कार्य करने वालों का यह दायित्व है कि वह देश और उसकी सनातन की रक्षा करने में अपनी भूमिका को और प्रभावी बनाएं।

# नहीं रहे रहे न्यूक्लियर साइंटिस्ट आर चिदंबरम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश में 1975 और 1998 के परमाणु परीक्षणों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार तड़के (4 जनवरी 2025) 88 साल की उम्र में निधन हो गया. परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के एक अधिकारी ने बताया कि परमाणु हथियार कार्यक्रम से जुड़े रहे चिदंबरम ने मुंबई के जसलोक अस्पताल में देर रात तीन बजकर 20 मिनट पर अंतिम सांस ली.डीएई की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''हम अत्यंत दुख के साथ सूचित करते हैं कि प्रख्यात भौतिक विज्ञानी और भारत के सबसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में से एक डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार तड़के 3.20 बजे निधन हो गया. भारत की वैज्ञानिक और रणनीतिक क्षमताओं में डॉ. चिदंबरम के अद्वितीय योगदान और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उनके दूरदर्शी नेतृत्व को हमेशा याद किया जाएगा.'' वर्ष 1936 में जन्मे चिदंबरम चेन्नई के प्रेसीडेंसी कॉलेज और बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व छात्र थे. चिदंबरम ने भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (2001-2018), भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के निदेशक (1990-1993), परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष और भारत सरकार के सचिव, डीएई (1993-2000) समेत कई प्रतिष्ठित पदों पर सेवाएं दीं. उन्होंने 1994 से 1995 तक अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया. चिदंबरम ने भारत की परमाणु क्षमताओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

**पोखरण परमाणु परिक्षण निभाई थी बड़ी भूमिका**

बयान में कहा गया,उन्होंने 1974 में देश के पहले परमाणु परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 1998 में पोखरण-2 परमाणु परीक्षण के दौरान परमाणु ऊर्जा विभाग की टीम का नेतृत्व किया. उनके योगदान ने भारत को वैश्विक मंच पर एक परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित किया. इसमें कहा गया,विश्वस्तरीय भौतिक विज्ञानी के रूप में डॉ. चिदंबरम के उच्च दाब भौतिकी, क्रिस्टल विज्ञान और पदार्थ विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान ने वैज्ञानिक समुदाय की समझ को विकसित करने में काफी मदद की. इन क्षेत्रों में उनके अग्रणी कार्य ने भारत में आधुनिक पदार्थ विज्ञान अनुसंधान की नींव रखी.

**सुपर कंप्यूटर के स्वदेशी विकास की पहल की**

परमाणु ऊर्जा विभाग ने बयान में कहा,डॉ. चिदंबरम ने ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और सामरिक आत्मनिर्भरता जैसे क्षेत्रों में पहल की और अनेक परियोजनाओं का संचालन किया, जिससे भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिदृश्य में उल्लेखनीय प्रगति हुई. चिदंबरम ने भारत में सुपर कंप्यूटर के स्वदेशी विकास की पहल करने और नेशनल नॉलेज नेटवर्क की संकल्पना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस नेटवर्क ने देश भर के अनुसंधान और शैक्षणिक संस्थानों को जोड़ा.

### समावेशी स्वास्थ्य का रोड मैप तैयार करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया मंथन शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली :** समावेशी स्वास्थ्य के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए रोड मैप तैयार करने के मकसद से शनिवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंथन शिविर का आयोजन किया। इस बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने की। इस बैठक का उद्देश्य नागरिकों को सस्ती, आसानी से सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और व्यापक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लक्ष्यों के लिए एक समग्र, अभिनव और प्रगतिशील रोडमैप तैयार करना है। जेपी नड्डा ने बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री के विकसितभारत2047 का विजन न केवल हम सभी को मार्गदर्शन दे रहा है, बल्कि हमें ऐसे देश की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित भी कर रहा है।

# राज्यपाल से हाई कोर्ट के जस्टिस ने की मुलाकात




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शनिवार को झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान न्यायमूर्ति ने राज्यपाल को स्वरचित पुस्तक ÷न्याय पथ के पथिक÷ भेंट की। राज्यपाल ने पुस्तक रचना के लिए न्यायमूर्ति को बधाई दी और उनकी इस उत्कृष्ट साहित्यिक उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने आशा प्रकट कि यह पुस्तक न्यायिक प्रक्रिया, उसके मूल्यों और आदर्शों को समझने में सहायक सिद्ध होगी। दूसरी ओर, राज्यपाल से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा राज्यपाल से राज्यसभा के पूर्व सदस्य अजय मारू ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। अजय मारू ने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी मारू को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

# बोकारो में कई स्थानों पर एनआईए ने की छापेमारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम नक्सल प्रभावित चतरोचट्टी क्षेत्र के चुट्टे और लोधी सहित गोमिया थाना क्षेत्र के धमधरवा जैसे दुर्गम गांवों में छापेमारी कर रही है। एनआईए की यह छापेमारी नक्सलियों के मददगार और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ हुई है।तुईयो सहित अन्य गांवों से मिली जानकारी के अनुसार, दो शिक्षकों और अन्य के यहां छापेमारी हुई है। संबंधित सभी घरों के सदस्यों के मोबाइल जब्त किये गए हैं। अभी तक कोई गिरफ्तारी तो नहीं हुई है लेकिन मोबाइल फोन और अलग-अलग जगहों से कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं। बताया गया है कि पिछले साल लुगू पहाड़ पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के बाद नक्सलियों का एक लैपटॉप जब्त किया था। इस लैपटॉप से कुछ सुराग मिले थे, जिसके आधार पर एनआईए की टीम छापेमारी करने पहुंची है। इसके अलावा हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के एक गांव में भी छापेमारी की गई है।बताया जा रहा है कि एनआईए की आठ टीमें बोकारो पहुंची हैं। इन टीमों ने नक्सली समर्थकों के यहां छापेमारी की है। बोकारो के एसपी मनोज स्वर्गीयारी ने शनिवार को जिले में एनआईए की छापेमारी की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि सुबह से ही एनआईए की टीम गोमिया और चतरोचट्टी में छापेमारी कर रही है। बोकारो पुलिस उनकी मदद कर रही है।

# बच्चों में उत्तम विचार उनके विद्यालय के व्यवहार व संस्कार को दर्शाता है : अविनाश देव

*** संत मरियम स्कूल के बच्चों ने सदर अस्पताल के मरीजों के बीच किया फलों का वितरण**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नए साल को लोग अपने सोच के हिसाब से अपने अपने तरीके से सेलिब्रेट किया खुशियां मनाई। कुछ नदी पहाड़ झरनों के लुत्फ़ उठाए तो कुछ लजीज व्यंजनों के सौंधी स्वाद चखे,कुछ गरीबों को खिलाकर खुश हुए तो मंदिरों में खुशहाली के मन्नत मांगे। लेकिन इन्हीं लोगों के बीच से कुछ ऐसे व्यक्ति भी हैं जो सबों से अलग बीमार लाचार को सेवा करना चाहते हैं। जैसा आपका संस्कार मिला वैसे ही विचार आता है। आज हमारे संत मरियम विद्यालय के बच्चे हमारे दिल को तब जीत लिया जब वर्ग नौ के विद्यार्थियों ने कहा कि भैया नए साल के उपलक्ष में अपने जेब खर्च से सरकारी अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण करना चाहते हैं। सिविल सर्जन से संपर्क साधे अस्पताल भ्रमण के इजाजत दिए आवश्यक निर्देश के साथ सिविल सर्जन श्री अनिल सिंह बच्चों को उत्प्रेरित भी किए। महोदय को अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किए। बच्चों को अस्पताल तक पहुंचाए अस्पताल कर्मी के मदद से हर वार्ड के मरीजों से बच्चे मिले और नए साल के तोहफा के रूप में फल प्रदान किए। बच्चे संसाधन विहीन मरीज एवं अस्पताल के व्यवस्था रहन सहन से अवगत हुए नए साल में नया अनुभव लिए। हम उम्मीद करते हैं इन बच्चों से हर बच्चे प्रेरणा लेंगे,संत मरियम के बच्चों का अगला पड़ाव है हर शनिवार को खिचड़ी बाटने की। हमारी कोशिश होगी बच्चों के साथ मिलकर यह योजना को लगातार करें। प्रति दिन खिचड़ी वितरण से असहाय या बाहर के मरीज को बड़ी राहत मिलेगी। हमारी कोशिश है संत मरियम विद्यालय के हर विद्यार्थियों में यह सोच विकसित करें।




यही बच्चे आगे चल का बूढ़े मां बाप को सेवा करेंगे। बच्चों को हमने कहा आपके ही उम्र एक आदिवासी का लड़का बीमार को सेवा किया और भगवान बन गया जिसे हम सभी भगवान बिरसा मुंडा के नाम से जानते हैं। हैजा कालरा पीड़ित को सेवा करने वाला एक आदमी भारत का राष्ट्रपिता बन गया जिन्हें देश आदर से बापू कह कर पुकारता है। कुष्ठ रोगियों के देखभाल करने वाली विदेशी मुल्क के एक लड़की नोबेल ली जिन्हें हम मदर टेरेसा के नाम से जानते हैं। क्या पता आपका यह सेवा भाव किस ऊंचाई पर ले जाएगा। आपके अंदर विचार पनपना चाहिए क्या पता इसी में से कोई विचारक बन जाए। आप सबों ने आज काबिल - ए - तारीफ काम किया है। सबों को बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं।

**कोलकाता में आयोजित खेलो इंडिया खेलो प्रतियोगिता के लिए संत मरियम के खिलाड़ी चयनितः** संत मरियम विधालय के 6 चयनित बाल कराटेकार कोलकत्ता में तृतीय खेलों इंडिया खेलो ओपेन नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में हिस्सा लेगे जिनका नाम इस प्रकार है ~ रितू राज,अभिषेक कुमार सिंह, रितिक कुमार सिंह,शुभम कुमार सिंह,युवराज कोरवा, गौरव कुमार सिंह इत्यादि। यह चैम्पियनशिप शितो-रियु कराटे डू फेडरेशन के तत्वावधान में वेल्स ग्लोबल स्कूल, हावड़ा में 5 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। यह टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 4 जनवरी को शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में कलकत्ता के लिए रवाना होंगे। जबकि टीम मैनेजर अमित कुमार प्रजापति को नियुक्त किया गया है।विधालय के चेयरमैन अविनाश देव ने समस्त खिलाड़ियों को तिलक व पुष्प वर्षा कर टीम को कलकत्ता के लिए रवाना किया।

# मणिपुर में ताजा हिंसा को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने मणिपुर में ताजा हिंसा के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी ने दोहराया है कि मणिपुर की समस्या को सुलझाने के लिए प्रधानमंत्री को सभी राजनीतिक दलों के साथ मिल बैठकर सार्थक कोशिश करनी चाहिए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को एक वक्तव्य में कहा कि मणिपुर में हाल ही में एक बार फिर हिंसा की वारदात देखने को मिली है। इस बार भीड़ ने पुलिस अधीक्षक पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप कांगपोकपी जिले में कई लोग घायल हो गए। खरगे ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस घटना पर खेद जताया है लेकिन यह उनके लिए शर्मनाक है। प्रधानमंत्री के मणिपुर का दौरा नहीं करने के अवसरों को वहां के मुख्यमंत्री अपने तरीके से समय-समय पर भुना रहे हैं।खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आखिरी बार चुनावी बेला में जनवरी 2022 में प्रचार के लिए मणिपुर गए थे। राज्य में 3 मई 2023 को हिंसा भड़क उठी। 600 से ज़्यादा दिन बीत चुके हैं और सैटेलाइट इमेज के ज़रिए मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि राज्य में कई गांवों का सफाया हो चुका है। हाल ही में एक बार फिर हिंसा की एक और घटना देखने को मिली जब भीड़ ने पुलिस अधीक्षक पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप कांगपोकपी जिले में कई लोग घायल हो गए। यह खूबसूरत सीमावर्ती राज्य जिस तरह से खूनखराबे के दौर से गुजर रहा है, उसमें अबतक 250 से ज़्यादा निर्दोष लोगों की मौत हो चुकी है और 60,000 लोग विस्थापित हो चुके हैं। लोग अभी भी 20 महीने से शिविरों में रह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि शांति और सामान्य स्थिति सुनिश्चित करना केंद्र और राज्य सरकारों की प्राथमिक ज़िम्मेदारी है।

# अजमेर दरगाह पहुंची पीएम मोदी की भेजी चादर




एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी की भेजी हुई चादर लेकर अजमेर पहुंचे. लगातार चल रहे अजमेर विवाद के बीच किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री की तरफ से भेजी गई चादर अजमेर शरीफ की दरगाह पर चढ़ाई. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में चादर चढ़ाने पहुंचे किरेन रिजिजू ने कहा, अजमेर में उर्स के दौरान गरीब नवाज की दरगाह पर जाना हमारे देश की पुरानी परंपरा है.किरेन रिजिजू ने कहा कि इस बार उर्स के मौके पर गरीब नवाज के यहां चादर चढ़ाने का मौका मुझे मिला है. प्रधामनमंत्री मोदी जी का पैगाम भाईचारा और पूरा देश एक जुट होकर मिलजुल कर रहने का है.केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि कल हम निजामुद्दीन दरगाह में भी गए थे और वहां भी हमने सबके साथ मिलकर चादर चढ़ाया फिर दुआ मांगी. रिजिजू ने कहा कि उर्स के इस शुभ अवसर पर हम सब यह चाहते हैं कि देश में अच्छा माहौल बनें और कोई भी ऐसा काम ना करें जिससे सौहार्द बिगड़े.अजमेर दरगाह के विवाद पर किरेन रिजिजू ने कहा कि हम किसी को कोई जवाब देने या दिखाने के लिए नहीं आएं हैं, बल्कि देश में सभी लोग अच्छे से रहे यही संदेश लेकर हम दरगाह आए हैं. उन्होंने कहा कि गरीब नवाज के यहां चाहे हिंदू हो, मुसलमान हो, बौद्ध हो, इसाई हो, सिख हो, पारसी हो, जैन हो सब आते हैं. सबके लिए यहां दरवाजा खुला है, सबका यहां स्वागत है. नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री होने के नाते पूरे देश की तरफ से मुझे भेजा है. मैं यहां प्रधानमंत्री के संदेश को पढूंगा. किरेन रिजिजू ने कहा कि ख्वाजा मोईनूद्दीन चिश्ती के बारे में पूरी दुनिया जानती हैं. लाखों लोग यहां आते हैं. हालांकि यहां आने के लिए लोगों को खास कर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी परेशानी होती है. हमारा अल्पसंख्यक मंत्रालय यहां के लिए कुछ नया लॉन्च करेगा.

### परीक्षा को जुनून के रूप में लिया जाए तो सफलता के मार्ग में कोई बाधा नहीं आती अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एनडीएमसी की एग्जाम वॉरियर पहल में छात्रों से बातचीत करते हुए कहा कि अगर परीक्षा को जुनून के रूप में लिया जाए तो सफलता के मार्ग में बाधा और तनाव कोई चिंता उत्पन्न नहीं होती। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि जीवन की प्रत्येक परीक्षा को जुनून के साथ लिया जाना चाहिए। इससे पूर्व उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद भी किया तथा उनसे उनकी चित्रकला की थीम से संबंधित प्रश्न भी पूछे। अश्विनी वैष्णव शनिवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक ÷एग्जाम वारियर्स÷ थीम पर एक कला महोत्सव - आर्टथॉन में छात्रों का मनोबल बढ़ा रहे थे। इस आयोजन में चाणक्यपुरी के स्कूलों के 4000 छात्रों ने भाग लिया।

# इसरो का कमाल, अंतरिक्ष में अंकुरित हुए लोबिया के बीज



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी कि इसरो नए एक और बड़ा कमाल किया है। इसरो ने अंतरिक्ष में लोबिया के बीजों को अंकुरित कराने में सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि जल्द ही इनमें से पत्ते भी निकलेंगे। बता दें कि इसके साथ ही इसरो ने कम गुरुत्वाकर्षण में पौधों की वृद्धि का अध्ययन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस प्रयोग से वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि कैसे होती है जिससे लंबे स्पेस ऑपरेशन्स में काफी मदद मिल सकती है। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ङ्ग' पर एक ट्वीट करके इस बारे में जानकारी दी। उसने लिखा, 'स्पेस में जीवन का आरंभ! VSSC का CROPS (कंपैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज) प्रयोग PSLV-C60 POEM-4 पर सफलतापूर्वक हुआ। चार दिन में लोबिया के बीजों में हुआ अंकुरण, पत्तियां जल्द ही निकलने की उम्मीद।'

बता दें कि लोबिया के इन बीजों को स्पेड ङ्ग मिशन के साथ 30 दिसंबर को PSLV C 60 रॉकेट से भेजा गया था।विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर द्वारा विकसित कंपैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज प्रयोग ने माइक्रोग्रैविटी यानी कि कम गुरुत्वाकर्षण में पौधों की वृद्धि का अध्ययन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। यह प्रयोग PSLV-C60 मिशन के POEM-4 प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया था, और इसके तहत सिर्फ 4 दिनों के भीतर लोबिया के बीजों को सफलतापूर्वक अंकुरित किया गया है, और अब पत्तियां निकलने की उम्मीद है।

CROPS का उद्देश्य यह समझना है कि अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि कैसे होती है, जो भविष्य के लंबे स्पेस ऑपरेशंस में फसल उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है।बता दें कि इस प्रयोग में लोबिया के 8 बीजों को एक नियंत्रित वातावरण में उगाया गया है, जिसमें सक्रिय थर्मल नियंत्रण है। इसके तहत उन परिस्थितियों का अनुकरण करने की कोशिश की गई है, जिनसे पौधे अंतरिक्ष यात्रा के दौरान गुजर सकते हैं। यह उपलब्धि भारत के अंतरिक्ष जीवविज्ञान अनुसंधान में एक बहुत बड़ा मील का पत्थर है। इस प्रयोग का यहां तक सफल होना अंतरिक्ष में पौधे उगाने की भारत की काबिलियत को दिखाता है।